# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2025

## गोरखपुर और मऊ इलाके में चोरियां करता था नूरेआलम

# मुठभेड़ में शातिर चोर को दबोचा, पैर में लगी गोली

**कार्रवाई**

- बड़हलगंज के कोड़ारी गांव में आधी रात को हुई पुलिस की मुठभेड़
- विभिन्न थानों में 15 से ज्यादा केस दर्ज हैं नूरेआलम के खिलाफ

**बड़हलगंज (गोरखपुर), हिन्दुस्तान संवाद।** बड़हलगंज थाना क्षेत्र में फोरलेन के पास स्थित कोड़ारी गांव में शुक्रवार की आधी रात को मुठभेड़ में पुलिस ने मऊ जिले के रहने वाले एक शातिर चोर के पैर में गोली मारकर गिरफ्तार कर लिया। गोरखपुर और मऊ जिले के विभिन्न थानों में उस पर 15 से ज्यादा केस दर्ज हैं। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि एक शातिर चोर फोरलेन के रास्ते बड़हलगंज कस्बे में चोरी के इरादे से आ रहा है। पुलिस ने फोरलेन स्थित कोड़ारी गांव के पास घेराबंदी की। इस बीच हरिजन टोला के पास एक युवक बाइक से आता हुआ दिखाई दिया। रुकने का इशारा किया गया तो वह पुलिस पर फायर कर बाइक छोड़कर हरिजन टोला के पास स्थित बाग की ओर भागने लगा। पुलिस टीम ने अपना बचाव करते हुए जवाबी कार्रवाई की। बाएं पैर में गोली लगने से वह घायल होकर वहीं गिर गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चोर की पहचान मऊ जिले के दोहरीघाट निवासी नूरेआलम के रूप में हुई है।

**शातिर पर 15 से अधिक आपराधिक मुकदमे:** पुलिस ने बताया कि शातिर चोर नूरेआलम के विरुद्ध गोरखपुर के बड़हलगंज, बेलीपर, शाहपुर, खोराबार और मऊ के जीयनपुर व मधुबन सहित विभिन्न थाने में 15 से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसके पास से 315 बोर का एक तमंचा, एक जिन्दा व दो फायर कारतूस तथा एक बाइक बरामद किया है।



मुठभेड़ में गिरफ्तार शातिर चोर।

### टीम में ये शामिल रहे

पुलिस टीम में थानाध्यक्ष चन्द्रभान सिंह, कस्बा इंचार्ज आदित्य उपाध्यक्ष, एसआई रितेश यादव, एसआई सुनील कुमार सिंह, कांस्टेबल सुनील वर्मा आदि शामिल रहे।

### पुलिस ने दस हजार के इनामी को दबोचा

पिपराइच। बेरोजगारों को विदेश भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करने व जानमाल की धमकी समेत अन्य मामलों के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित बंशीधर चौहान पर दस हजार रुपये का इनाम था। शुक्रवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। एसपी नार्थ जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र के जंगल अहमद अली शाह निवासी बंशीधर चौहान पर बेरोजगारों को विदेश भेजने के नाम पर सात लाख से अधिक की धोखाधड़ी, फर्जी पासपोर्ट जारी करने, सोलर पैनल लगाने, जमीन के नाम पर पैसा लेने, मांगने पर जान माल की धमकी देने आदि से संबंधित पिपराइच व महराजगंज जिले में आधा दर्जन से अधिक आपराधिक केस दर्ज है। गीता प्रेस निवासी काजू, जंगल अहमद अली शाह निवासी रमेश, करमवीर चौहान आदि से विदेश भेजने तथा तूरा बाजार निवासी वन्दना से जमीन दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी मामले में चार केस पिपराइच में दर्ज है। फरवरी 2025 में इस पर दस हजार का इनाम घोषित था, तभी से फरार चल रहा था। सूचना पर थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम आनंद सिंह व एसआई ज्योति नारायण तिवारी की टीम ने शुक्रवार को रेतवहिया के लालगंज रोड से दबोच लिया।

# बांके से हमले के आरोपित सिरफिरे पर मुकदमा दर्ज

**फॉलोअप**

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** शाहपुर इलाके के राप्तीनगर में गुरुवार को मुर्गा विक्रेता के विवाद के बाद टेलर सहित तीन लोगों पर हमला करने के आरोपित पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। नशे की हालत में गुरुवार की पूरी रात वह पुलिस वालों को अपशब्द बोल रहा था। शुक्रवार सुबह होश में आने के बाद वह माफी मांगने लगा। सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के बनकटी निवासी कन्हैया लाल शाहपुर इलाके के राप्तीनगर के पास बैग सिलने की दुकान चलाते हैं। गुरुवार देर रात करीब 10 बजे उनकी दुकान पर 12 वर्षीय बेटी शिवांगी व 14 वर्षीय बेटा शिवम भी मौजूद थे। बगल में ही एक मुर्गा विक्रेता दुकान लगाता है। रात में मुर्गा विक्रेता से एक युवक का विवाद हो गया। मुर्गा विक्रेता बचाव के लिए कन्हैया की दुकान में भाग गया। जहां सिरफिरा पहुंचा और मुर्गा विक्रेता कन्हैया पर हमला कर दिया।

## पथराव मामले में 10 नामजद सहित अज्ञात पर केस

**गोरखपुर।** राजघाट इलाके के हांसूपुर हार्बर्ट बंधे पर गुरुवार को जमीन विवाद मे दो पक्षों में विवाद हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने जमकर पत्थरबाजी की थी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। पुलिस ने दोनों पक्ष की तहरीर पर शुक्रवार को 10 नामजद और अज्ञात पर केस दर्ज किया। पुलिस दो लोगों को हिरासत में ली है। हार्बर्ट बंधे पर पन्नेलाल यादव अपने परिवार के राम बचन यादव, प्रिंस यादव, गुल्लू यादव के साथ मिलकर अपने जमीन पर निर्माण करा रहे थे। तभी भज्जू यादव अपने परिचित राकेश यादव, सजानंद यादव, सचिन यादव, भोला, शिवम यादव समेत 50 अन्य लोगों के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कराने का विरोध किया। मामला बढ़ने पर दोनों पक्ष में गाली गलौज और मारपीट शुरू हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में सड़क पर पत्थरबाजी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने हालात को काबू में किया। घटना के बाद एक पक्ष की ओर से विनय मझवार और दूसरे से राकेश यादव ने तहरीर दी।

### डीएम के अनुमोदन पर गीडा पुलिस ने दर्ज किया केस, रंगदारी न देने पर आरोपितों ने की थी मारपीट, गए थे जेल

# रंगदारी मांगने वाले संतोष गैंग पर गैंगस्टर

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** अवैध खनन करने और दूसरों से रंगदारी मांगने के मामले में हिस्ट्रीशीटर संतोष यादव व उसके साथियों पर गीडा थाने में गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने डीएम के अनुमोदन के बाद कार्रवाई की है। बड़हलगंज थाने के हिस्ट्रीशीटर संतोष यादव गिरोह का सरगना, जबकि कालेसर निवासी भोलू यादव उर्फ कृष्णपाल यादव, उसके भाई सोनू यादव उर्फ कृष्ण प्रताप यादव, शंभू यादव को सदस्य बनाया गया। इसमें से जमानत पर बाहर आए बदमाशों की पुलिस ने फिर से तलाश शुरू कर दी है।

29 नवंबर 2024 को आरोपितों पर सेन्दुली-बेन्दुली निवासी अमन सिंह ने केस दर्ज करा बताया था कि मारुति इंटरप्राइजेज के नाम से खनन विभाग का पट्टा लिया है, जो कि ग्राम जमुआड़ थाना चिलुआताल में चलता है। बगल मे संतोष यादव भी अवैध खनन कराता है। संतोष उनके कर्मचारी विजयपाल यादव से रंगदारी मांगता था। इसी पैसे को मांगने के लिए 29 नवंबर की रात 11 बजे वह विजयपाल यादव को शंभू ढाबा कालेसर पर बुलाया था।

इसकी सूचना विजयपाल ने रात 12.30 बजे अपने दोस्त आकाश पासवान, शिवम यादव को देने के साथ स्कार्पियो से शिवम को उसके गांव बोक्टा छोड़ने जा रहा था कि शम्भू ढाबा पर संतोष भोलू, सोनू, शम्भू, पंकज यादव और 10 अन्य के साथ गाड़ी रोककर असलहा लहराते हुए लाठी-डंडा से हमला दिए। उसे मरा हुआ समझ कर छोड़ भागे थे।



आरोपित सन्तोष यादव, सोनू यादव, शंभू यादव और भोलू यादव। (बाएं से दाएं)

- बड़हलगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर है संतोष
- अन्य आरोपितों पर भी कई केस

**गीडा की जमीन में खनन कर बनाया था गड्ढा**

जुलाई 2024 में गीडा में आरोपितों पर केस दर्ज किया गया था। तब आरोप था कि गीडा की जमीनों में खनन कर इन लोगों ने गड्ढा बना दिया था। गीडा की शिकायत पर खनन विभाग के निरीक्षक अमित सिंह की तहरीर पर पुलिस ने इस पर केस दर्ज कर कार्रवाई की थी।

अवैध रूप से खनन और जबरन वसूली करने वाले गिरोह पर गीडा थाने में गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपितों की अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की जाएगी।
– **जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव**, एसपी नार्थ

# जालसाजी के आरोपित पर दर्ज गैंगस्टर रद किया

- आपराधिक कृत्य की सूचना न देने की खामी पर हाईकोर्ट ने किया रद
- जमीन की जालसाजी के कई केस दर्ज होने के बाद लगा था गैंगस्टर

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** एम्स इलाके में भूमि बेचने के नाम पर कई लोगों से जालसाजी और रुपये हड़पने के आरोपित ओमप्रकाश पांडेय पर की गई गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई को हाईकोर्ट ने रद कर दिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते समय आपराधिक कृत्य नहीं बताया था। इसी खामी का फायदा आरोपितों को मिला है।

13 अगस्त 2021 को तत्कालीन कैंट थानेदार सुधीर सिंह मोहद्दीपुर में रहने वाले ओमप्रकाश पांडेय, महादेव झारखंडी के सनी देवल, धीरज साहनी उर्फ धीरेंद्र और संजय पांडेय पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने नौ फरवरी 2023 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। 10 फरवरी 2023 को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट), गोरखपुर ने संज्ञान लेकर समन जारी कर दिया। आरोपितों ने अपराध बताए बिना गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई होने की दलील देते हुए हाईकोर्ट में अपील की थी। दलील को सही मानते हुए कोर्ट ने आरोपितों के विरुद्ध भेजेसमन आदेश को निरस्त कर दिया। हालांकि कोर्ट ने कहा कि भविष्य में अधिकारी कानूनी तरीके से दोबारा कार्रवाई कर सकते हैं।

# दवा ही नहीं अब जांच में भी माफिया...महंगे दामों पर बाहर अल्ट्रासाउंड करवा रहीं एजेंट

## जिला महिला अस्पताल : निजी सेंटर की एजेंट बहका कर ले जाती हैं, महंगे दाम पर करा देती हैं जांच

अमर उजाला पड़ताल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मरीज माफिया के शिकंजे से जिला महिला अस्पताल भी अछूता नहीं है। सिर्फ दवा ही नहीं, जांच के लिए भी मरीजों को जेब ज्यादा ढीली करनी पड़ रही है। परिसर से लेकर गेट पर चाय की दुकान तक कुछ महिलाएं खुले तौर पर मंडराती दिखती हैं।

अस्पताल में एक ही अल्ट्रासाउंड मशीन काम कर रही है और एक दिन में 40 अल्ट्रासाउंड ही होते हैं। ये एजेंट इसी का फायदा उठाती हैं। खुद को आशा कार्यकर्ता बताकर अल्ट्रासाउंड कराने आई ग्रामीण महिलाओं को झांसे में लेती हैं और निजी सेंटरों पर जांच कराने के लिए भेज देती हैं।

शुक्रवार को दोपहर 12:35 बजे के करीब महिला अस्पताल के अल्ट्रासाउंड सेंटर पर जांच कराने गई एक महिला निराश लौट रही थी। बाहर आते ही एक महिला ने उसे रोका और बातचीत शुरू की। अपनी बातों में लेकर पहले वह चाय की दुकान पर गई। दोनों ने साथ में चाय पी और इसके बाद वह जांच के लिए उसे लेकर एक निजी केंद्र में चली गई। सूत्रों ने बताया कि यह खेल जांच के साथ ही दवाओं में भी होता है। महिलाएं मरीजों और तीमारदारों को झांसे में लेकर बाहर मेडिकल स्टोर पर लेकर जाती हैं। वहां हर मरीज पर उन्हें कमीशन मिलता है।

**मजबूरी में मरीज जाते हैं निजी सेंटर :** अस्पताल में फिलहाल दो अल्ट्रासाउंड मशीनें हैं लेकिन इनमें से एक करीब डेढ़ माह से खराब है। ऐसे में जांच का दबाव दूसरी मशीन पर आ गया है। कई बार महिलाओं और कर्मचारियों के बीच नोकझोंक भी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि महिला अस्पताल के अल्ट्रासाउंड केंद्र पर सुबह आठ से दोपहर 12 बजे तक करीब 40 मरीजों की ही जांच हो पाती है। इस वजह से नंबर लगने के बाद भी कई महिलाओं को निराश लौटना पड़ता है। शुक्रवार को पीढ़ा इलाके से आईं दो महिलाओं ने नंबर लगाया था। काफी देर तक लाइन में लगी रहीं लेकिन 12:30 बजे के बाद उन्हें कहा गया कि जांच नहीं हो पाएगी। इसके बाद वह लौट गईं। फिर उनसे बाहर खड़ी कुछ महिलाएं बात करने लगीं और उन्हें निजी सेंटर का कार्ड थमा दिया। इस संबंध में अफसरों से बातचीत की कोशिश की गई लेकिन उन्होंने इन्कार कर दिया।





जिला महिला अस्पताल में निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर की एजेंट सक्रिय हैं। ये खुद को आशा कार्यकर्ता बताकर अल्ट्रासाउंड कराने आई ग्रामीण महिलाओं को झांसे में लेती हैं और फिर बाहर निजी सेंटरों पर लेकर चली जाती हैं। अमर उजाला

### मरीजों को झांसे में लेने के लिए एजेंट खुद को बताती हैं आशा कार्यकर्ता


एम्स गेट पर मंडराते हैं माफिया.. मरीजों को बहकाकर खरीदवाते हैं महंगी दवाएं

22 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### झांसे में लेकर थमाती हैं कार्ड

सूत्रों ने बताया कि अल्ट्रासाउंड सेंटर के पास कई महिलाएं हाथ में पर्स टांगकर घूमती रहती हैं। वे उन महिलाओं को झांसे में लेती हैं जो अकेली आई रहती हैं। भीड़ और गलत रिपोर्ट की बात बताकर उन्हें अपने जाल में फंसा लेती हैं। इसके बाद वह बाहर किसी निजी जांच केंद्र पर लेकर चली जाती हैं। कई महिलाएं हाथ में पानी की बोतल लेकर भी घूमती रहती हैं। ये खुद को मरीज बताकर महिलाओं से बातचीत शुरू करती हैं। झांसे में लेने के बाद निजी जांच केंद्र का कार्ड देकर वहां भेज देती हैं।



महिला अस्पताल के सामने मेडिकल स्टोर पर दवा खरीदतीं महिलाएं। अमर उजाला

**केस 1** खोराबार क्षेत्र की रहने वाली रेखा देवी गर्भावस्था की जांच कराने के लिए सुबह नौ बजे अस्पताल पहुंचीं। नंबर पहले ही पूरे हो चुके थे। बाहर खड़ी एक महिला ने खुद को आशा कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि यहां जांच समय पर नहीं होगी और रिपोर्ट भी गलत मिल सकती है। उसने निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर का पता दिया और कहा कि वहां तुरंत जांच हो जाएगी। रेखा देवी को वहां एक हजार रुपये खर्च करने पड़े।

**केस 2** गुलरिहा की रहने वाली शबाना खातून सुबह 11 बजे अस्पताल पहुंचीं लेकिन तब तक नंबर खत्म हो चुका था। बाहर मौजूद दो महिलाएं उन्हें बार-बार कहती रहीं कि सरकारी सेंटर पर मशीन खराब रहती है और यहां जांच कराने से रिपोर्ट गलत आती है। वे उन्हें एक खास निजी सेंटर का पर्चा भी देने लगीं। शबाना को मजबूरी में बाहर जाकर जांच करानी पड़ी, जिसके लिए उन्होंने 1200 रुपये खर्च किए।

# 100 से अधिक विदेशियों के बना डाले आधार कार्ड

## एटीएस को आरोपी राजू से मिली जानकारी, तीन हजार रुपये तक वसूलता था, भेजा गया जेल

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रोहिंग्या, बांग्लादेशी व अन्य विदेशी नागरिकों का फर्जी आधार कार्ड बनाने के मामले में पकड़े गए चौरीचौरा के चौरा खास निवासी राजीव तिवारी उर्फ राजू 10वीं तक ही पढ़ा है। उसने एक साल में 100 से अधिक आधार कार्ड और अन्य पहचान पत्र बनाकर लोगों को मुहैया कराए हैं। इसके लिए वह एक से तीन हजार रुपये तक वसूलता था।

यह जानकारी एटीएस को उससे पूछताछ में मिली है। एटीएस ने शुक्रवार को पकड़े सभी आरोपियों को कोर्ट में पेश किया। वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

सूत्रों के मुताबिक, राजू ने अब तक किन-किन लोगों को फर्जी आधार कार्ड व पहचान पत्र मुहैया कराए हैं, इसके बारे में पड़ताल की जा रही है। पकड़े गए आरोपी सॉफ्टवेयर के माध्यम से आधार के पुराने डाटा को मिटाकर विदेशी नागरिकों को फर्जी आधार कार्ड बनाकर पहुंचाते थे। इसकी एवज में लोगों से एक हजार से तीन हजार रुपये तक वसूली करते थे।

पुलिस अब गिरफ्तार किए गए आरोपियों के मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल व लैपटॉप में मिले डाटा के जरिये गिरोह के अन्य गुर्गों की तलाश में जुटी है। इसके साथ ही जिन लोगों को फर्जी आधार कार्ड मुहैया कराया गया, उनकी भी तलाश की जा रही है। हालांकि, पुलिस अधिकारी स्पष्ट तौर पर कुछ भी बताने से इन्कार कर रहे हैं।

### हाल ही में खरीदी थी कार, गोरखपुर में करता था काम

*राजू के पड़ोसियों ने बताया कि उसकी आर्थिक स्थिति पहले से ठीक है। पिता अवधेश तिवारी कोयले की खदान में काम करते थे। शुरुआती दौर में उसने चौरीचौरा में दुकान खोली थी लेकिन एक साल से घर पर ही रह रहा था। हाल ही में उसने एक कार खरीदी थी। वह अक्सर काम के सिलसिले में गोरखपुर जाया करता था। परिजन भी गोरखपुर में नौकरी करने की बात कहा करते थे। उन्हें क्या पता था कि वह फर्जी आधार कार्ड बनाने के सिलसिले में गोरखपुर जाता है।*


घुसपैठियों के बनाते थे फर्जी आधार कार्ड गोरखपुर के युवक समेत आठ गिरफ्तार

22 अगस्त को प्रकाशित खबर।

### घर में ताला बंद कर लखनऊ पहुंचे परिजन

ग्रामीणों ने बताया कि एटीएस जब राजीव के घर पहुंची तो परिवार के लोग अयोध्या गए थे। ग्रामीणों ने जब घटना की जानकारी दी तो परिजन घर न आकर सीधे लखनऊ स्थित एटीएस कार्यालय पहुंचे लेकिन वहां अधिकारियों ने मिलने से इन्कार कर दिया। हालांकि परिजन बेटे को निर्दोष बताते हुए लखनऊ में अधिकारियों और राजनेताओं के चक्कर लगा रहे हैं।

# हार्बर्ट बंधे पर पत्थरबाजी में दोनों पक्षों पर केस

**राजघाट थाना क्षेत्र में हुई थी घटना, पुलिस दो को हिरासत में लेकर कर रही जांच**

**गोरखपुर।** राजघाट थाना क्षेत्र के हांसूपुर हार्बर्ट बंधे पर बृहस्पतिवार की दोपहर भूमि विवाद में दो पक्षों में मारपीट और पत्थरबाजी हो गई। दोनों तरफ से ईंट-पत्थर चलने से अफरातफरी का माहौल बन गया। इस दौरान कई लोग घायल हो गए। शुक्रवार को पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर करीब 10 नामजद और अज्ञात पर केस दर्ज किया। साथ ही दो लोगों को हिरासत में लेकर जांच कर रही है। बृहस्पतिवार की दोपहर करीब तीन बजे पन्नेलाल यादव अपनी जमीन पर निर्माण करा रहे थे। आरोप है कि तभी भज्जू यादव 50 लोगों के साथ मौके पर पहुंचे। निर्माण का विरोध करने लगे। इसी बीच गालीगलौज के बाद मारपीट शुरू हो गई। दोनों पक्षों में सड़क पर पत्थरबाजी शुरू हो गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर घायलों को अस्पताल भिजवाया। ब्यूरो

# तत्कालीन आरटीसी प्रभारी पाए गए दोषी डीआईजी-सेनानायक भी जांच के घेरे में

## महिला रिक्रूट हंगामा : परिनिंदा प्रविष्टि से दंड का सुझाव, सर्विस बुक में होगा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** 26वीं वाहिनी पीएसी के रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर (आरटीसी) में अव्यवस्था के विरोध में महिला रिक्रूट्स के हंगामे के मामले की विभागीय जांच पूरी हो गई है। इसमें तत्कालीन आरटीसी प्रभारी संजय राय लापरवाही बरतने के दोषी पाए गए हैं। जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में उनके खिलाफ परिनिंदा (अनुशासनहीनता और लापरवाही) का आरोप तय कर दंड का सुझाव दिया है।

वहीं तत्कालीन डीआईजी रोहन पी कनय और सेनानायक आनंद कुमार के खिलाफ शासन स्तर से जांच चल रही है। जांच अधिकारी जल्द ही अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेंगे।

बीते 23 जुलाई को ट्रेनिंग सेंटर में अव्यवस्था व अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाकर महिला रिक्रूट्स ने पीएसी गेट के बाहर हंगामा किया था। पुलिस मुख्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी पीएसी अरुण कुमार श्रीवास्तव को जांच सौंपी थी। प्राथमिक जांच में दोषी पाए जाने पर आरटीसी प्रभारी संजय राय और सेनानायक आनंद कुमार को निलंबित कर दिया गया था।

इसी दिन देर शाम शासन ने पीटीएस के डीआईजी रोहन पी कनय को भी हटाते हुए उनके विरुद्ध भी जांच बैठा दी थी। आरोप है कि उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को पत्र भेजकर सभी महिला रिक्रूट्स की प्रेग्नेंसी जांच कराने को कहा था। इसके बाद से तीनों अधिकारियों के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कर दी गई। राजपत्रित अधिकारी होने के चलते डीआईजी रोहन पी कनय और तत्कालीन सेनानायक आनंद कुमार की विभागीय जांच शासन स्तर से की जा रही है।

वहीं आरटीसी प्रभारी की जांच स्थानीय स्तर से की जा रही थी। आरटीसी प्रभारी के खिलाफ चल रही जांच पूरी हो गई है। इसकी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी गई है। पीएसी सूत्रों के अनुसार, जांच अधिकारी ने तत्कालीन आरटीसी प्रभारी को लापरवाही बरतने, महिला रिक्रूट्स के साथ अभद्र व्यवहार करने और अधिकारियों को सूचना न देने के आरोप में दोषी जाए जाने पर परिनिंदा प्रविष्टि से दंडित करने का सुझाव दिया है।



बीते 23 जुलाई को पीएसी 26वीं वाहिनी के मुख्य गेट के बाहर प्रदर्शन करतीं महिला आरक्षी। फाइल फोटो



भ्रष्टाचार की भी आशंका...10 साल में हुई खरीद की खंगाली जा सकती हैं फाइलें

29 जुलाई को प्रकाशित खबर।

*आरटीसी प्रभारी के खिलाफ चल रही विभागीय जांच पूरी हो गई है। इसमें आरटीसी प्रभारी दोषी पाए गए हैं। वहीं राजपत्रित अधिकारी होने के चलते सेनानायक समेत अन्य अधिकारियों की जांच शासन स्तर की जा रही है।*
**- डॉ. प्रीतिंदर सिंह, आईजी पीएसी मध्य जोन**

**तत्कालीन डीआईजी और सेनानायक के खिलाफ भी शासन स्तर से हो रही जांच**

### क्या है परिनिंदा

पुलिस नियमावली के अनुसार, परिनिंदा एक तरह से अनुशासनात्मक कार्रवाई होती है। इसे पुलिस सर्विस बुक में दर्ज किया जाता है। परिनिंदा के अंतर्गत किसी पुलिस अधिकारी पर कदाचार और अनुशासनहीनता के आरोप लगाए जाते हैं। पुलिस अधिकारी को उसकी गलती पर सार्वजनिक रूप से डांटना और उसे सुधार का मौका देना होता है।

# रुपये लौटाने के बाद भी सूदखोरों ने घर में घुसकर पीटा, केस

**गुलरिहा।** सेमरा नंबर-एक में एक लाख के बदले सवा लाख रुपये लौटाने के बाद भी सूदखोर और रुपये की मांग कर रहे हैं। इनकार करने पर सूदखोरों ने पीड़ित से मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

महराजगंज जिले के ठूठीबारी थाना क्षेत्र के पिपरा निवासी स्वामीनाथ गुलरिहा क्षेत्र के सेमरा नंबर-एक स्थित बेला स्कूल के पास परिवार के साथ किराए के मकान में रहते हैं। उन्होंने घरेलू काम के लिए महराजगंज के असहवा निवासी रघुनाथ प्रजापति से एक लाख रुपये सूद पर लिए थे। इसकी एवज में वह पहले ही सवा लाख रुपये लौटा चुके हैं।

आरोप है कि 16 अगस्त की दोपहर रघुनाथ, विकास साहनी और दो अज्ञात युवक स्वामीनाथ के घर पहुंचे। उन्होंने और रुपये की मांग की। इनकार पर चारों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। संवाद

# पिटाई से क्षुब्ध विवाहिता ने की खुदकुशी, पति-सास पर केस

**सरहरी (गुलरिहा)।** गुलरिहा इलाके के महराजगंज गांव के सेवईं टोला निवासी दीपक चौबे की पत्नी काजल (25) ने बृहस्पतिवार रात फंदे से लटक कर जान दे दी। आरोप है कि पति शराब का आदी है। वह नशे में अक्सर विवाहिता को पीटता था। पिटाई से क्षुब्ध होकर विवाहिता ने खुदकुशी कर ली। पुलिस ने पति और सास पर केस दर्ज कर लिया है। हरिशंकर चौबे के बेटे दीपक चौबे की शादी फरवरी 2022 में करमौरा निवासी रविंद्र दुबे की बेटी काजल से हुई थी। आरोप है कि बृहस्पतिवार की रात में भी दीपक ने काजल के साथ मारपीट की थी। पुलिस ने काजल के भाई ऋतिक की तहरीर पर पति और ससुर कुसुमा पर दहेज प्रताड़ना का केस दर्ज कराया है। थाना प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। संवाद

# मुठभेड़ : लूट के आरोपी को दबोचा

## मऊ के दोहरीघाट का है रहने वाला, जवाबी फायरिंग में बाएं पैर में लगी गोली

संवाद न्यूज एजेंसी

**बड़हलगंज (गोरखपुर)।** बड़हलगंज थाना क्षेत्र के कोड़ारी गांव के पास शुक्रवार की सुबह पुलिस और एक बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर गया। पुलिस ने उसे दबोच लिया। उसकी पहचान मऊ के दोहरीघाट निवासी नूर आलम के रूप में हुई है। उस पर गोरखपुर में चोरी और लूट समेत एक दर्जन से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

पुलिस को सूचना मिली कि एक बदमाश बाइक से बड़हलगंज की ओर आ रहा है। इस पर थाना प्रभारी चंद्रभान सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोड़ारी गांव के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद बाइक सवार बदमाश वहां पहुंचा। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो उसने फायरिंग कर दी और बाइक छोड़कर बाग की ओर भागने लगा।



पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया आरोपी नूर आलम। स्रोत-पुलिस

पुलिस टीम ने उसका पीछा करते हुए जवाबी फायरिंग की। इस दौरान बदमाश के बाएं पैर में गोली लग गई और वह गिर गया। उसकी पहचान नूर आलम के रूप में हुई। पुलिस ने उसे उपचार के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और बाद में जिला अस्पताल भेजा। मुठभेड़ के बाद मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने बदमाश के पास से बाइक व तमंचा बरामद किया है।

### गोरखपुर के थानों में चोरी और लूट समेत दर्ज हैं 12 से अधिक मामले

एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि नूर आलम के खिलाफ बड़हलगंज, जीयनपुर और मधुबन थानों में चोरी, लूट और अन्य गंभीर धाराओं में लगभग एक दर्जन केस दर्ज हैं। आरोपी हाल ही में जेल से छूटने के बाद फिर अपराध करने लगा था।

# फर्जी दस्तावेज के सहारे नौकरी करने वाली शिक्षिका पर दर्ज हुआ केस

**पिपराइच।** क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कोनी में तैनात निलंबित शिक्षिका ज्योति अग्रवाल के खिलाफ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (डीबीईओ) ने जालसाजी और धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। आरोप है कि उन्होंने कूटरचित दस्तावेज का उपयोग कर आरक्षण का अवैध लाभ उठाया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की तहरीर के अनुसार, ज्योति अग्रवाल सामान्य जाति की हैं। उन्होंने पिछड़ा वर्ग (कलवार) के नाम से बना प्रमाणपत्र हासिल किया, जो कि ज्योति जायसवाल (पत्नी रामभरत जायसवाल) के नाम से जारी था। इस प्रमाणपत्र का उपयोग कर उन्होंने विशिष्ट बीटीसी-2008 (विशेष चयन) प्रशिक्षण कार्यक्रम में दाखिला लिया। इसके बाद कोनी प्राथमिक विद्यालय में नौकरी भी प्राप्त की। शिक्षा विभाग में हुई जांच में यह मामला सामने आया कि सामान्य जाति की होने के बावजूद ज्योति अग्रवाल ने पिछड़ी जाति का प्रमाणपत्र बनवाकर उसका लाभ उठाया। जांच रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि कूटरचित दस्तावेज के आधार पर सरकारी नौकरी तक हासिल की। मामला तब उजागर हुआ जब एक साल पहले राजघाट थाना क्षेत्र के तुर्कमानपुर निवासी आशीष गुप्ता ने शिक्षा विभाग में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के आधार पर विभाग ने मामले की जांच शुरू की और दस्तावेजों में अनियमितताओं का पता चला। संवाद

## गोलघर से 43 वाहन उठाए

**गोरखपुर।** नगर निगम ने गोलघर क्षेत्र में सड़क किनारे अवैध रूप से खड़ी गाड़ियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की है। शुक्रवार को पहले ही दिन कचहरी चौराहा से गोलघर काली मंदिर तक अभियान चलाकर 43 वाहन उठाए गए। इनमें 40 दोपहिया और तीन चार पहिया वाहन शामिल हैं। निगम ने गोलघर को नो पार्किंग और नो वेंडिंग जोन घोषित किया है। लोगों से अपील की है कि वाहन मल्टीलेवल पार्किंग में ही खड़े करें। नियुक्त एजेंसी क्रेन की मदद से वाहनों को उठाकर मल्टीलेवल पार्किंग पहुंचा रही है। शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर से राजेंद्र नगर तक नगर निगम और यातायात पुलिस ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान तीन स्टील काउंटर, एक ठेला और 18 होर्डिंग जब्त किए गए। मौके पर 6200 रुपये जुर्माना वसूला गया। जब्त सामग्री को सुभाष नगर स्थित स्टोर में रखा गया है। कार्रवाई में नगर निगम प्रवर्तन दल, पुलिस बल और सफाई निरीक्षक आनंद कुमार शामिल रहे। संवाद

**सख्ती** ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन बिल पास होने से सटोरियों पर कसेगा शिकंजा

# ऑनलाइन गेम की आड़ में चल रही सट्टेबाजी पर अब लगेगा प्रतिबंध

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में चल रही सट्टेबाजी पर अब शिकंजा कसने वाला है। सरकार द्वारा पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन बिल में सटोरियों के खिलाफ कड़े प्रावधान किए गए हैं। इससे न केवल अवैध कमाई पर रोक लगेगी, बल्कि युवा वर्ग को आर्थिक और मानसिक नुकसान से भी बचाया जा सकेगा।

पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, पिछले साल शहर में 32 सटोरियों के खिलाफ कार्रवाई हुई थी, लेकिन अधिकतर आरोपी थाने से जमानत पर छूट गए थे। इन सटोरियों ने ऑनलाइन गेमिंग को ढाल बनाकर अवैध तरीके से लाखों रुपये कमाए थे। नए कानून के तहत अब पुलिस को अधिक

### पिछले साल 32 सटोरियों के खिलाफ हुई थी कार्रवाई, थाने से हो गई थी जमानत

अधिकार मिलेंगे और नियम तोड़ने वाले सीधे जेल जा सकते हैं।

एसएसपी राजकरन नय्यर ने थाना प्रभारियों और वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि सभी बड़े सटोरियों को चिह्नित कर उनके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग केंद्रों और इंटरनेट कैफे की नियमित निगरानी की जाएगी। साथ ही मोबाइल और डिजिटल लेनदेन की जांच भी तेज की जाएगी।

**सट्टेबाजी से बदनामी झेलते हैं युवा**

समाजशास्त्री डॉ. मनीष पांडेय ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग का असली उद्देश्य मनोरंजन और कौशल विकास है, न कि सट्टेबाजी। सट्टेबाजी में शामिल युवा आर्थिक नुकसान, मानसिक तनाव और सामाजिक बदनामी झेलते हैं। बिल लागू होने से यह प्रक्रिया नियंत्रित होगी और गेमिंग का सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

> ऑनलाइन गेम में सट्टा लगाना पहले से ही अपराध की श्रेणी में आता है। अब एप बंद होने से सटोरियों पर लगाम कसेगी। सभी थानों को निर्देश दिए गए हैं कि वे डिजिटल साक्ष्यों के आधार पर सटोरियों की पहचान कर तत्काल कार्रवाई करें। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में युवाओं को जागरूक करने के लिए अभियान भी चलाया जाएगा।
>
> **- राजकरन नय्यर**, एसएसपी

# सुबह दबाया बुआ का गला...रात में दर्जी पर बांका से हमला

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** शाहपुर इलाके के राप्तीनगर हाइडिल तिराहा के पास बृहस्पतिवार को एक युवक ने दर्जी और उसके दो बच्चों पर बांका से हमला कर दिया था। शुक्रवार को पीड़ित कन्हैया लाल की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। आरोपी ने बृहस्पतिवार की अपनी बुआ का गला भी दबाया था।

**शाहपुर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की घटना पुलिस ने दर्ज किया केस**

जानकारी के अनुसार, बस्ती जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के बनकटी निवासी कन्हैया लाल शाहपुर इलाके के राप्तीनगर के पास बैग सिलने की दुकान चलाते हैं। बृहस्पतिवार देर रात करीब 10 बजे उनकी दुकान पर 12 वर्षीय बेटी शिवांगी व 14 वर्षीय बेटा शिवम भी मौजूद थे। बगल में स्थित मुर्गा विक्रेता से युवक का विवाद हो गया।

आरोपी ने मुर्गा काटने वाला बांका उठाकर विक्रेता को दौड़ा लिया। बचने के लिए मुर्गा विक्रेता, कन्हैया की दुकान में पहुंचा और कन्हैया के पीछे छिपने लगा। बांका लिए आरोपी भी वहां पहुंच गया। उसने कन्हैया पर ही हमला कर दिया। घटना की सूचना पकर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया था। सीओ गोरखनाथ रवि कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# ब्याज नहीं देने पर दबंगों ने पीटा, केस दर्ज

जासं, गोरखपुर : सेमरा नंबर एक में किराए के मकान में रह रहे स्वामीनाथ को दबंगों ने घर में घुसकर पीटा। आरोप है कि ब्याज नहीं देने पर दबंग गाली दे रहे थे, जिसका उन्होंने विरोध कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर गुलरिहा थाना पुलिस ने महराजगंज कोतवाली के रघुनाथ प्रजापति, शाहपुर थाना के सालिकराम निवासी विकास साहनी और दो अज्ञात पर केस दर्ज किया।

महराजगंज के ठूठीबारी के पिपरा निवासी स्वामीनाथ गुलरिहा के में किराए के कमरे में परिवार के साथ रहते हैं। घरेलू कार्य से महराजगंज कोतवाली के अस्हवा निवासी रघुनाथ प्रजापति से एक लाख रुपये उधार लिया था। पुलिस को दिए तहरीर में स्वामीनाथ ने बताया कि रघुनाथ के खाते में उसने एक लाख 25 सौ रुपये दे दिए हैं। इसके बाद भी वह ब्याज मांग रहे हैं। 16 अगस्त की दोपहर में रघुनाथ, विकास व दो अन्य साथियों संग उसके पास ब्याज का रुपया मांगने आया था। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। सीओ गोरखनाथ रवि सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई कर पुलिस जांच कर रही है।

# विदेश भेजने के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार

## वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने रखा था 10 हजार रुपये का इनाम, गैंगस्टर एक्ट में होगी कार्रवाई

- युवकों को झांसा देकर पासपोर्ट और मार्कशीट हड़प वसूलता था रुपये
- सोलर पैनल व भूमि दिलाने के नाम पर भी लोगों से करता था ठगी

पिपराइच : विदेश में नौकरी दिलाने का सपना दिखाकर बेरोजगार युवकों से लाखों रुपये ऐंठने वाले ठग वंशीधर चौहान को पिपराइच पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने उसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। रेतवहिया-लालगंज रोड से पकड़े गए वंशीधर पर छह से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। दोपहर बाद पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने शुक्रवार की दोपहर थाने में प्रेस वार्ता कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वंशीधर चौहान, जंगल अहमद अली शाह गांव का रहने वाला है। बेरोजगार युवकों को विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर अपनी जाल में फंसाता था। कार्यालय खोलकर वह पासपोर्ट, फोटो और मार्कशीट जमा करवाने के बाद वीजा




पिपराइच थाने में प्रेस वार्ता करते एसपी उत्तरी जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव • जागरण

दिलाने के नाम पर रुपये वसूल लेता था। पैसे देने के बाद जब पीड़ित विदेश जाने की प्रक्रिया या नौकरी की जानकारी मांगते तो वंशीधर बहानेबाजी करने के साथ ही रुपये हड़प लेता था।

इसके अलावा, वह सोलर पैनल और जमीन दिलाने के नाम पर भी लोगों
धोखाधड़ी करता था। पुलिस जांच
सामने आया उसने शहर के इस्माइलपु
में रहने वाले काजू कुरैशी, रमेश
महराजगंज जिले के बरगदवा निवास
कर्मवीर चौहान व तुरा बाजार की वंदन
चौहान से सात लाख रुपये से अधिक क
ठगी कर चुका है। मुकदमा दर्ज होने
बाद वंशीधर पिछले छह माह से फरा
था। फरवरी, 2025 में एसएसपी ने उसक
गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इना
घोषित किया था। शुक्रवार को थानेद
पुरुषोत्तम आनंद सिंह, जंगलधूषण चौक
इंचार्ज ज्योति नारायण तिवारी की टीम
उसे दबोच लिया। एसपी ने बताया कि
वंशीधर पर 2024 में पिपराइच थाने
चार मुकदमे दर्ज हुए हैं, जबकि कु
अन्य केस महराजगंज जिले में भी द
हैं। उसके विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट क
कार्रवाई की जाएगी।

# बेटे से मिलने निकले पिता का रेलवे लाइन पर मिला शव

नई बाजार : झंगहा के नौवावारी पलिपा के रहने वाले विनोद गुप्ता का शव गुरुवार को धर्मशाला रेलवे पुल के पास रेलवे लाइन पर मिला। वह घर से बेटे के पास जाने के लिए निकले थे, उनका बेटा अहमदाबाद स्पोर्ट्स कालेज में पढ़ता है। जीआरपी की सूचना पर मौके पर पहुंचे स्वजन ने पहचान की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जीआरपी मौत के कारणों की जांच कर रही है। विनोद के दो बेटे और एक बेटी हैं। पत्नी सुनीता का कहना है कि विनोद गुरुवार को बड़े बेटे के पास जाने की बात कहकर निकले। रात दो बजे के करीब जीआरपी पुलिस चाचा पास फोन कर दुर्घटना में विनोद के घायल होने की सूचना दी। इसके बाद जब वह लोग पहुंचे तो उनकी मौत हो चुकी थी।

# रेलवे क्वार्टर में मिला आरपीएफ लिपिक का शव, बिखरी थीं दवाएं

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : रेलवे स्टेडियम कालोनी में रहने वाले रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) में वरिष्ठ लिपिक का शव कमरे में मिला। दोपहर तक आफिस न पहुंचने पर सहकर्मियों ने सूचना कैंट थाना पुलिस को दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया तो बेड पर सैय्यद एहतेशाम हैदर का शव पड़ा था। पास में दवाएं बिखरी थीं, जिससे बीमारी की आशंका जताई जा रही है।

रेलवे स्टेडियम कालोनी में मऊ जिले के मुहम्मदाबाद, गोहना स्थित नगदीपुर में रहने वाले सैय्यद एहतेशाम हैदर (50) रेलवे स्टेडियम कालोनी में स्थित सरकारी क्वार्टर में रहते थे। वह आरपीएफ सहायक सुरक्षा आयुक्त गोरखपुर क्षेत्र के कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक के पद पर तैनात थे।

शुक्रवार सुबह जब वह सुबह कार्यालय नहीं पहुंचे तो कर्मचारियों ने उन्हें फोन करना शुरू किया, लेकिन जवाब न मिलने पर संदेह गहराया। दोपहर बाद सहकर्मियों ने कैंट पुलिस को सूचना दी। दोपहर दो बजे फोरेंसिक टीम के साथ कैंट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। काफी कोशिश के बावजूद जब कमरे के अंदर से कोई जवाब नहीं मिला तो दरवाजा तोड़ा। अंदर प्रवेश करने पर सैय्यद एहतेशाम हैदर का शव बेड पर अर्धनग्न अवस्था में पड़ा था और दवाएं बिखरी थीं। छानबीन में शरीर पर चोट का कोई निशान नहीं मिला। प्राथमिक तौर पर हार्ट अटैक से मृत्यु की आशंका जताई जा रही है। सीओ कैंट योगेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार को घटना की जानकारी दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु की वजह साफ होगी।

# चोर गिरफ्तार, सामान बरामद

हरपुर-बुदहट : थाना के जबरैला बिसखोहर गांव के जंगल अव्वल टोला में मथौली निवासी विरेंद्र यादव का ईंट-भट्ठा है। किन्हीं कारणों से यह तीन साल से बंद है। ईंट-भट्ठा में प्रयुक्त होने वाला सामान आफिस व लेबरों के झोपड़ी में रखा गया था। जंगल अव्वल निवासी जितेंद्र कुमार धीरे-धीरे सामान चुरा ले गया। 20 अगस्त की सुबह आठ बजे सामान चुरा कर ले जाते समय मालिक ने देख लिया। पूछने पर गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी। डायल-112 पर उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे थाने लाई। थानाध्यक्ष मदन मोहन मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर चोरी के आरोपित जितेंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से सामान बरामद किया गया। आवश्यक कार्रवाई पूर्ण कर आरोपित को जेल भेज दिया गया। उसके विरुद्ध पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने की खुदकुशी

पीपीगंज : नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 श्याम नगर लमुहिया में पत्नी से विवाद के बाद चंद्रीका चौहान ने शुक्रवार की शाम खुदकुशी कर ली। सूचना पर पहुंची पीपीगंज थाना पुलिस शव को नीचे उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चंद्रीका चौहान शाम छह बजे नशे में घर पहुंचा और पत्नी को कुछ बोल दिया। इसके बाद दोनों में कहासुनी और विवाद हुआ। नाराज होकर चंद्रीका कमरे में चला गया और अंदर से दरवाजे को बंद कर लिया।

आधे घंटे तक बाहर नहीं आने पर पत्नी और बच्चे दरवाजे को पीटे तो अंदर से कोई जबाब नहीं आया।

खिड़की से देखने पर चंद्रीका शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची तो उसकी मौत हो चुकी थी। थाना प्रभारी पीपीगंज ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# गुंडा टैक्स नहीं देने पर पीटने का आरोप

भीटीरावत : सीहापार में एक दुकानदार से गुंडा टैक्स न देने पर मारपीट और छिनैती का मामला सामने आया है। पीड़ित अखिलेश ने तहरीर देकर बताया कि गुरुवार रात सवा आठ बजे एक अपराधी दुकान में घुस आया। गाली देते हुए मारपीट की और जेब में रखे नौ हजार रुपये छीन लिए। आरोपी ने दुकान में रखा सामान भी बिखेर दिया। थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# मुठभेड़ में चोर को पकड़ा, बाएं पैर में लगी गोली

## फायरिंग कर भाग रहा था मऊ जिले के दोहरीघाट का रहने वाला है नूरे आलम

जागरण संवाददाता, (बड़हलगंज) गोरखपुर : बड़हलगंज के कोड़ारी गांव में गुरुवार की देर रात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया और मौके से दबोच लिया गया। गिरफ्तार किए गए बदमाश की पहचान नूरे आलम निवासी दोहरीघाट, जनपद मऊ के रूप में हुई है। उस पर चोरी और लूट से जुड़े एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि एक शातिर चोर बाइक से बड़हलगंज कस्बे की ओर चोरी की नियत से आ रहा है। इस पर थानाध्यक्ष चंद्रभान सिंह के नेतृत्व में टीम ने कोड़ारी गांव स्थित अनुसूचित बस्ती के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद बाइक सवार युवक वहां पहुंचा। पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उसने फायरिंग कर दी और बाइक छोड़कर बाग की तरफ भाग निकला।

पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई। बाएं पैर में गोली लगते ही नूरे आलम घायल होकर गिर पड़ा। उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मुठभेड़ के बाद रात में ही फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और मौके से साक्ष्य जुटाए।

पुलिस ने बदमाश की बाइक और असलहा बरामद कर लिया है। एसपी ने बताया कि नूरे आलम पर बड़हलगंज, जीयनपुर और मधुबन थानों में चोरी, लूट और अन्य गंभीर धाराओं में 15 मुकदमे दर्ज हैं। उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस का खोखा व बाइक बरामद हुई। थानेदार ने हत्या की कोशिश व आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद देर शाम पुलिस ने नूरे आलम को न्यायालय में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।



मुठभेड़ में पकड़े गए चोर के साथ बड़हलगंज थाना पुलिस की टीम • जागरण

# फर्जी आधार कार्ड के नेटवर्क से छह साल से जुड़ा था राजू

- आधार कार्ड के फर्जीवाड़े में एटीएस की कार्रवाई के बाद चौरीखास में सन्नाटा
- सहज जनसेवा केंद्रों से जुड़े लोगों में हड़कंप, गांव वाले दबी जुबान में कर रहे चर्चा

जागरण संवाददाता, मुंडेरा बाजार (गोरखपुर) : चौरीखास गांव का नाम गुरुवार को अचानक सुर्खियों में आ गया। इसकी वजह आधार कार्ड फर्जीवाड़े में एटीएस (आतंकवाद निरोधक दस्ता) की कार्रवाई है। स्थानीय स्तर पर शांत और साधारण दिखने वाला राजू तिवारी उर्फ राजू बाबा असल में पिछले छह वर्ष से विदेशी नागरिकों को आधार कार्ड दिलाने के नेटवर्क से जुड़ा था। इसमें रोहिंग्या, बांग्लादेशी और नेपालियों का गिरोह भी सक्रिय था। गिरफ्तारी के बाद राजू को लखनऊ ले जाया गया है। एटीएस के अधिकारियों ने परिवार को भी लखनऊ बुलाया है।

एटीएस की कार्रवाई के बाद चौरीखास गांव में सन्नाटा पसरा रहा। शुक्रवार को राजू के घर का दरवाजा बंद रहा और आसपास के लोग दूरी बनाए दिखे। दबी जुबान में ग्रामीण इस गिरफ्तारी पर चर्चा करते रहे। एटीएस टीम के छापेमारी के वक्त राजू घर में दूसरी मंजिल पर सो रहा था। पुलिस ने घर को चारों ओर से घेरकर दबिश दी और उसे हिरासत में ले लिया। राजू के पिता अवधेश तिवारी कोइलरी में काम करते थे, सेवानिवृत्त होने के बाद घर रहते हैं। एक दिन पहले बड़े बेटे मुन्ना तिवारी और पत्नी के साथ अयोध्या गए हुए थे। शुक्रवार की शाम तक वे घर नहीं लौटे थे। सूत्रों का कहना है कि राजू तिवारी बेहद शातिर दिमाग वाला था। उसका काम था मोटी रकम लेकर सबसे पहले फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनवाना। फिर उसी के आधार पर आधार कार्ड तैयार कराया जाता। चौरी चौरा क्षेत्र में ही इस तरह के कई नेटवर्क सक्रिय हैं, लेकिन राजू उनमें सबसे प्रभावशाली माना जाता था। बैंकों के आधार कार्ड केंद्रों में भी उसकी अच्छी पकड़ थी। यही कारण था कि जब सहज जनसेवा केंद्रों में आधार बनाने का काम बंद हुआ, तब भी वह जुगाड़ से किसी भी व्यक्ति का आधार बनवा देता था। वह यह नहीं देखता था कि आधार कार्ड बनवाने वाला व्यक्ति किस देश का है या उसकी पृष्ठभूमि क्या है। एटीएस के साथ ही खुफिया एजेंसियों की नजर उन सभी केंद्रों पर है, जहां आधार कार्ड से जुड़ा काम होता रहा है।



चौरी खास गांव में स्थित राजीव तिवारी उर्फ राजू के घर पसरा सन्नाटा • जागरण

### जनसेवा केंद्र पर काम सीखने के बाद शुरू किया धंधा

राजू ने शुरुआत में दूसरों के जनसेवा केंद्र से काम करना सीखा, उसके बाद चौरी चौरा थाने के सामने अपना खुद का केंद्र खोल लिया। यहां से वह आधार कार्ड के साथ अन्य काम भी करता था। धीरे-धीरे जब शक गहराने लगा तो उसने दुकान बंद कर घर से ही धंधा करना शुरू कर दिया। करीब एक वर्ष से वह घर में ही बैठकर यह काम कर रहा था।

**केंद्र संचालकों में हड़कंप:** एटीएस की कार्रवाई से चौरी चौरा और आसपास के इलाकों के सहज जनसेवा केंद्र संचालकों में हड़कंप मच गया है। लोग चर्चा कर रहे हैं कि आधार कार्ड के काम में लंबे समय से अनियमितताएं चल रही थीं, लेकिन उन पर कभी सख्ती नहीं हुई। राजू की गिरफ्तारी के बाद कई और लोगों के फंसने की आशंका जताई जा रही है।

**एटीएस की जांच का दायरा बढ़ा:** एटीएस सूत्रों का कहना है कि राजू बाबा की गिरफ्तारी महज शुरुआत है। उसने विदेशी नागरिकों को किस तरह आधार दिलाया और इसके बदले कितनी रकम वसूली, इस पर कई बिंदुओं पर जांच जारी है। उसके मोबाइल व जब्त किए गए दस्तावेजों से कई और नाम सामने आ सकते हैं। यही कारण है कि उसके परिवार को भी लखनऊ बुलाया गया है।

# हिस्ट्रीशीटर संतोष समेत चार पर गैंगसटर का केस

## जिलाधिकारी के अनुमोदन पर गीडा थाना पुलिस ने की कार्रवाई संतोष पर पहले से दर्ज हैं 17 मुकदमे

- अवैध रूप से कराता था खनन मांगता था रंगदारी, बड़हलगंज पुलिस कर रही थी निगरानी
- एसपी उत्तरी बोले, जो आरोपित जमानत पर हैं पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर भेजेगी जेल

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बड़हलगंज थाने का हिस्ट्रीशीटर और खनन माफिया संतोष यादव उर्फ बजरंगी यादव और उसके तीन साथियों पर पुलिस ने गैंगस्टर का केस दर्ज किया। जिलाधिकारी के अनुमोदन के बाद शुक्रवार को गीडा पुलिस ने यह कार्रवाई की। इसमें बड़हलगंज सराय उर्फ सरया महुनिया निवासी संतोष को पुलिस ने गिरोह का सरगना बनाया है।

ये अपने गिरोह के सदस्यों गीडा के कालेसर निवासी भोलू यादव उर्फ कृष्णपाल यादव, सोनू यादव उर्फ कृष्ण प्रताप यादव और शंभू यादव के साथ मिलकर अवैध रूप से खनन कराता था। पट्टा धारकों द्वारा खनन करने पर उनसे रंगदारी मांगता था। नहीं देने पर उनसे मारपीट करता था।

संतोष यादव पर कुशीनगर के पडरौना, गोरखपुर के कैंट, शाहपुर, गोरखनाथ, खोराबार, खजनी, गगहा, चौरी चौरा, सहजनवा, गीडा, चिलुआताल समेत अन्य थानों में रंगदारी, आबकारी, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज है। वहीं हिस्ट्रीशीट खुलने और बड़हलगंज पुलिस की निगरानी करने के बाद वह गीडा क्षेत्र में रहकर घटनाओं को अंजाम देने लगा। कुछ दिन पहले इसने सहजनवा तहसील के एक अधिकारी से भी विवाद किया था। अधिकारी ने खनन करते हुए उसकी गाड़ी पकड़ी थी। 29 नवंबर 2024 को संतोष और उसके गिरोह के तीन साथियों पर सेन्दुली-बेन्दुली निवासी अमन सिंह ने केस दर्ज कराया था। अमन ने पुलिस को बताया था कि मारुति इंटरप्राइजेज के नाम से उसने खनन विभाग से पट्टा लिया है, जो कि ग्राम जमुआड थाना चिलुआताल में चलता है। वहीं पर बगल में संतोष यादव भी अवैध खनन कराता है। लेकिन, संतोष अपने वाहनों को जबरन उनके पट्टे वाले खनन में भेजकर लोड करवाने का दबाव बनाता है।

बोक्टा के रहने वाले कर्मचारी विजयपाल यादव से रंगदारी मांगता है। कर्मचारी द्वारा देने से मना करने पर 29 नवंबर की रात 11 बजे संतोष ने विजयपाल यादव को शंभू ढाबा कालेसर पर बुलाया था। इसके बाद विजयपाल अपने दोस्त आकाश पासवान के साथ स्कार्पियों से तीसरे साथी शिवम यादव को छोड़ने के लिए उसके गांव बोक्टा जा रहा था। रास्ते में संतोष ने अपने साथी भो[illegible] सोनू, शंभू, पंकज यादव और [illegible] अन्य लोगों के साथ विजयपाल [illegible] गाड़ी को रोक लिया। तमंचा लहर[illegible] हुए लाठी-डंडा से हमला कर दि[illegible] गाड़ी को क्षतिग्रस्त कर दिया [illegible] उनके कर्मचारियों को गंभीर रूप [illegible] घायल अवस्था में छोड़कर फरार [illegible] गए थे। एसपी उत्तरी जितेन्द्र कुम[illegible] श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपि[illegible] संतोष समेत चार पर गैंगस्टर [illegible] कार्रवाई हुई है। जो आरोपित जमान[illegible] पर बाहर आए हैं, पुलिस उ[illegible] गिरफ्तार कर जेल भेजेगी। इन[illegible] संपत्ति का ब्योरा जुटाकर जब्त क[illegible] की भी कार्रवाई की जाएगी।

# अपराध बताए बिना कर दी गैंगस्टर की कार्रवाई, हाई कोर्ट ने किया रद

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : भूमि बेचने के नाम पर रुपये हड़पने के आरोपित ओमप्रकाश पर हुई गैंग्स्टर एक्ट की कार्रवाई हाई कोर्ट ने रद कर दी है। पुलिस ने कार्रवाई करते समय आपराधिक कृत्य नहीं बताया था। इसी खामी का फायदा आरोपितों को मिला।

- ओमप्रकाश पांडेय व उसके साथियों पर कैंट थाने में दर्ज हुआ था मुकदमा
- अदालत ने कहा-आवश्यक होने पर कर सकते हैं कानून सम्मत कार्रवाई

13 अगस्त 2021 को तत्कालीन कैंट थानेदार सुधीर सिंह मोहद्दीपुर में रहने वाले ओमप्रकाश पांडेय, महादेव झारखंडी के सनी देवल, धीरज साहनी उर्फ धीरेंद्र व संजय पांडेय पर गैंग्स्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने नौ फरवरी 2023 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

10 फरवरी 2023 को विशेष न्यायाधीश (गैंग्स्टर एक्ट), गोरखपुर ने संज्ञान लेकर समन जारी कर दिया। आरोपितों ने अपराध बताए बिना गैंग्स्टर एक्ट की कार्रवाई होने की दलील देते हुए हाईकोर्ट में अपील की थी। सुनवाई के दौरान दलील को सही मानते हुए कोर्ट ने आरोपितों के विरुद्ध भेजे गए आरोप पत्र के साथ ही समन आदेश को निरस्त कर दिया। हालांकि अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में आवश्यकता हुई तो अधिकारी कानून सम्मत तरीके से दोबारा कार्रवाई कर सकते हैं।

### गैंग्सटर एक्ट में कुर्क हो चुकी है संपत्ति

गैंग्स्टर एक्ट की कार्रवाई होने के बाद कैंट थाना पुलिस की रिपोर्ट पर जिलाधिकारी ने जालसाजी करने के आरोपित ओमप्रकाश की मोहद्दीपुर स्थित घर के अलावा महादेव झारखंडी में स्थित भूमि को कुर्क किया था। जिसकी अनुमानित लागत एक करोड़ से अधिक बताई गई थी।

# भूमि विवाद में महिला व बेटी का पुलिस ने किया चालान

बांसगांव : करहल गांव में दो पक्षों के बीच चल रहे भूमि विवाद के मामले में गुरुवार की शाम चार बजे गांव पहुंची। पुलिस ने एक पक्ष की वृद्ध सुनीता देवी व उनकी 18 साल की बेटी खुशबू यादव को थाने उठा लाई। दोनों को रात भर थाने में रखा गया और शुक्रवार को शांतिभंग में चालान किया गया। दोनों ने बताया कि पड़ोसी से भूमि विवाद का मामला एसडीएम न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय ने स्थगन आदेश पारित किया है। फिर भी पुलिस विवादित भूमि पर पड़ोसी की मदद करने में जुटी है।

# टेलर व उसके बच्चों पर हमला करने वाले की हुई पहचान

**फालोअप**

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : राप्तीनगर हाइडिल तिराहे के पास गुरुवार रात टेलर कन्हैयालाल और उसके दो बच्चों पर बांकी से हमला करने वाले आरोपित की पहचान हो गई है। शाहपुर थाना पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। वहीं, मेडिकल कालेज में भर्ती कन्हैयालाल की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जबकि बेटी शिवांगी व बेटा शिवम को उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पकड़े गए आरोपित का नाम अवधेश उर्फ बबलू (30 वर्ष, शाहपुर क्षेत्र का निवासी) बताया जा रहा है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है। बीआरडी मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती कन्हैयालाल के गर्दन व हाथ पर चोट लगी है। डाक्टरों ने बताया कि हालत अभी गंभीर है लेकिन खतरे से बाहर हैं। घटना के बाद से राप्तीनगर इलाके में दहशत का माहौल है। स्थानीय दुकानदारों ने कहा कि रात में पुलिस गश्त नहीं होती, जिससे अपराधी बेखौफ घूमते हैं।

# तकनीक से प्रदेश में बेनकाब हुए बदमाश

## मेरठ–लखनऊ जोन ने चमकाया नाम, गोरखपुर जोन ने भी पूर्वांचल में दिखाया दम

सतीश पांडेय • जागरण

- दो वर्ष में 12 लाख से ज्यादा कैमरों ने खोले राज, पुलिस मुख्यालय ने जारी की रिपोर्ट
- सीसी कैमरों की चौकस निगरानी से प्रदेश में 8,349 घटनाओं का हुआ पर्दाफाश

**कमिश्नरेट में कानपुर सबसे आगे** : कमिश्नरेट वाले जिलों में कानपुर पुलिस सबसे आगे रही। वहां 1083 घटनाओं का खुलासा सीसी कैमरा फुटेज से हुआ। इसके अलावा गौतमबुद्धनगर में 949, वाराणसी में 817, लखनऊ में 503, गाजियाबाद में 306, आगरा में 182 और प्रयागराज में 72 मामलों का राजफाश तकनीक के सहारे हुआ।

गोरखपुर : प्रदेश की सड़कों, बाजारों और गली-मोहल्लों में अब अपराधियों की गतिविधियों को छिपाना आसान नहीं रह गया है। सीसी कैमरों की चौकस निगरानी ने पिछले दो वर्षों में प्रदेश भर में 8,349 आपराधिक घटनाओं का पर्दाफाश किया है। मेरठ और लखनऊ जोन ने अपराधियों पर सबसे अधिक प्रभाव डाला, जबकि गोरखपुर जोन ने पूर्वांचल में तकनीक की ताकत का लोहा मनवाया। हालांकि, प्रतापगढ़ और सोनभद्र जैसे जिले इस सुरक्षा कवच का लाभ उठाने में पीछे रह गए हैं।

पुलिस मुख्यालय की ताजा रिपोर्ट बताती है कि 10 जुलाई, 2023 से 17 अगस्त, 2025 तक प्रदेश में लगे 12,45,184 सीसी कैमरों ने अपराधों की गुत्थियों को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई। चोरी, लूट, हत्या, छेड़खानी और सड़क हादसों जैसी घटनाओं में कैमरों ने पुलिस को ठोस साक्ष्य उपलब्ध कराए। सीसी कैमरों की बदौलत सबसे चमकदार प्रदर्शन मेरठ जोन ने किया, जहां 1138 घटनाओं का खुलासा हुआ। सहारनपुर में 225, मेरठ में 185, गाजियाबाद में 143 और मुजफ्फरनगर में 257 मामले सुलझे। वहीं, राजधानी लखनऊ जोन भी पीछे नहीं रहा। कमिश्नरेट से इतर जिलों में 917 घटनाओं का खुलासा हुआ, जो कैमरों की ताकत को बयां करता है। पूर्वांचल के गोरखपुर जोन ने 292 मामलों का राजफाश किया। इसमें गोरखपुर जिले से 112, देवरिया 27, महाराजगंज 23 और कुशीनगर से 38 घटनाएं शामिल हैं। वाराणसी जोन में 396, आगरा जोन में 715, कानपुर जोन में 333 और प्रयागराज जोन में 223 केस कैमरों की मदद से सुलझाए गए। प्रदेश के सभी जिलों में जहां तकनीक ने पुलिस की मदद की, वहीं प्रतापगढ़ और सोनभद्र की तस्वीर अलग रही। प्रतापगढ़ में केवल 9 और सोनभद्र में 15 घटनाएं ही कैमरों के सहारे सुलझ सकीं। यह साफ करता है कि इन जिलों में निगरानी तंत्र या तो सक्रिय नहीं हो पाया या फिर कैमरों की संख्या पर्याप्त नहीं है।

# साइबर ठगी के मामले में गोरखपुर अव्वल, रिकवरी में फिसड्डी

जागरण संवाददाता, गोरखपुरः साइबर अपराधियों का आतंक पुलिस की नाकामी को खुलकर उजागर कर रहा है। जनवरी से जुलाई, 2025 के बीच चार जिलों में 4.58 करोड़ रुपये ठगे गए, लेकिन पुलिस महज 15 प्रतिशत रकम ही बरामद कर पाई। डीआइजी डा. एस. चनप्पा ने इसे लेकर तीखा रुख अपनाया है और निर्देश दिया है कि रिकवरी किसी भी हाल में 90 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। गोरखपुर में साइबर अपराधियों ने 3.75 करोड़ रुपये उड़ाए। पुलिस केवल 59.34 लाख रुपये ही रिकवर कर पाई जो महज 15.80 प्रतिशत है। यह आंकड़ा बताता है कि ठगों पर नकेल कसने में साइबर सेल और थानों की टीमें पूरी तरह नाकाम साबित हो रही हैं। देवरिया में सात, कुशीनगर में पांच और महराजगंज में 33 मामले दर्ज हुए। कुल ठगी का आंकड़ा 4.58 करोड़ पहुंच गया, लेकिन कार्रवाई और रिकवरी दोनों ही औसत से नीचे हैं। गोरखपुर साइबर थाने में दर्ज 24 मुकदमों में एक का भी पर्दाफाश नहीं हुआ है। डीआइजी डा. एस. चनप्पा ने कहा कि पीड़ित की त्वरित शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं,तभी अधिक से अधिक रिकवरी संभव है। देरी होते ही अपराधी रकम को कई खातों में घुमा देते हैं व पीड़ित को खाली हाथ रहना पड़ता है।

साइबर अपराध की वारदात को रोकने के लिए पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है। स्कूल, कालेज के साथ ही सरकारी कार्यालय में जाकर साइबर ठगी से बचाव का तरीका बताया जा रहा है। त्योहार में भी साइबर अपराध से बचाव का रिकार्डेड आडियो चलाने का फैसला किया गया है।

### फोरेंसिक टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य, बाइक व असलहा किया बरामद

# चले थे चोरी करने, पुलिस ने किया हाफ एनकाउंटर, घायल

**फायरिंग कर भाग रहा था मऊ जिले का रहने वाला बदमाश नूरे आलम**

GORAKHPUR (22 Aug): बड़हलगंज के कोड़ारी गांव में गुरुवार की देर रात पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हुई. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया और मौके से दबोच लिया गया. गिरफ्तार किए गए बदमाश की पहचान नूरे आलम निवासी दोहरीघाट, जनपद मऊ के रूप में हुई है. उस पर चोरी और लूट से जुड़े एक दर्जन से अधिक आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं. पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया है.

#### पुलिस ने की कार्रवाई

एसपी दक्षिणी जितेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को देर रात सूचना मिली थी कि एक शातिर चोर बाइक से बड़हलगंज कस्बे की ओर चोरी की नियत से आ रहा है. इस पर थानाध्यक्ष चंद्रभान सिंह के नेतृत्व में टीम ने कोड़ारी गांव स्थित अनुसूचित बस्ती के पास घेराबंदी की. कुछ देर बाद बाइक सवार युवक वहां पहुंचा. पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उसने फायरिंग कर दी और बाइक छोड़कर बाग की तरफ भाग निकला. पुलिस टीम ने उसका पीछा किया और जवाबी कार्रवाई में गोली चलाई. बाएं पैर में गोली लगते ही नूरे आलम घायल होकर गिर पड़ा. उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया.

#### नूरे आलम को जेल

मुठभेड़ के बाद रात में ही फोरेंसिक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और मौके से साक्ष्य जुटाए. पुलिस ने बदमाश की बाइक और असलहा बरामद कर लिया है. एसपी ने बताया कि नूरे आलम पर बड़हलगंज, जीयनपुर और मधुबन थानों में चोरी, लूट और अन्य गंभीर धाराओं में 15 मुकदमे दर्ज हैं. उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस का खोखा व बाइक बरामद हुई. थानेदार ने हत्या की कोशिश व आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है. अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद देर शाम पुलिस ने नूरे आलम को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया.







**15** मुकदमे दर्ज हैं. उसके कब्जे से एक तमंचा, कारतूस का खोखा व बाइक बरामद हुई थानेदार ने हत्या की कोशिश व आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया है. अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद देर शाम पुलिस ने नूरे आलम को न्यायालय में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया.



**Case-2** 19 अगस्त 2025 एम्स थाना एरिया के कुसम्ही जंगल में दंपती से लूटपाट करने वाले बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ में पकड़ा था. डायना गैंग के रहने वाले बदमाशों के कब्जे से तमंचा व कारतूस मिला. इनके विरुद्ध हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज करा कर जेल भेज दिया गया था.

**Case-3** 2 अगस्त 2025 गीडा थाना एरिया स्थित ढाबा संचालक महिला से चेन और मोबाइल लूटने की घटना को अंजाम देने वाले दोनों बदमाशों को पुलिस मुठभेड़ में अरेस्ट कर लिया था. देईपार मोड़ के पास हुई इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों आरोपितों के पैर में गोली लगी थी. पुलिस ने मौके से असलहा, कारतूस और लूट में प्रयुक्त बाइक बरामद की थी.

# साइबर ठगी में गोरखपुर अव्वल, रिकवरी में फिसड्डी

GORAKHPUR (22 Aug): साइबर अपराधियों का आतंक पुलिस की नाकामी को खुलकर उजागर कर रहा है. जनवरी से जुलाई, 2025 के बीच चार जिलों में 4.58 करोड़ रुपये ठगे गए, लेकिन पुलिस महज 15 प्रतिशत रकम ही बरामद कर पाई. डीआइजी डा. एस. चनप्पा ने इसे लेकर तीखा रुख अपनाया है और निर्देश दिया है कि रिकवरी किसी भी हाल में 90 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए.

## एक का भी खुलासा नहीं

गोरखपुर में साइबर अपराधियों ने 3.75 करोड़ रुपये उड़ाए, पुलिस केवल 59.34 लाख रुपये ही रिकवर कर पाई जो महज 15.80 प्रतिशत है. यह आंकड़ा बताता है कि ठगों पर नकेल कसने में साइबर सेल और थानों की टीमें पूरी तरह नाकाम साबित हो रही हैं. देवरिया में सात, कुशीनगर में पांच और महराजगंज में 33 मामले दर्ज हुए. कुल ठगी का



आंकड़ा 4.58 करोड़ पहुंच गया, लेकिन कार्रवाई और रिकवरी दोनों ही औसत से नीचे हैं. हालात यह हैं कि गोरखपुर साइबर थाने में दर्ज 24 मुकदमों में एक का भी पर्दाफाश नहीं हुआ है. डीआइजी डा. एस. चनप्पा ने कहा कि पीड़ित की त्वरित शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं,तभी अधिक से अधिक रिकवरी संभव है. देरी होते ही अपराधी रकम को कई खातों में घुमा देते हैं व पीड़ित को खाली हाथ रहना पड़ता है.

## पुलिस चला रही जागरूकता अभियान

साइबर अपराध की वारदात को रोकने के लिए पुलिस जागरूकता अभियान चला रही है. स्कूल, कालेज के साथ ही सरकारी कार्यालय में जाकर साइबर ठगी से बचाव का तरीका बताया जा रहा है. वहीं त्योहार में पंडाल व मेला क्षेत्र में भी साइबर अपराध से बचाव का रिकार्डेड आडियो चलाने का फैसला किया गया है. इसको लेकर पूजा समितियों के संचालक से बातचीत हो रही है.

## बच्चों और टीचर को दिए गए टिप्स

गोरखपुर : डिजिटल के इस दौर मे साइबर क्रिमिनल्स नए-नए पैतरे आजमाकर लोगो की गाढ़ी कमाई पर सेंध लगा रहे हैं. साइबर थाने मे डिजिटल अरेस्ट, फाइनेंसियल लोन, सेक्सटार्शन, सोशल मीडिया, जॉब टास्क और एआई रिलेटेड मामले आ रहे है. समय के साथ क्रिमिनल्स भी अपने को अपडेट कर जालसाजी के तरीको मे बदलाव कर रहे है. ऑनलाइन बुकिंग के झांसे मे लेकर ये साइबर ठग लोगों के खाते खाली कर रहे है. हाल के दिनो मे साइबर फ्रॉड के मामलो की संख्या तेजी से बढ़ी है. साइबर क्रिमिनल्स लोगो को नए-नए तरीके से झांसे में लेकर ठगी का शिकार बना रहे है. गोरखपुर मे लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे है. डिजिटल अरेस्ट से लगायत आनलाइन शॉपिंग मे रिफंड पाने के लालच मे अपनी गाढ़ी कमाई गवा रहे है.



# कमरे में मिली आरपीएफ लिपिक की लाश, बिखरी पड़ी थी दवाएं

**कैंट थाना क्षेत्र में शुक्रवार को हुई घटना**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (22 Aug):** कैंट थाना क्षेत्र में शुक्रवार को रेलवे क्वाटर में आरपीएफ के वरिष्ठ लिपिकमो. एहतेशाम अली (50) की अर्धनग्न हाल में लाश मिली. सूचना पर पहुंची कैंट थाने पुलिस ने दरवाजा तोड़कर कमरे में प्रवेश किया. वहीं फारेंसिक टीम ने भी पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए. जांच पड़ताल कर पुलिस ने वरिष्ठ लिपिक का शव बीआरडी मेडिकल कॉलेज पोस्टमार्टमके लिए भेजवादिया.

जानकारी के अनुसार, कैंट क्षेत्र के रेलवे पुलिस चौकी के बगल में




रेलवे कॉलोनी है. यहां किराए के मकान पर मऊ जिले के मो. एहतेशाम अली (50) रहते थे. वह आरपीएफ सुरक्षा आयुक्त ऑफिस में वरिष्ठ लिपिक पद पर तैनात थे. शुक्रवार को सुबह ऑफिस नहीं पहुंचे तो वहां कर्मचारियों ने फोन करना शुरू किया. इसके बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिला, कर्मचारियों ने कैंट पुलिस को इसकी सूचना दी.

## कमरे में मिली ढेर सारी दवाएं

घटना की सूचना पर कैंट पुलिस रेलवे कॉलोनी पहुंची. पहले पुलिस ने कमरे के दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन इसके बाद अंदर से कोई जवाब नहीं आने पर दरवाजा तोड़ दिया. अंदर प्रवेश करने पर एक बेड पर अर्धनग्न हाल में मो. एहतेशाम की लाश पड़ी मिली. वहीं अगल-बगल ढेर सारी दवाएं भी बिखरी हुई थीं. जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि वह किसी बीमारी से ग्रस्त थे. पुलिस की जांच में शरीर पर कहीं कोई निशान भी नहीं मिला है. हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताईजा रही है. कैंट थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि लिपिक का शव पोस्टमार्टमके लिए भिजवा दिया गया है. उनके परिवार के लोगों को भी सूचना दी गई है.

**22** मार्च 2007 को निदेशक फिंगरप्रिंट ब्यूरो की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में घटनास्थल पर लिए गए सैम्पल और आरोपी के सैंपल एक ही व्यक्ति के होने की पुष्टि थी.

**12** सितंबर 2011 को डीएनए फिंगरप्रिंट व डायग्नोस्टिक्स लेबरोटरी के असिस्टेंट डॉयरेक्टर की ओर दी गई रिपोर्ट में यह पुष्टि हुई कि क्राइम सीन पर मिले ब्लड सैंपल, आरोपी के ब्लड सैंपल के साथ ही सुमन के हाथ में मिले बाल और आरोपी के बालों के सैम्पल का डीएनए एक ही था.

**29** दिसंबर 2006 को अभय गुप्ता के शव का गोरखपुर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया. 18 साल के अभय के सभी अंग अकड़ गए थे. खोपड़ी के बाईं ओर गहरा घाव था. उसकी हाईओडी बोन फ्रैक्चर हो चुकी थी.

**01** रामजानकीनगर में हुई थी चार हत्याएं, फॉरेंसिक जांच से पकड़ा गया हत्यारोपित

**02** पेचकस से किए गए थे चारों कत्ल, 28 दिसंबर 2006 को हुई थी वारदात

**31** मार्च 2015 को एडीजे कोर्ट ने सुनाई थी आजीवन कारावास की सजा

**28** दिसंबर 2006 को हुए नृशंस हत्याकांड को याद कर आज भी सहम जाते हैं गोरखपुराइट्स.

# 19 साल बाद भी जिंदा है इस हत्याकांड की दहशत

FORENSIC FILE
SEASON 3



सुमन शर्मा
सब एडिटर
गोरखपुर

28 दिसंबर 2006 को हुए नृशंस हत्याकांड को आज भी गोरखपुराइट्स याद कर सहम जाते हैं. सुबह करीब 10:30 बजे शाहपुर पुलिस को सूचना मिली कि रामजानकी नगर मोहल्ले में चार लोगों की हत्या हो गई है. सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल के लिए रवाना हो गई. थाने से करीब 700 मीटर की दूरी पर मौजूद घर में रिटायर्ड एग्जीक्यूटिव इंजीनियर चंद्रायन प्रसाद गुप्ता और उनकी पत्नी सुभावती अचेत अवस्था में पड़ी थीं. दोनों के शरीर से खून बह रहा था. वहीं, उनके छोटे बेटे अभय और बेटी सुमन की लहुलुहान लाश फर्श पर पड़ी थी.

घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचने वाले चंद्रायन के भाई रविंद्र प्रसाद गुप्ता ने शाहपुर थाने में तहरीर देकर अज्ञात हत्यारे के खिलाफ केस दर्ज कराया. रविंद्र ने पुलिस को बताया कि 28 दिसंबर की सुबह करीब 10 बजे वे रामजानकी नगर स्थित अपने भाई के घर पहुंचे. यहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि घर का मेन गेट खुला है. अनहोनी की आशंका होने पर रविंद्र घर के अंदर घुसे तो भाई चंद्रायन प्रसाद गुप्ता, चंद्रायन की पत्नी सुभावती देवी, भतीजा अभय व भतीजी सुमन खून से लथपथ पड़े थे. जब उन्होंने करीब से देखा तो चंद्रायन व सुभावती बेहोश थे जबकि, अभय और सुमन की मौत हो चुकी थी. रविंद्र ने पड़ोसियों की मदद से चंद्रायन व सुभावती को अस्पताल भेजने के बाद थाने पहुंचकर पुलिस को घटना की सूचना दी. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट में पढ़िए इस सनसनीखेज मर्डर मिस्ट्री की पूरी हिस्ट्री.

## दिल्ली में होने से बचा

मृतक चंद्रायन प्रसाद गुप्ता एग्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद से रिटायर हुए थे. मूलरूप से चौरीचौरा इलाके रामपुर बुजुर्ग गांव के रहने वाले चंद्रायन ने सिटी के रामजानकीनगर मोहल्ले में मकान बनवा रखा था. यहां वे अपनी छोटी बेटी सुमन और छोटे बेटे अभय के साथ रहते थे. चंद्रायन की बड़ी बेटी पूनम की शादी कुशीनगर के डॉक्टर धनी कुमार से हुई थी. वह अपने ससुराल में रहती थी. वहीं, उनके बड़े बेटे संतोष दिल्ली में रहकर नौकरी करते थे. घटना के कुछ जानकारों की मानें तो संतोष का भाग्य अच्छा था कि वे घटना के वक्त दिल्ली स्थित अपने ऑफिस में थे, वरना उनके साथ भी अनहोनी हो सकती थी.



## आज भी दहशत

करीब 19 साल पहले हुए इस हत्याकांड की दहशत रामजानकीनगर के लोगों में आज भी है. मोहल्ले में हुए नरसंहार के बारे में जानकारी सभी को है लेकिन, कोई भी इसके बारे में बात नहीं करना चाहता. इस हत्याकांड का खौफ कुछ ऐसा है कि आज भी चंद्रायन की गली में मकान बनवाए लोग उनके घर का सटीक पता नहीं बताते. हालांकि, लोगों को यह भी जानने की उत्सुकता भी है कि केस में कोई नया अपडेट तो नहीं हुआ.



**FACT 01** बेटी व दामाद से नाराज

घटना की जांच करने वाले आईओ ने गवाहों से बयान लेने के बाद आरोपी उदय सेन गुप्ता की पहचान की. हत्यारोपी उदय सेन गुप्ता मृतक चंद्रायन की बेटी पूनम के पति डॉ. धनी कुमार का रिश्ते में भाई लगता था. उसका पूनम और धनी से विवाद था. पूनम और धनी के पारिवारिक मामलों में हस्तक्षेप को लेकर उदय काफी नाराज था. उसने मृतक चंद्रायन को बेटी व दामाद को संभाल लेने की धमकी भी दी थी. आरोपी को चंद्रायन की संपत्ति को लेकर भी जलन थी. घटना के दिन जब उदय रामजानकीनगर स्थित मकान पर पहुंचा तो इन्हीं बातों को लेकर उसकी चंद्रायन से बहस हो गई. आवेश में आकर उसने चंद्रायन पर हमला कर दिया. पत्नी सुभावती बीच-बचाव करने पहुंची तो आरोपी ने उनपर भी वार कर दिया. गंभीर रूप से घायल चंद्रायन और सुभावती अचेत हो गईं. दूसरे कमरे में मौजूद अभय व सुमन शोर सुनकर पेरेंट्स के पास पहुंचे तो उदय ने भयवश उन दोनों पर भी प्राण घातक हमला किया. हमले में अभय तो तुरंत मर गया लेकिन, सुमन ने सांस छूटने से पहले उदय से हर संभव संघर्ष किया. हालांकि, अंत में वह भी जिंदगी की जंग हार गई. इस तरह से एक जुर्म छिपाने के लिए आरोपी उदय सेन ने एक के बाद एक चार हत्याएं कर डाली. मृतक चंद्रायन के मोबाइल की सर्विलांस लोकेशन के आधार पर शाहपुर थाना पुलिस व एसओजी ने आरोपी उदय सेन के रिश्तेदार सत्यनारायण को कुशीनगर के सुकरौली से गिरफ्तार किया. इसके बाद पुलिस टीम ने सत्यनारायण की निशानदेही पर आरोपी उदय सेन को फाजिलनगर से अरेस्ट किया.

गोरखपुर का यह सनसनीखेज हत्याकांड आज भी सबके जहन में ताजा है. कैसे एक नफरत ने खत्म कर दिया हंसता-खेलता परिवार, जानने के लिए स्कैन करें यह क्यूआर कोड.

## 01 सुमन ने किया था संघर्ष

थाने की जनरल डायरी के मुताबिक, मौके पर जांच करने के लिए तत्कालीन थाना प्रभारी अतुल नारायण सिंह स्वयं पहुंचे. उन्होंने घटनास्थल पर मृतक अभय पुत्र चंद्रायन प्रसाद गुप्ता और सुमन गुप्ता के शवों की जांच कराई और पुलिस दस्तावेज तैयार कराए. इसके बाद शवों को सीलबंद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम की मदद से जांच अधिकारी ने मृतका सुमन गुप्ता की उंगली में फंसे बालों का गुच्छा, खून से सने व सादे फर्श के सैंपल, हमले के लिए इस्तेमाल किया गया स्क्रू ड्राइवर और खून से सनी चादर व सोफा कवर का टुकड़ा बरामद किया. सभी सामान का मेमो तैयार करने के बाद फॉरेंसिक टीम ने घर के अलग-अलग हिस्सों से फिंगर प्रिंट व पैरों के निशान भी इकट्ठा किया. इसके बाद शाहपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 1035/2006 की केस डायरी में सभी साक्ष्यों को संलग्न किया. घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने यह ऑब्जर्व किया था कि मृतिका सुमन ने मौत से पहले काफी संघर्ष किया था.

## 02 बर्बरता देख डॉक्टर सहमे

अगले दिन 29 दिसंबर 2006 को अभय गुप्ता के शव का गोरखपुर जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया. 18 साल के अभय के सभी अंग अकड़ गए थे. खोपड़ी के बाईं ओर गहरा घाव था. उसकी हाईओडी बोन फ्रैक्चर हो चुकी थी. बॉडी की इंटरनल जांच में पता चला कि ब्रेन में खून की सप्लाई बंद हो चुकी थी. फेफड़े, सांस नली और स्वरयंत्र भी बंद हो चुके थे. सुमन गुप्ता के शव का पोस्टमार्टम हुआ तो पता चला कि उसकी नाक व कान के रास्ते खून निकल रहा था. गर्दन के बीच में 10 सेंटीमीटर गहरा घाव बना हुआ था. सुमन की स्वरयंत्र, श्वासनली और ग्रासनली कट चुकी थी. सुमन को मौत से पहले कई जगह चोटें दी गई थीं. सुभावती के शव का पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों की आत्मा कांप गई थी. उसके शव पर 10 से 12 जगहों पर पांच से लेकर 10 सेंटीमीटर गहरे घाव थे. हमलावर ने बेहद क्रूरता के साथ चेहरे से लेकर प्राइवेट पार्ट के आस-पास काफी चोटें दी थीं. इसमें कई जगह हड्डियां तक कट गई थीं. मौत से पहले न्यूरोसर्जन ने सुभावती को बचाने की काफी कोशिश की थी, लेकिन वह जिंदगी की जंग हार गई. वहीं, चंद्रायन प्रसाद गुप्ता को इलाज के लिए बड़े बेटे संतोष ने नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया था. वहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई थी. बाद में उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट को भी केस में शामिल किया गया.

DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2025

# हनुमान मंदिर विवाद : महंत लगा रहे कब
# का आरोप, राज्यमंत्री बोलीं- पैतृक संपत्ति

## महंत व राज्यमंत्री आमने-सामने, सुरक्षा कारणों से मंदिर पर पुलिस फोर्स तैन

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** शहर के प्राचीन और आस्था के केंद्र मनोकामना पूर्ण हनुमान मंदिर की जमीन का विवाद गहराता जा रहा है। मंदिर प्रबंधन और ग्रामीण विकास राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम आमने-सामने हैं। महंत ने मंत्री पर मंदिर की जमीन पर कब्जे का आरोप लगाया है, जबकि मंत्री इसे अपनी पैतृक संपत्ति बता रही हैं।

प्रशासन ने सुरक्षा कारणों से निर्माणाधीन गेट को सील कर दिया है। सुरक्षा के लिहाज से चौथे दिन भी पुलिस फोर्स तैनात रही।

बृहस्पतिवार को मंदिर के उत्तराधिकारी महंत राजेश नारायण दास ने बयान देते हुए कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर पूरे विवाद की जानकारी देंगे। महंत ने कहा कि गाटा संख्या 2904 में कुल 23 डिसमिल भूमि दर्ज है।

इसमें पांच दावेदार हैं। इन्हीं दावेदारों में से एक से मंत्री ने महज साढ़े सात डिसमिल जमीन का बैनामा कराया है। जबकि मंदिर की वास्तविक जमीन गाटा संख्या 2905 और 2906 में दर्ज है। इस पर मंत्री का कोई अधिकार नहीं है।

महंत ने कहा कि मंदिर के नाम पर करीब तीन एकड़ 10 डिसमिल जमीन दर्ज है, जिसमें पोखरा और भीटे के नाम से भूमि चिह्नित है। राज्यमंत्री इसके आसपास अपनी पैतृक संपत्ति का दावा कर जमीन हथियाने की कोशिश कर रही हैं।

महंत ने कहा सिर्फ साढ़े सात डिसमिल जमीन के बहाने मंदिर की ओर गेट खोलने की कवायद चल रही है, जो आस्था और मंदिर दोनों के खिलाफ है।

उधर, राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने इसे पैतृक संपत्ति बताते हुए कहा है कि उन्होंने किसी के हक की जमीन पर कब्जा नहीं किया है।

उन्होंने भागलपुर निवासी एक शख्स से यह भूमि खरीदी है। मंत्री का कहना है कि जो भूमि उनके नाम है, उसी पर वह गेट निर्माण करा रही थीं।

### एसडीएम की अदालत में चल रहा है मुकदमा

13 मई 2025 को मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने जो भूमि खरीदी है, उसकी चौहद्दी इस प्रकार दर्ज है। पूरब : गाटा संख्या 2906 (पोखरा हनुमान मंदिर), पश्चिम में 4 मीटर से कम चौड़ी सड़क, उत्तर में अन्य व्यक्तियों के मकान व दक्षिण में सिंहासन, द्वारिका व राजू का मकान है। राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने साढ़े सात डिसमिल के लिए 33,08,000 रुपये की स्टांप ड्यूटी अदा की गई है। इस भूमि पर कोई न्यायालयीन स्थगन आदेश नहीं है, मगर उपजिलाधिकारी देवरिया की अदालत में वाद संख्या T202305200105945 विचाराधीन है, जिसमें पक्षकारों के बीच समझौता दर्ज है।

### विवादित जमीन का ब्योरा

■ राजस्व अभिलेखों के मुताबिक, गाटा संख्या 2904 में कुल 23 डिसमिल भूमि है। इसमें कई लोगों का हिस्सा है। कुल भूमि (23 डिसमिल) में से राज्यमंत्री ने केवल साढ़े सात डिसमिल का बैनामा कराया है। जमीन का ब्योरा इस प्रकार है।

1. धीरज कुमार व शंभू कुमार गौतम पुत्र रामदेव – 0.016 हेक्टेयर
2. अमरेन्द्र बहादुर व राजेन्द्र बहादुर पुत्र राजबहादुर – 0.030 हेक्टेयर
3. राजू, सिंहासन, द्वारिका पुत्र शोभी व धानमती देवी पत्नी सरदार– 0.012 हेक्टेयर
4. कुशलेन्द्र मल्ल पुत्र सांगम जीत – 0.018 हेक्टेयर
5. अजय पुत्र कन्हैया – 0.016 हेक्टेयर

### महंत ने कहा- साढ़े सात डि
### जमीन की आड़ में राज्यमंत्री
### की तरफ खुलवाना चाहती



22 अगस्त को प्रकाशित

### अब गेट लगने से बढ़ा तनाव

मंदिर परिसर में गेट निर्माण क लेकर दोनों पक्षों में टकराव क स्थिति बन गई थी। विवाद गह के बाद प्रशासन ने निर्माणाधीन को सील कर दिया और जमीन जब्त कर लिया है।स्थानीय लो कहना है कि यह मंदिर देवरिय शहर का सबसे प्राचीन और आ से जुड़ा स्थल है। यहां हर दि हजारों श्रद्धालु दर्शन करने आ ऐसे में मंदिर की जमीन पर क की कोशिश किसी भी सूरत मे बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इधर, प्रशासन ने दोनों पक्षों से दस्ता तलब कर जांच शुरू कर दी अधिकारियों का कहना है कि विवाद के निस्तारण के लिए र अभिलेखों और कोर्ट के आदे देखा जाएगा। जब तक विवाद तरह सुलझ नहीं यथावथ स्थिति बनी रहेगी।

# रेलवे इंजीनियर समेत चार मकानों को चोरों ने खंगाला

## चोरी के समय अधिकतर लोग श्रीकृष्ण मंदिर में मना रहे थे भगवान का छठिहार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**लार रोड।** क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में बृहस्पतिवार की रात चोरों ने सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए चार मकानों को खंगाल डाला । सेवानिवृत्त शिक्षक, रेलवे के सिग्नल इंजीनियर और प्रोटोकॉल इंस्पेक्टर सहित चार परिवारों के मकान के ताले तोड़कर नकदी सहित जेवरात व सामान चुरा ले गए। इससे पूरे गांव में दहशत का माहौल है। वहीं, लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस गश्त पर सवाल उठाए हैं।

जानकारी के अनुसार, बृहस्पतिवार की रात गांव के अधिकतर लोग श्रीकृष्ण मंदिर में छठिहार पर्व मना रहे थे। चोरों ने सुनसान का फायदा उठाकर अवधेश मिश्र के मकान को निशाना बनाया। अवधेश मिश्र कोहरा सुतावर इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। चोरों ने उनके बेटों अभिषेक मिश्र और अंकित मिश्र के बंद कमरों का ताला तोड़कर आलमारियों में रखे सोने के जेवरात व अन्य कीमती सामान चोरी कर ली। परिजन जब सुबह उठे तो घर के दरवाजे बाहर से बंद मिले। संदेह होने पर जब पड़ोसी को बुलाकर दरवाजा खोला गया तो अंदर आलमारियां टूटीं थीं और सारा सामान गायब था।



ग्रामीणों से जानकारी लेते पुलिस अधिकारी। संवाद

### लार क्षेत्र में हुई चोरी से दहशत, गश्त न करने पर पुलिस के प्रति आक्रोश

गांव के ही शशिकांत मिश्र के मकार का भी ताला तोड़कर चोरों ने जेवर व कीमती सामान चुरा लिए। शशिकांत देवरिया मेडिकल कॉलेज में वार्ड बॉय हैं और परिवार सहित वहीं रहते हैं।

तीसरा मकान रेलवे के प्रोटोकॉल इंस्पेक्टर मार्कण्डेय मिश्र का है, जो इस समय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाने परिवार के साथ घर आए थे। मौके का फायदा उठाते हुए चोरों ने उनके मकान के कई कमरों का ताला तोड़ा और सामान समेट ले गए।

चौथा मकान संतोष मिश्र का है, जो सिंग्नल इंजीनियर पद पर सिकंदराबाद (रेलवे) में तैनात हैं। परिवार समेत बाहर रहने के कारण उनका मकान भी बंद था।

# शिक्षा के मंदिर को शराबियों ने बना दी मधुशाला, विभाग पर उठने लगे सवाल

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आया विभाग

संवाद न्यूज एजेंसी

**खुखूंदू/सलेमपुर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पड़री बाजार को कुछ शराबियों ने मधुशाला बना दिया है। स्कूल के बरामदे में मटन और शराब का पार्टी की गई।

इसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आए विभाग ने इसकी शिकायत खुखुंदू पुलिस से की है। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है। शिकायत के बाद आरोपी घर छोड़कर भाग गए हैं। शिक्षा का मंदिर कहे जाने वाले उच्च प्राथमिक विद्यालय को कुछ अराजक तत्वों ने मधुशाला बना दिया है।

स्कूल बंद हो जाने के बाद शाम को चारपाई लगाकर बरामदे में मछली और मांस बनाते हैं। इसके पूर्व में यहां तैनात रहे प्रधानाध्यापक ने अराजक तत्वों के आतंक को देखते हुए कुछ दिनों तक गांव के एक शख्स को चौकीदार के रूप में देखरेख करने के लिए रखा था। उनके जाने के बाद जब जयप्रकाश भारती प्रधानाध्यापक हुए तो उन्होंने चौकीदार को हटा दिया।

### स्कूल बंद होने के बाद कैसे खुल गया गेट, विभाग की शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

इसके बाद पुनः अराजक तत्वों द्वारा यह कार्य शुरू कर दिया गया। इसका वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

वीडियो वायरल होने के बाद विभाग हरकत में आया और खंड शिक्षा अधिकारी के निर्देश पर प्रधानाध्यापक जयप्रकाश भारती ने खुखुंदू पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद उच्च अधिकारियों ने अराजक तत्वों पर कठोर कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देशित किया है। **-आरपी राम,** खंड शिक्षा अधिकारी, सलेमपुर

आरोप है कि 21 अगस्त को विद्यालय संचालन के पश्चात स्कूल के बगल में रह रहे कुछ अराजक तत्वों द्वारा स्कूल के बरामदे में चारपाई डालकर शराब और मटन की पार्टी की गई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने आरोपियों की तलाश में जुट गई। प्रधानाध्यापक जयप्रकाश भारती ने बताया कि बृहस्पतिवार को बारिश होने के चलते में गेट का ताला नहीं बंद हो पाया था।

इसका फायदा उठाकर कुछ अराजक तत्वों ने बरामदे में घिनौना कृत की है। कार्रवाई के लिए थाने में तहरीर दी गई है।

# महिला ने एसपी से लगाई गुहार

**बरियारपुर।** सरौरा गांव निवासी सुनीता देवी ने गांव के ही कुछ लोगों पर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि थाने में तहरीर देने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने एसपी विक्रांत वीर को प्रार्थन पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग उसके दरवाजे पर आकर अपशब्द कहने लगे। विरोध करने पर मारपीट की। संवाद

# युवती को अगवाकर धर्मांतरण

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुद्रपुर/मदनपुर।** मदनपुर कस्बे में शुक्रवार को एक युवती को अगवा और जबरन धर्मांतरण कराने की सनसनीखेज घटना सामने आई है।

पीड़िता को परिजनों ने पुलिस की मदद से आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। शुक्रवार को पीड़िता का चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया।

पीड़िता के परिवार वालों का आरोप है कि बेटी की सहेली ने उसे अपने घर बुलाकर साजिश के तहत भाई से शादी कराने का दबाव बनाया। धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश की गई।

जब परिजन पहुंचे तो आरोपियों ने विरोध करने पर धमकाया और मारपीट की कोशिश की।

घटना की सूचना पाकर पुलि पर पहुंची और युवती को कराया।

पीड़िता की मां की तह पुलिस ने तीन लोगों नी अ जबरन धर्मांतरण और धमकी आरोप में केस दर्ज किया है की गंभीरता को देखते हुए अ

पूर्वांचल का अत्याधु

# पुलिस ने छह मनचलों को उठाया, अन्य की तलाश जारी

संवाद न्यूज एजेंसी

## खुखुंदू क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज में छात्राओं से छेड़खानी का मामला

खुखुंदू। क्षेत्र के एक इंटर कॉलेज की छात्राओं से छेड़खानी और छींटाकशी के मामले में छह मनचलों को पुलिस ने शुक्रवार को हिरासत में लिया है, जबकि अन्य मौके से भागने में सफल रहे। पुलिस हिरासत में लिए मनचलों से पूछताछ कर अन्य आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। इसके अलावा इंटर कॉलेज के आसपास पुलिस अब नियमित गश्त भी करेगी।

सूत्रों की मानें तो पुलिस अन्य मनचलों की धड़पकड़ के लिए आसपास गांवों में दबिश भी दे सकती है। पुलिस कार्रवाई से कॉलेज प्रशासन और छात्राओं ने राहत भरी सांस ली है। बता दें कि कॉलेज के प्रधानाचार्य ने बृहस्पतिवार को थाने में पहुंचकर इंस्पेक्टर कल्याण सिंह सागर को मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी।

सूचना मिलने के बाद पुलिस बृहस्पतिवार की शाम को भी इंटर कॉलेज के तरफ पहुंची थी। हालांकि, उस समय छुट्टी होने से पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल पाई। शुक्रवार की सुबह करीब सात बजे पुलिस फिर से इंटर कॉलेज परिसर जा पहुंची और स्कूल प्रबंधन से मनचलों के बारे में जानकारी लेकर कार्रवाई में जुट गई। इस दौरान पुलिस टीम में कुछ वर्दी तो कुछ बिना वर्दी में थे।

पुलिसकर्मियो ने अपनी गाड़ी को कॉलेज परिसर से बाहर बगल में ले जाकर खड़ी कर दी और इधर-उधर जाकर छिप गए। उधर, जैसे ही छात्राओं का आना कॉलेज की तरफ शुरू हुआ, मनचलों ने हरकतें करनी शुरू कर दी। पुलिस ने दौड़ाकर छह मनचलों को हिरासत में ले लिया। जबकि अन्य कुछ भागने में सफल रहे।

खुखुंदू थाने के इंस्पेक्टर कल्याण सिंह सागर ने बताया कि शुक्रवार की सुबह सात बजे ही स्कूल परिसर पहुंच कर मनचलों की धड़पकड़ के लिए तैयारी कर ली गई थी।

## महिला को झांसा देकर चेन उड़ाया, मुकदमा

रुद्रपुर: उपनगर के बस स्टेशन के समीप सब्जी लेने जा रही एक महिला को झांसे में लेकर उचक्कों ने आभूषण ले लिया। इस मामले में पुलिस ने अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सीसी कैमरे से मिले फुटेज के आधार पर युवकों की तलाश कर रही है। पुलिस ने इनका सार्वजनिक स्थानों पर पोस्टर भी चिपकाया है।

शिवाला वार्ड के रहने वाली कमलावती पत्नी हीरालाल चौरसिया 18 अगस्त की शाम को घर से सब्जी लेने जा रही थी। दो युवकों ने झांसा देकर सोने की चेन को झोला में डालने को कहा फिर उसे लेकर भाग निकले। यह पूरी घटना सीसी कैमरे में कैद हो गई थी। पुलिस ने सीसी कैमरे से निकलवाकर फोटो सार्वजनिक स्थानों पर चिपकाया है। कोतवाल विनोद कुमार सिंह ने कहा कि मामले में अज्ञात युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गैर इरादतन हत्या में महिला को पांच वर्ष की सजा

विधि संवाददाता, देवरिया: रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के सिधुवा निवासी मालती देवी को 17 वर्ष पूर्व हुई गैर इरादतन हत्या में दोषी पाए जाने पर शुक्रवार को सजा सुना दिया गया। अपर सत्र न्यायाधीश जगन्नाथ की अदालत ने आरोपित महिला को पांच वर्ष के कठोर कारावास के साथ ही पांच हजार रुपये जुर्माने से दंडित करने का फैसला सुनाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि 13 अक्टूबर 2008 को दोपहर एक बजे दिन में सिधुवा निवासी दिलीप पुत्र दीगराज व उसी गांव के अमित पुत्र शोभा से खेलते समय वाद विवाद होने लगा। दिलीप जब अपने घर वापस आ रहे थे तो रास्ते में घेरकर अमित उन्हें मारने लगे। दिलीप को बचाने उनकी दादी मुराती देवी पत्नी टेंगरी आईं तो उन्हें भी मालती देवी ने लात, मुक्का, थप्पड़ से मारकर चोटें पहुंचाई, जिससे वह मौके पर गिरकर मर गईं। दिलीप की सूचना पर थाना रामपुर कारखाना में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। दोनों पक्षों के तर्कों और साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात अदालत ने आरोपित महिला मालती देवी पत्नी शोभा प्रसाद को दोषी पाए जाने पर न्यायिक अभिक्षा में लेकर सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया।

# गैर इरादतन हत्या में महिला को पांच वर्ष का कारावास

**फैसला**

**देवरिया, विधि संवाददाता।** रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के सिधुवा निवासी मालती देवी को 17 वर्ष पूर्व हुई गैर ईरादतन हत्या में दोषी पाए जाने पर शुक्रवार को सजा सुना दिया गया। अपर सत्र न्यायाधीश जगन्नाथ की अदालत ने आरोपित महिला को 5 वर्ष के कठोर कारावास ₹5000 जुर्माने से दंडित करने का फैसला सुनाया।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राजेश कुमार शुक्ल ने बताया कि 13 अक्टूबर 2008 को 1:00 बजे दिन में सिधुवा निवासी दिलीप पुत्र दीगराज व उसी गांव के अमित पुत्र शोभा से खेलते समय वाद विवाद होने लगा। दिलीप जब अपने घर वापस आ रहे थे तो रास्ते में घेर कर अमित उन्हें मारने लगे । दिलीप को बचाने उनकी दादी मूराती देवी पत्नी टेंगरी आई तो उन्हें भी मालती देवी ने लात मुक्का थप्पड़ से मार कर चोटें पहुंचाई ।जिससे वह मौके पर गिरकर मर गई।

दिलीप की सूचना पर थाना रामपुर कारखाना में गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ उभय पक्ष के तर्कों व साक्ष्यों के अवलोकन के पश्चात अदालत ने आरोपित महिला मालती देवी पत्नी शोभा प्रसाद को दोषी पाए जाने पर न्यायिक अभिक्षा में लेकर सजा भुगतने हेतु जेल भेज दिया।

# साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करे पुलिस

- पुलिस लाइन सभागार में आयोजित की गई अपराध संगोष्ठी
- अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करने के भी डीआईजी ने दिए निर्देश

**देवरिया, निज संवाददाता।** पुलिस लाइन सभागार में शुक्रवार की शाम अपराध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। डीआईजी एस चनप्पा ने कहा कि साइबर अपराध पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को जागरूक करें। ताकि लोग साइबर अपराधियों के चंगुल में न आए और अपराध पर अंकुश लग सके।

उन्होंने कहा कि इनामी व गैंगस्टर के आरोपियों की तलाश कर हर हाल में गिरफ्तारी की जाए। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विवेचनाओं को निर्धारित समय में पूरा किया जाए। गुणवत्ता के साथ विवेचना होनी चाहिए, ताकि विवेचना पर किसी तरह की कोई अंगुली न उठाए। इस पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। जिन घटनाओं का पर्दाफाश नहीं हुआ है, उन घटनाओं पर समय दें और उसका हर हाल में पर्दाफाश करें। ताकि अपराधी पुलिस के हाथ से दूर न रह सके। शाम को हर चौराहे पर पुलिस की गश्त होनी चाहिए। महिला अपराध के मामले में त्वरित कार्रवाई करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं हो। थाना प्रभारी खुद महिला अपराध के मामले को देखें और मौके पर जाएं। थाने पर आने वाले हर फरियादी के साथ अच्छा व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि शराब तस्करी व अवैध शराब निर्माण पर पूरी तरह से रोक लगनी चाहिए। इससे जुड़े लोगों पर कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र पर ध्यान दें। जितने कैमरे लगेंगे, अपराध पर अंकुश तेजी से लगेगा और घटना का पर्दाफाश समय से होगा। इसके अलावा डीआईजी ने आरटीसी का भी निरीक्षण किया और महिला रिक्रूटों से भी मुलाकात कर उनसे व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। इस दौरान एएसपी सुनील कुमार सिंह, सीओ दीपक शुक्ला, संजय कुमार रेड्डी, मौजूद रहे।

# KUSHINAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2025

# चार पर बिजली चोरी का केस

**फाजिलनगर।** बिजली निगम की संघन जांच अभियान में चालीस हजार के रिकवरी के साथ चार लोगों के खिलाफ बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। बिजली उपकेंद्र फाजिलनगर के अवर अभियंता सरताज के नेतृत्व में टीम नगर पंचायत के छठियावं में जांच चलाया। कुल चालीस हजार के बकाया वसूली की गई। वहीं चार लोग बिना कनेक्शन के अवैध रूप से बिजली उपयोग करते पकड़े जाने पर मुकदमा दर्ज कराया गया। संवाद

# नहर में गिरी स्कॉर्पियो बाल-बाल बचा चालक

## चालक के साथ युवकों ने की थी मारपीट, कर रहा था पीछा

## घायल चालक का मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** पडरौना के बलूचहा पुल के पास एक स्कॉर्पियो नहर में गिर गई। हादसे में गाड़ी चालक नसरुद्दीन सिद्दीकी (40) घायल हो गए। उनको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नहर में पानी अधिक होने के कारण अभी तक स्कार्पियो का पता नहीं चल सका।

जंगल जगदीशपुर गांव के रहने वाले सीमेंट व्यवसायी नसरुद्दीन ने पुलिस को बताया कि बृहस्पतिवार की देर रात बावली चौक पर कार सवार छह युवकों ने उनके साथ मारपीट की। उन्होंने हमलावरों की गाड़ी का नंबर नोट करने के लिए पीछा किया। बारिश के कारण गाड़ी अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। वे कूदकर बाहर निकल गए। कोतवाली पड़रौना के इंस्पेक्टर हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि वाहन चालक नशे में था।

पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। स्थानीय लोगों में कुछ इसे सड़क हादसा मान रहे हैं, जबकि कुछ सुनियोजित हमले से जोड़ रहे हैं। पुलिस परिजनों के बयान दर्ज कर रही है। साथ ही वैगन आर कार सवार आरोपियों की तलाश में जुटी है। जांच रिपोर्ट से ही घटना का सच सामने आएगा।

# दीवान की भूमिका की जांच तेज,

## धर्मांतरण प्रकरण : तमकुहीराज थाने में तैनात दीवान इम्तियाज पर भी दर्ज है केस, रफी के

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** धर्मांतरण प्रकरण में पीड़िता को न्याय की सीढ़ी से खींचकर बर्बरता करने के मामले में तमकुहीराज थाने पर तैनात रहे दीवान पर भी पुलिस ने केस दर्ज किया था। इसके बाद उसे लाइन हाजिर कर दिया गया। अब सीओ खुद दीवान की भूमिका की जांच कर रहे हैं। जालीनोट कांड का मुख्य आरोपी रफी खान उर्फ बबलू का धर्मांतरण गिरोह में नाम आने और छांगुर कनेक्शन के बाद जांच का दायरा बढ़ाया गया है।

इसके अतिरिक्त पुलिस जालीनोट कांड में मिले क्लू को भी इस केस से जोड़कर देख रही है। भले ही आरोपी और उसका पक्ष रखते हुए लोग खुद को निर्दोष बता रहे हैं, लेकिन जाली नोट प्रकरण में रफी के मोबाइल से अश्लील फोटो, वीडियो व लड़कियों के नंबर मिले थे। इसके अलावा तब एक महिला ने जमीन के हेराफेरी का आरोप लगाया था। तब रफी खान उर्फ बबलू के मित्र चर्चित प्रॉपर्टी डीलर का नाम सामने आया था। उस समय चर्चा थी कि वह शहाबुद्दीन का रिश्तेदार है और अपनी काली कमाई को समाजसेवा के माध्यम से सफेद करने में जुटा है।

अब जब पीड़िता ने जाली नोट गिरोह के सरगना बबलू खान सहित उक्त चर्चित प्रॉपर्टी डीलर पर आरोप लगाया तो फिर उसके शहाबुद्दीन कनेक्शन की चर्चा होने लगी है। सूत्रों की मानें तो शहाबुद्दीन की मौत के बाद उसने पूरे पैसे को कुशीनगर में धर्म परिवर्तन, अश्लीलता और छांगुर जैसे गिरोह में लगाया है। पुलिस इन सभी एंगल पर जांच करते हुए किसी भी बात को स्पष्ट कहने में गुरेज कर रही है। हाईप्रोफाइल मामला होने के कारण पुलिस भी कुछ बताने से




मुकदमा दर्ज होने से पहले इसी कॉम्पलेक्स पर दिखा था आरोपी रफी। स्रोत-सोशल मीडिया

### सोशल मीडिया पर बचाव के लिए दलील दे रहे लोग

धर्मांतरण मामले में आरोपी रफी खान उर्फ बबलू और नौशाद खान ने सोशल मीडिया पर अपनी पूरी बात लिखकर निर्दोष बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। सभी 13 आरोपियों में सोशल मीडिया पर सबसे अधिक चर्चा आलमगीर अंसारी की है, जिसने अपने माध्यम से तो सोशल मीडिया पर कोई सफाई नहीं दी है, लेकिन उसे लेकर बड़ा तपका सोशल मीडिया पर लामबंद होकर पोस्ट कर रहा है। आलमगीर किसी भी धर्म के किसी भी आयोजन, पीड़ित के उपचार सहित किसी भी बड़े कार्यों के लिए लाखों लाख चंदा देता था, जो एक बार पैसों की मांग करता था उसे पैसे उपलब्ध कराए जाते थे। समाज में समय समय पर बड़े बड़े सेवा के लिए योगदान करते आया है। किसी बेटी की शादी हो, कथा का आयोजन हो, किसी कैंसर पेसेंट की इलाज की बात हो, समाज के हर जरूरतमंद के लिए यह समूह हजार नहीं लाखों की मदद करता है। जिससे समाज में इस ग्रुप का बड़ा ही प्रतिष्ठित छायाचित्र है। समाज में अब इस बात की चर्चा है कि क्या ये दोहरा चरित्र से समाज में ऐसा मदद करते हैं। इनके काले कारनामों पर किसी की नजर ना जाए और लोग आवाज न उठाए इसके लिए यह बड़े बड़े रकम दान करते रहते हैं।

पूरे घटनाक्रम के बारे में साक्ष्य जुटा रही है।

धर्मांतरण मामले में दर्ज मुकदमे में अधिकतर नाम प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से जाली नोट प्रकरण से भी जुड़े हैं। इसमें रफी खान उर्फ बबलू के अलावा रितेश मिश्रा, आलमगीर अंसारी और उसका बेटा प्रॉपर्टी डीलिंग से जुड़े हैं तो इम्तेयाज दीवान पर भी मुकदमा दर्ज है। सीओ खुद उसकी भूमिका की जांच कर रहे हैं।

और राजनीति से जुड़े हुए थे। उस समय जांच में जमीन में हेरफेर कर धनार्जन और महिलाओं संग अश्लीलता की बात सामने आई थी।

पर्दे के पीछे से सपोर्ट करने को लेकर एक चर्चित प्रॉपर्टी डीलर का नाम सामने आया था जो इस धर्मांतरण गिरोह में भी शामिल है। बताया जाता है कि वह 2019 में कुशीनगर में अपनी एक कंपनी का रजिस्ट्रेशन कराया। इसका उद्देश्य

पीड़िता का
करने के बा
अपने स्तर से
रही है। लख
कुशीनगर तक जो भी आ
गए हैं, उसकी जांच के
लगाई गई है। साक्ष्य हाथ
बाद पुलिस पीड़िता का ब
कराएगी। आरोपियों को पु
हिसाब से ट्रेस कर रही है।
कहना जल्दबाजी ह
-अजय सिंह, सीओ

### लखनऊ पहुंची कुशीनगर पुलिस

**पडरौना।** मुकदमे की वि
रहे विवेचक लखनऊ यु
बयान दर्ज करने के लिए
दो दिन से लखनऊ में कु
की पुलिस डेरा डाली है,
पीड़ित युवती से संपर्क न
पाया है, सिर्फ मोबाइल से
रही है। युवती की ओर से
रहे आश्वासन पर पुलिस
कर रही है। वहीं हिंदूवादी
गोपाल राय से भी पुलिस
की है। युवती का बयान
के बाद उसको साथ लेक
लौटेगी। यह दावा पडरौना
अजय कुमार सिंह ने किय

कंपनी में कई बेरोजगार
युवतियों को नौकरी दी जा
कुशीनगर में जमीन का
स्कोप नहीं होने के बाव
डीलिंग से एक कंपनी
कैसे जा सकती है।

**मिट्टी में मिलाए जा**

राज्य पिछड़ा आयोग
फूलवदन कुशवाहा ने माम
आरोपियों पर आरोप सि
बाद उनको मिट्टी में मिल
कही। फूलवदन ने
सुनियोजित तरीके से गैंग
रहा है। यही लोग हैं जिन्हें
पुलिस ने जाली नोट प्रकर



लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल ले जाते कुशीनगर विधायक पीएन पाठक।

# कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत, अधेड़ घायल

**हादसा**

**जोकवा बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** चौरा खास थाना क्षेत्र के धुनवलिया मोड़ पर शुक्रवार की दोपहर बाद तेज रफ्तार कार की ठोकर लगने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। रास्ते से गुजर रहे कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निकट के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर पहुंचाया। वहां पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायलों की हालत गंभीर बताते हुये जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इनमें एक की हालत गंभीर देख गोरखपुर मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जिसकी रात में मौत हो गयी।

निवासी ग्राम सोहंग बाइक से लाला गुरवलिया किसी कार्य से गए थे। वापसी में जैसे ही वह राष्ट्रीय राजमार्ग पर चढ़े कि फाजिलनगर की तरफ से तेज रफ्तार में बिहार से आ रही एक कार ने जोरदार ठोकर मार दिया। इस दौरान रास्ते गुजर रहे कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने तत्काल गाड़ी रोक स्थानीय लोगों की सहयोग से गंभीर रूप से घायल हरिकेश और लिटिल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फाजिलनगर पहुंचाया, जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों घायलों की स्थिति बिगड़ती देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरिकेश गोंड की हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने उसे गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया, जहां रात में उसकी मौत हो गयी। कार को लोगों ने

गैंग से जिले के 11 लोगों का कनेक्शन सामने आने के बाद पुलिस ने शुरू

# छांगुर गैंग की शिकार पीड़िता
# बयान लेने लखनऊ पहुंची पुलि

**धर्मांतरण के धंधेबाज**

- केस दर्ज होने के बाद छांगुर धर्मांतरण गैंग के खिलाफ पडरौना कोतवाली पुलिस ने शुरू की जांच
- छांगुर गैंग के 13 सदस्यों के खिलाफ दो दिन पहले पडरौना कोतवाली में दर्ज हुआ है केस

"पीड़िता का बयान लेने विवेचक लखनऊ ग बाद पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष भी क दर्ज कराया जाएगा। अन्य कानूनी औपचारिकताएं विवेचना पूरी जाएगी। अवैध धंधे से कमाई या अन्य सामने आएंगे, सभी को विवेचना में शामिल कर गह की जाएगी। दोषियों को उनके किए की सजा मिले

–डॉ. अजय कुमार सिंह, सीओ सदर

**कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता।** छांगुर गैंग से जिले के 11 लोगों का कनेक्शन सामने आने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पीड़िता का बयान दर्ज करने के लिए कोतवाली पडरौना की पुलिस टीम लखनऊ पहुंची है। इसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष भी पीड़िता का बयान दर्ज कराया जाएगा। सामने आए सभी तथ्यों की गहन जांच की जाएगी।

बीते मंगलवार को एक युवती ने लखनऊ में विश्व हिंदू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपाल राय के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर साल 2017 से अब तक रफी उर्फ बबलू खान और उसके साथियों पर यौन शोषण और जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाया। उसने बताया था कि लंबे समय तक मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न सहने के बाद उसने हिम्मत जुटाकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए कदम उठाया है।

उसी दिन शाम को तमकुही राज सीओ कार्यालय में पीड़िता की ओर से एक तहरीर भेजी गई। उसके आधार पर पडरौना कोतवाली पुलिस ने जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा, नीतू बोहरा उर्फ नसरीन, तमकुहीराज निवासी पूर्व सपा नेता रफी खान उर्फ बबलू, नौशाद खान, शेख जमालुद्दीन, हासिम खान, रितेश मिश्र, आलमगीर अंसारी, साहिल अंसारी, तनवीर, इजहारुल खान, इरसाद व तमकुहीराज में कस्बा चौकी पर तैनात दीवान इम्तियाज खान समेत 13 आरोपियों पर यौन शोषण, ब्लैकमेलिंग व धर्मांतरण आदि समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर छांगुर गैंग से जुड़े कनेक्शन की पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस ने पीड़िता के पते पर उसकी तलाश की तो पता चला कि वह लखनऊ में है। इस पर कोवताली पुलिस की एक टीम विवेचक के साथ उसका बयान दर्ज करने लखनऊ रवाना हुई। टीम वहां पहुंच चुकी है। पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष भी बयान दर्ज कराया जाएगा। अन्य कानूनी औपचारिकताएं पूरी करते हुए विवेचना पूरी की जाएगी।

## धर्मांतरण गिरोह से जुड़
## अकूत कमाई, जांच की

**कुशीनगर।** छांगुर गैंग कनेक्शन को लेकर पडरौना कोतवाली में दर्ज एफआईआर में आलमगीर अंसारी नामक प्रॉपर्टी डीलर का भी नाम है। राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा ने उसकी संपत्ति की जांच की मांग की है।

आरोप लगाया है कि वह बिहार का मूल निवासी है। कुछ समय पहले ही उसने कुशीनगर जिले में कारोबार शुरू किया है। जाली नोट कांड के मुख्य आरोपी तमकुहीराज निवासी पूर्व सपा नेता रफी उर्फ बबलू खान की मदद से उसने चंद समय में ही जमीन के खरीद फरोख्त से अकूत क बिहार के पूर्व मा कनेक्शन रहा है सदस्य कुशवाहा उसकी इतनी तेजी हैरत में थे। लोगों क अंदेशा था। वह लड़ने की भी तैयारी उसका छांगुर कनेक बाद स्पष्ट हो गया है इस तरह के आपरा था। पूर्व में सपा की इनका दबदबा था खिलाफ सामने नही

# फर्जी केस दर्ज करने का अ
# अधिवक्ताओं ने किया प्रदश

**तमकुहीराज**। शुक्रवार को बार संघ तमकुहीराज के अध्यक्ष विनोद सिंह पटेल की अगुवाई में अधिवक्ता संघ ने बैठक कर संघ के सदस्य अधिवक्ता हाशिम अली को फर्जी मुकदमे में फंसाने का आरोप लगाते हुए पडरौना कोतवाली में दर्ज मुकदमे को झूठा करार दिया। अधिवक्ताओं का आरोप था कि एक साजिश के तहत बेगुनाह अधिवक्ता के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उनका उत्पीड़न किया जा रहा है। बैठक के बाद

अधिवक्ताओं ने पुलि
फर्जी मुकदमा दर्ज क
लगाते हुए विरोध प्रद
नाराजगी का इजहार वि
अधिवक्ताओं के एक
ने राज्यपाल को स
एसडीएम तमकुहीराज
को सौंपा। इस दौरा
महामंत्री अजय राय
अशोक राय, घनश्य
जाबिर अली, रकीब अ
अली, आरएन पांडेय,

# हैदराबाद ले जाकर पति को गायब करने का आरोप

**तमकुहीराज।** तमकुहीराज के कोइन्दी बुजुर्ग गांव की महिला ने अपने जेठ पर उसके पति को हैदराबाद ले जाकर गायब कर देने का आरोप लगाया है। तमकुहीराज थाने पहुंच कर पुलिस को दिए तहरीर में पीड़ित सोना देवी ने आरोप लगाया है कि लगभग दस माह पूर्व जेठ उसके पति राजेन्द्र खरवार को मेहनत मजदूरी का कार्य करने के लिये हैदराबाद ले गया। जिसके बाद से उसके पति का कही अता पता नहीं चल रहा है। पीड़ित महिला ने बताया कि जेठ से पति के बारे में पूछताछ करने पर वह कई तरह के बहाने बनाते रहे। कोई ठोस जबाब नही दे रहे हैं। जिससे उसको अपने पति की सुरक्षा को लेकर एक अनजाना भय सता रहा है। पीड़ित महिला के मुताबिक उसका पति ही परिवार का एक मात्र कमाऊ सदस्य है। उसके तीन छोटे छोटे बच्चे हैं। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष तमकुहीराज सुशील कुमार शुक्ला ने बताया कि शिकायत संज्ञान में है। मामले की जांच कर कारवाई की जाएगी।

# पूर्व सभासद समेत चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा

जासं, कसया: सभासद व पूर्व सभासद प्रतिनिधि के बीच हुए विवाद में शुक्रवार को पुलिस ने सभासद की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया। सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह ने तहरीर में कहा कि पूर्व सभासद प्रतिनिधि अमरजीत सिंह का धर्मकांटा है। इसी भूमि के बीच से नाला निर्माण होना है। आरोप है कि इसी दौरान पूर्व सभासद प्रतिनिधि व उनके पुत्र प्रियेश व

# डोल : निकलीं झांकियां खिलाड़ियों ने दिखाए करतब

## छितौनी में निकाला गया जुलूस, भक्ति गीतों पर झूमे लोग



छितौनी में डोल मेले के दौरान निकाली गई झांकी में शामिल लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**छितौनी।** हनुमानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत छितौनी में बृहस्पतिवार की रात डोल मेला में कड़ी सुरक्षा के बीच बृहस्पतिवार की रात जुलूस निकला। जुलूस में अखाड़ेदारों की ओर से प्रस्तुत की गई झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। डोल मेले का शुभारंभ देर रात को नगर पंचायत छितौनी के चेयरमैन अशोक निषाद और हनुमानगंज थानाध्यक्ष संजय कुमार ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

मेले में राधा-कृष्ण, शिव-पार्वती और शेषनाग की भव्य झांकियां निकाली गईं। महावीर अखाड़ा और बजरंगबली अखाड़ा के कलाकारों की कलाबाजी ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। झांकियों का जुलूस बैंक रोड से शुरू होकर स्टेशन रोड और इंटर कॉलेज रोड होते हुए छितौनी बाईपास तक गया। देर रात करीब तीन बजे बस स्टैंड पर कार्यक्रम संपन्न हुआ।

इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय सिंह ने कहा कि डोल मेला हमारी आस्था और परंपरा का प्रतीक है। इसमें हर वर्ग और समुदाय की भागीदारी यह साबित करती है कि छितौनी आपसी भाईचारे और गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल है।

हम प्रयास करेंगे कि हर साल इसे और भव्य स्वरूप दिया जाए कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। एसडीएम खड्डा रामवीर सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया।

### तमकुहीराज में हुई पीस कमेटी की बैठक

**तमकुहीराज।** स्थानीय कस्बा स्थित थाना परिसर में एसडीएम तमकुहीराज की अध्यक्षता में कस्बे मे आयोजित होने वाले आगामी 26 व 27 अगस्त को डोल मेला के सकुशल संपन्न कराने के पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में मेला आयोजकों से डोल मेला को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुझाव व अन्य बिंदुओं पर चर्चा करने के बाद उन्हें आवश्यक निर्देश दिया गया। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2025

# शरीर पर आठ चोट के निशान हत्या का दर्ज हुआ है मामला

- खुशहालनगर रेलवे स्टेशन के पास हाथ-पैर बांधकर फेंके गए अज्ञात युवक के शव के मामले में काम कर रही है पुलिस

जागरण संवाददाता, महराजगंजः जिले के घुघली-कप्तानगंज रेल मार्ग पर 18 अगस्त की सुबह खुशहाल नगर रेलवे स्टेशन के पास हाथ-पैर बांधकर फेंके गए अज्ञात युवक के शव की शिनाख्त अभी तक नहीं हो सकी है। हालांकि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक के शरीर पर आठ स्थानों पर चोट के निशान पाए गए हैं। इस आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। युवक की पहचान के लिए महराजगंज पुलिस की तीन टीमें बिहार में सक्रिय हैं, लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है।

खुशहाल नगर रेलवे स्टेशन से 500 मीटर दक्षिण दिशा में 276 नंबर पोल के पास मृत युवक का शव मिला था, जिसके दोनों हाथ और पैर गमछे से बंधे हुए थे। घटना के दिन एसपी सोमेन्द्र मीना और एएसपी सिद्धार्थ ने फोरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक के सीने पर बाईं ओर "मर्द" लिखा हुआ मिला, जबकि दाहिने हाथ पर

शामिल 12 पुलिसकर्मी घटना के बाद से ही बिहार में शिनाख्त के लिए जुटे हैं, लेकिन अभी तक सफलता नहीं मिली है। 21 अगस्त को पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें सीने, हाथ, पैर, घुटना, पीठ और जांघ सहित कुल आठ जगहों पर चोट के निशान पाए गए। पुलिस टीम बिहार के थानों में हुलिया के अनुसार गुमशुदगी दर्ज होने की जानकारी जुटा रही है। नरकटियागंज से घुघली-कप्तानगंज रेल मार्ग पर तीन ट्रेनों का संचालन हुआ है, इस दौरान संबंधित हुलिए के व्यक्ति के ट्रेन में चढ़ने की जानकारी के लिए सीसी कैमरों की जांच की जा रही है। आस-पास के जनपदों के थानों को भी सूचना भेजी गई है। अन्य लोगों से भी पुलिस जानकारी एकत्रित कर रही है। घुघली थानाध्यक्ष

# हादसे में घायल युवक की मौत, मु

**कार्रवाई**

**सिंदुरिया, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र के मिठौरा चौराहे के पास शनिवार की रात हुए सड़क हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ग्राम किशुनपुर थाना कोतवाली ठूठीबारी निवासी गोपाल यादव ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनका भाई रामबहाल शनिवार शाम अपने ससुराल सदर कोतवाली क्षेत्र के बागापार जा रहा था।

रात करीब 8 बजे जब वह मिठौरा चौराहे के पास पहुंचा और अपनी बाइक रोक लघुशंका करने लगा, तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर

मार
से घ
मदद
सीए
डॉक्ट
अस्प
बीअ
भेजा
4 ब
हो ग

# पति व ससुर समेत प
# दहेज उत्पीड़न का के

निचलौल, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय पुलिस ने एक विवाहिता की तहरीर पर उसके पति और ससुर समेत पांच के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस को दी गई तहरीर में निचलौल कस्बे के हर्रेडीह मोहल्ला निवासी रामाश्रय विश्वकर्मा की पुत्री गुंजा ने बताया है कि उसकी शादी 11 मार्च 2024 को गोरखपुर नगर निगम के ईडब्ल्यूएस फेज एक राप्तीनगर निवासी रामबेलास के पुत्र अनुराग से हुई थी। शादी में उसके पिता ने अपनी क्षमता के अनुसार दहेज देकर उसे विदा किया था।

पहुंचा दिया। उ
कराया, इस दौरा
गर्भवती है।इसक
अपने ससुराल में
जब ससुराल गई
मारपीट कर उसे
बीते छह दिसंबर
उसने एक बच्ची
अपने ससुराल
लोगों ने मारपीट
एक लाख रुपए
एसओ अखिलेश
कि विवाहिता की
अनुसार ससुरा

# महराजगंज में हैंडपंप

# उतरने से पिता-पुत्र

**दुखद**

**ठूठीबारी (महराजगंज), हिसं।** कोतवाली क्षेत्र के सुकरहर गांव में शुक्रवार की सुबह स्नान करते समय हैंडपंप में करंट उतरने से पिता-पुत्र बुरी तरह झुलस गए। परिजन उन्हें निचलौल सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

सुकरहर गांव के श्रीकांत यादव (60) सुबह आंगन में लगे हैंडपंप से स्नान कर रहे थे। हैंडपंप पर बिजली से जुड़ा मोटर पंप लगा था। स्नान के दौरान अचानक करंट हैंडपंप में फैल गया और



संतोष (फाइल)

उसने हैंडपंप को
की जद में आ गया
दोनों अचेत होकर
आनन-फानन में
सीएचसी ले गए,
कर दिया गया। पु
पोस्टमार्टम के
श्रीकांत अपने पी

# समूह से लोन दिलाने के नाम पर 35 हजार रुपये की ठगी

**नौतनवा।** समूह से लोन दिलाने के नाम पर क्षेत्र के ही एक व्यक्ति ने सात लोगों से 35 हजार रुपये की ठगी की है। पीड़ितों ने सोनौली थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा जमुहानी निवासी शिकायतकर्ता रामू, प्रकाश, दशरथ, नंदलाल, रमेश, शंकर व इतेश का कहना है कि करीब तीन माह पूर्व सोनौली क्षेत्र के ग्राम महुअवा का एक युवक गांव में आया। लोगों को अपने झांसे में लेकर समूह से एक लाख 20 हजार रुपये लोन पास कराने के नाम पर सात लोगों से पांच-पांच हजार रुपये वसूल लिए। कुछ दिन बीत जाने के बाद भी जब काम नहीं हुआ, तो लोग पैसा वापस करने की मांग करने लगे। इसके बाद वह व्यक्ति रुपये वापस करने में आनाकानी करने लगा। तीन माह बीतने के बाद भी उसने पैसे नहीं दिए।

शुक्रवार की दोपहर पीड़ितों ने सोनौली थाने में शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष सोनौली अजीत प्रताप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में है। जांच-पड़ताल की जा रही है। संवाद

## मारपीट में दो पर केस दर्ज

**पनियरा।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजौड़ा पंजुम निवासी बालगोविंद ने अपने ही गांव के दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर देकर बेवजह मारने पीटने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार, बुधवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे वह गांव के चौराहे पर जा रहा था। तभी उसके गांव के जय किशुन व सोनू पहुंचे और बेवजह उसे गाली गुप्ता देने लगे। उसने जब विरोध किया तो मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मामले में थानाध्यक्ष पनियरा आषीश कुमार सिंह ने जय किशुन और सोनू के खिलाफ केस दर्ज होने की पुष्टि की। संवाद

# रिटायर्ड कानूनगो से 10 ठगी, कंपनी के नाम प

### पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया, जगदीश को म

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले में एक रिटायर्ड कानूनगो को कंपनी बनाने के नाम पर 10 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित जगदीश लाल श्रीवास्तव ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने सरकारी क्रय केंद्र खोलने का झांसा देकर उनके रिटायरमेंट के पैसे हड़प लिए और अब गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। थाना पनियरा पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

ग्राम गढ़वा थाना फरेंदा के पीड़ित रिटायर्ड कानूनगो जगदीश लाल श्रीवास्तव ने बताया कि रिटायरमेंट के बाद मिले पैसे के सुरक्षित निवेश के बारे में सोचा था लेकिन आरोपियों ने उन्हें एक साजिश में फंसा लिया। पीड़ित के अनुसार, आरोपी अजीत कुमार सिंह पुत्र योगेंद्र सिंह, ग्राम बैजूडेहरा, थाना पनियरा, महराजगंज, माधुरी देवी पत्नी रुदल जायसवाल, ग्राम सुमेरगढ़, थाना श्यामदेउरवा, महराजगंज और उनके पुत्र देवव्रत कुमार जायसवाल ने मिलकर एक कंपनी 'किसान कृपा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड' खोली। उन्होंने जगदीश को बताया कि इस कंपनी के माध्यम से सरकारी क्रय केंद्र खोला जाएगा और रबी-2022 से क्रय का काम शुरू होगा। कंपनी में 10 डायरेक्टर होंगे, जिनमें से पांच मुख्य डायरेक्टर होंगे। प्रत्येक को 20-20

**किसान कृपा फार्मर प्रोड्**
**कंपनी लिमिटेड नाम स**
**खोली थी फर्जी कंपनी**

लाख रुपये लगाने होंगे और मु हिस्सेदारी बराबर बांटी जाएगी।

इस झांसे में आकर जगदीश मार्च 2022 को अपने बचत ख यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (पूर्व बड़ौदा बैंक), शाखा खजुरिय चेक नंबर 295979 जारी किया चेक 10 लाख रुपये का था औ अजीत कुमार सिंह व देवव्रत जायसवाल को सौंपा गया। चेक भुगतान 13 अप्रैल 2022 को के खाते में हो गया। पीड़ित ने ब कि शुरू में सब कुछ ठीक लग

# पुलिस अधीक्षक ने ली परेड की सलामी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा ने रिजर्व पुलिस लाइन परेड ग्राउंड पर शुक्रवार के परेड की सलामी ली। इसके बाद उन्होंने यूपी 112 वाहनों, क्वार्टर गार्ड, आरक्षी बैरक, भोजनालय, शौचालय, रेडियो शाखा, 112 कंट्रोल रूम, एमटी शाखा, डीसीआर कक्ष, स्टोर रूम, अर्दली रूम आदि का निरीक्षण किया।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में शुक्रवार के परेड की सलामी ली और परेड मार्चअप/स्क्वाड ड्रिल का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से परेड और व्यायाम करने का निर्देश दिया। एसपी ने पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण करते हुए फील्ड यूनिट, रेडियो शाखा, महिला हॉस्टल का भी निरीक्षण किया।

## चप्पल व बेड शीट बरामद

**खनुआ।** खनुआ चौकी पुलिस ने शुक्रवार को गश्त के दौरान एक युवक के कब्जे से चप्पल व बेड शीट बरामद करते हुए कस्टम नौतनवा को सुपुर्द किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान प्रदीप सहानी निवासी ग्राम खनुआ के कब्जे से 276 चप्पल व 21 पीस बेड सीट व एक साइकिल बरामद किया है। यह जानकारी खनुआ चौकी प्रभारी विजय द्विवेदी ने दी। संवाद

## पांच लावारिस बाइकों की होगी नीलामी

**परसामलिक।** स्थानीय थाना परिसर में खड़ी पांच लावारिस बाइकों की नीलामी 6 सितंबर 2025 को मजिस्ट्रेट तहसीलदार की निगरानी में होगी। परसामलिक थाने के प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय ने विज्ञप्ति जारी कर बताया है कि इच्छुक व्यक्ति नीलामी में शामिल हो सकते हैं। संवाद

# दहेज उत्पीड़न के मामले में पति सहित पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जासं, निचलौल: दहेज के लिए बहू के साथ मारपीट और प्रताड़ना के मामले में निचलौल पुलिस ने पति सहित पांच आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सभी आरोपित गोरखपुर के निवासी हैं। नगर पंचायत वार्ड नंबर पांच हरेंडीह की निवासी गुंजा विश्वकर्मा ने थाना प्रभारी को दी गई तहरीर में बताया कि उसका विवाह 11 मार्च 2024 को अनुराग शर्मा, निवासी राप्ती नगर गोरखपुर से हुआ था।

विवाह के कुछ समय बाद ही पति अनुराग और ननद ज्योति तथा राजलक्ष्मी ने उसके साथ मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। गुंजा ने बताया कि इसके बाद वह अपने पिता के घर चली गई, लेकिन

- गोरखपुर जनपद के रहने वाले सभी आरोपित
- बहू से मारपीट करने के मामले हुई है कार्रवाई

कुछ दिन बाद जब वह ससुराल ग तो उसके ससुर रामविलास शर्मा, ज सुशील और ननदें राजलक्ष्मी अ ज्योति ने उसे फिर से मारपीट शिकार बनाया और बाल पकड़ सड़क पर धक्का दे दिया। थाना प्रभ अखिलेश कुमार वर्मा ने बताया तहरीर के आधार पर पति अनुर उर्फ सुधीर, ससुर रामविला सुशील, ज्योति और राजलक्ष्मी खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर ज की जा रही है।

# BASTI POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2025

# विकास कार्यों की समीक्षा में अधिकारियों ने प्रस्तुत किये प्रगति रिपोर्ट

**बस्ती (एसएनबी)।** मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में मण्डलीय विकास कार्यों की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई, जिसमें मण्डल के अधिकारियों ने अपनी-अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए मण्डलायुक्त ने मण्डल स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि शासन द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि शासन की प्राथमिकता वाले कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार नही की जायेंगी।

प्रदेश में जनपद और मण्डल की रैंक बेहतर करने के लिए निरन्तर सक्रिय रहकर आपसी समन्वय से कार्य करें। यह ध्यान दें कि प्रत्येक दशा में योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को ही मिले। बैठक में उन्होंने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, विद्युत बिल में सुधार हेतु आवेदन, डेएनआरएलएम बैंक क्रेडिट लिंकेज, जलजीवन मिशन, फैमिली आईडी, 15वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, 5वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, स्वच्छ भारत मिशन फेज-2, पर्यटन राज्य योजना, निपुण परीक्षा आकलन, मध्यान्ह भोजन एवं विद्यार्थी उपस्थिति, शादी अनुदान, नई सड़क का निर्माण सहित अन्य योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक दशा में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति करना सुनिश्चित करें, जिससे जनपद की रैंक प्रथम स्थान पर रहें। उन्होंने मण्डल में यूरिया उर्वरक की उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति पर गहरी नाराजगी जताते हुए संयुक्त कृषि निदेशक आरबी राम को निर्देश दिया कि नियमानुसार उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित करें। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त कमलाकान्त पाण्डेय ने किया। बैठक में डीएम बस्ती रवीश गुप्ता, सिद्धार्थनगर राजा गणपति आर, संतकबीरनगर आलोक कुमार, सीडीओ बस्ती सार्थक अग्रवाल, सिद्धार्थनगर बलराम सिंह, संतकबीरनगर जयकेश त्रिपाठी, तीनों जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारी, उप निदेशक पंचायत समरजीत यादव, सहायक वन संरक्षक बीपी सिंह, अधिशासी अभियन्ता विद्युत रणजीत चौधरी, अधिशासी अभियन्ता जलनिगम महेन्द्र राम, जिला समाज कल्याण अधिकारी लालजी यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी डा राजमंगल चौधरी, डीएचओ अरूण कुमार त्रिपाठी, एलडीएम आरएन मौर्या, पर्यटन अधिकारी विकास नारायण, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी एके गुप्ता, वरिष्ट सहायक सुहेल अहमद सहित मण्डल स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# मार्ग दुर्घटना में इण्टर कॉलेज के शिक्षक की मौत



वाल्टरगंज (एसएनबी)। सदर विकास खण्ड अन्तर्गत बेलहरा स्थित एक इण्टर कालेज के शिक्षक की बाइक शुक्रवार को स्कूल जाते समय मनौरी ओवर ब्रिज के ऊपर दुर्घटना ग्रस्त हो गयी। जिसमें शिक्षक की घटना स्थल पर मौत हो गयी जबकि दो अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस दुखद घटना से स्कूल के प्रबन्धक, अध्यापको सहित पूरे जनपद के शिक्षको में शोक व्याप्त है।

जानकारी के गौर थाना क्षेत्र अन्तर्गत अजगैवा ग्राम पंचायत के नोनहा गांव निवासी जितेन्द्र कुमार (37) पुत्र निरहू यादव बेलहरा स्थित आनन्द इण्टर कालेज में हिन्दी के अध्यापक के पद पर तैनात थे। वह प्रतिदिन की भांति शुक्रवार को शैक्षिक कार्य के लिए स्कूल पर आ रहे थे। जैसे ही वह मनौरी रेलवे ओवर ब्रिज पर पहुंचे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनके बाइक की आमने सामने की भिडन्त हो गयी। जितेन्द्र अनियंत्रित होकर बाइक से सड़क पर गिर गये। इस दौरान पीछे से आ रही ट्रक उनके शरीर पर चढ़ता हुआ निकल गया। जिसमें जितेन्द्र कुमार की घटना स्थल पर दुखद मौत हो गयी। वहीं इसी हादसे में दो अन्य लोग भी गम्भीर रूप से घायल हो गये। जिनका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। घटना की सूचना जैसे ही उनके घर पर पहुची तो पूरे परिवार में मातम पसर गया। उनकी पत्नी शशि यादव शहर स्थित आर्य कन्या इण्टर कालेज में सहायक अध्यापिका पद पर कार्यरत है। वहीं आनन्द इण्टर कालेज के प्रबन्धक कौशलेंद्र बहादुर सिंह, प्रधानाचार्य संजय कुमार द्विवेदी, अमरनाथ गुप्ता, ड़ विकास भट्ट कामिल, प्रेम कुमार शर्मा, चंद्रशेखर चौधरी, आशुतोष मिश्रा, सुमन वर्मा, उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष शिवपाल सिंह, जिला मंत्री गिरीश चंद्र चौबे सहित जनपद के तमाम शिक्षकों ने गहरा दुख व्यक्त किया है।

# चीनी मिल पर धरना जारी, मिला कप्तानगंज विधायक का समर्थन



**वाल्टरगंज (एसएनबी)।** गोविन्द नगर शुगर मिल चलाने को लेकर क्षेत्र के किसान मजदूर और व्यापारियों का धरना चौथे दिन जारी रहा। धरने को कप्तानगंज के विधायक अतुल चौधरी ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया और कहा कि किसी भी सूरत में मिल चलेगी इसके लिए जो भी संघर्ष करना होगा हम सब तैयार है।

विधायक अतुल चौधरी ने कहा कि वर्तमान सरकार किसान विरोधी सरकार है केवल डबल इंजन खाने को है। क्षेत्र का किसान गन्ना की फसल पर निर्भर था और अपना गन्ना चीनी मिल को बेचकर परिवार का पालन पोषण करता था लेकिन भाजपा सरकार में किसान मजदूर और व्यापारी सड़क पर उतर रही है। श्री चौधरी ने कहा कि यदि जिला प्रशासन किसी भी प्रकार का कोई भी सामान यहां से ले जाने का प्रयास किया तो निश्चित ही या बहुत बड़े आंदोलन को न्यौता देना होगा। कहा जिला प्रशासन ने बस्ती चीनी मिल को स्क्रैप में काटकर भेज दिया अब वहां की खाली पड़ी जमीनों से किसने और मजदूरों को बकाया भुगतान किया जाए। उन्होंने कर्मचारियों से शांतिपूर्ण तरीके से अपने धरने को अनावर्त जारी रखने का अनुरोध किया है।

# पूर्व थानाध्यक्ष और एसआई के खिलाफ वारंट

**बस्ती।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम सबीहा खातून ने न्यायालय के आदेश की नाफरमानी करने पर पूर्व थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती अवधराज सिंह, डॉ. मासूमा खातून व उपनिरीक्षक राजकुमार के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। 16 सितंबर 2025 को न्यायालय में उपस्थित करने के लिए थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती को निर्देशित किया गया है। घरसोहिया निवासी सुरेशचंद्र मिश्र ने हनुमत शुक्ला एडवोकेट के माध्यम से अदालत में शिकायती-पत्र देकर कहा कि संतकबीरनगर जनपद के दुधारा थानाक्षेत्र के करही गांव की डॉ. मासूमा खातून ने घरसोहिया गांव में घाटा संख्या 73 में कुछ जमीन खरीदा। अपने जमीन तक पहुंचने के लिए सुरेश चंद्र मिश्र की जमीन से रास्ता निकालने का प्रयास करने लगीं। सुरेश चंद्र मिश्र ने दीवानी दावा दाखिल कर स्टे ले लिया। 15 जनवरी 2021 को मासूमा खातून लेखपाल-कानूनगो को साजिश में लेकर तत्कालीन थानाध्यक्ष अवधराज सिंह प्लास्टिक कॉम्प्लेक्स इंचार्ज राजकुमार की मदद से जबरन रास्ता निकालने का प्रयास किया। अदालत ने आदेश 11 अक्टूबर 2021 के द्वारा सुसंगत धाराओं में आरोपित मानते हुए तलब किया था। तीनों आरोपी अदालत में उपस्थित नहीं आए। जबकि लेखपाल व कानूनगो अदालत में हाजिर होकर कार्यवाही में भाग ले रहे हैं।

# चौकड़ी टोल को श्रम विभाग का नोटिस, मचा हड़कंप

**कप्तानगंज।** बस्ती जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग पर संचालित चौकड़ी टोल प्लाजा को श्रम विभाग ने नोटिस भेज कर बिना कारण तैनात कर्मचारियों को हटाने के मामले में जवाब-तलब किया है। इससे टोल के जिम्मेदारों में हड़कंप मच गया है। इस बारे में चौकड़ी टोल प्लाजा के मैनेजर रमेश सिंह सोलंकी ने कहा कि नोटिस मिला है कंपनी के सीजीएम और एचआर को भेज दिया गया है।

गौरतलब है कि चौकड़ी टोल प्लाजा (पार्थ इंडिया) प्रकाश एसपालटिंग एंड टोल हाईवे इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित हो रही है। कंपनी को 19 अप्रैल को टेंडर मिला है। कम्पनी की ओर से पूर्व में तैनात रहे मैनेजर संदीप सिंह मान को कंपनी ने झूठे आरोप में बिना नोटिस दिए हटाकर वेतन भी रोक लिया गया। इस वजह से मैनेजर के पद पर तैनात रहे संदीप सिंह मान निवासी गंगानगर राजस्थान ने श्रम विभाग बस्ती में शिकायती-पत्र और साक्ष्य प्रस्तुत कर बिना नोटिस हटाए जाने की शिकायत की थी। श्रम विभाग ने चौकड़ी टोल प्लाजा कम्पनी के सीजीएम और एचआर को नोटिस जारी करते हुए जवाब मांगा है। सहायक श्रम आयुक्त बस्ती मंडल की ओर से टोल के जिम्मेदारों को भेजी गई नोटिस में कहा गया है कि कंपनी के जिम्मेदार साक्ष्यों और अभिलेखों के साथ प्रस्तुत हों जिससे मामले का निस्तारण किया जा सके। शिकायतकर्ता संदीप मान का कहना है कि बिना किसी कारण के कंपनी ने जबरन उन्हें हटा दिया है।

**निर्देश** | **मंडलायुक्त की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की हुई समीक्षा बै**

# निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग पर करें क

**बस्ती, निज संवाददाता।** मंडलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की मासिक समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में हुई।

मंडलायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लाएं। प्रवर्तन से संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्यवाई की जाए तथा निजी वाहनों को व्यवसायिक प्रयोग में लाने वाले वाहन स्वामियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। मंडलायुक्त ने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जांच प्रक्रिया में सैम्पलिंग रिपोर्ट में तेजी लाई जाए। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इससे संबंधित प्रकरण किसी भी स्तर पर लंबित न रहें। प्रकरण से संबंधित अधिकारी बैठक कर तत्काल निस्तारित कराएं। न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धारा-24 और 116 से संबंधित प्रकरण को नियमानुसार शीघ्र अतिशीघ्र निस्तारित करें। संचालन अपर आयुक्त प्रशासन मनोज तिवारी



मंडलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल अफसर।

## कार्य योजन
## चलाएं अभिय

मंडलायुक्त ने कहा
अपेक्षित प्रगति में पि
योजना बनाकर नि
उन्होंने आईजीआर
लाइन की समीक्षा
को शिकायतों का
गुणवत्तापूर्ण कराने
ने किया।

डीएम बस्ती र
सिद्धार्थनगर राजा
संतकबीरनगर अ
जिलों के एसपी,
चौहान, प्रशासनि
पांडेय उपस्थित र

# बाइक की भिड़ंत में शिक्षक की मृत्यु, ए

जागरण संवाददाता, गनेशपुर, बस्तीः बाइकों की आमने-आमने की टक्कर में एक शिक्षक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह घटना बनकटा ओवरब्रिज पर शुक्रवार को हुई। दुर्घटना में एक बाइक सवार के सड़क पर गिरते ही उनके ऊपर से ट्रक गुजर गई, जिससे मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान गौर क्षेत्र के अजौवा जंगल टोला नोनहा निवासी 40 वर्षीय शिक्षक जितेंद्र यादव पुत्र निरहू के रूप में हुई। वह आनंद इंटर कालेज बेलहरा में सहायक अध्यापक थे।



जितेंद्र • फाइल फोटो

उनकी पत्नी शशि यादव भी शिक्षक हैं। वे आर्य कन्या इंटर कालेज बस्ती में तैनात हैं। शिक्षक दंपती अपनी तीन माह की बच्ची के साथ बस्ती में किराए के मकान में रहते थे। जितेंद्र बस्ती से ही प्रतिदिन विद्यालय आते-जाते थे।



रोती बिलखती मृतक शिक्षक की पत्नी • जागरण

शुक्रवार की सुबह वे विद्यालय ही जा रहे थे कि हादसे के शिकार हो गए। हेलमेट लगाने के बाद भी उनकी जान नहीं बच सकी।

दुर्घटना में घायल दूसरे बाइक सवार की पहचान गौर थाना क्षेत्र के आमा टिनिच निवासी ओम प्रकाश चौरसिया पुत्र राम अनुज के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंचे यूपी 112 के पीआरवी के सिपाहियों ने घायल ओमप्रकाश को एंबुलेंस की मदद से

जिला अस्पता
पहुंचे मृतक के
चीखने-चिल्ला
भाइयों में पांच
के बड़े भाई
कुमार, धीरेंद्र
इकलौती बहन
की पत्नी शशि
बुरा हाल है। पु
में लेकर पंचन
के लिए भेज दि

स्त्रिय

# अब तीन दिन बस्ती में भी बन सकेग

जासं, बस्तीः पासपोर्ट आवेदन करने वालों को अब भटकना नहीं पड़ेगा। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ ने मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा की शुरुआत की है, जो जनपद में एक से तीन सितंबर तक प्रधान डाकघर पर मौजूद रहेगी। नागरिकों को त्वरित, सरल व सुलभ पासपोर्ट सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण पहल करते हुए क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ द्वारा मोबाइल पासपोर्ट वैन सेवा की शुरुआत की गई है। दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को लंबी दूरी तय किए बिना ही पासपोर्ट आवेदन की सुविधा नजदीकी स्थान पर मिल सके। प्रत्येक दिन के लिए कुल 40



मोबाइल पासपोर्ट वैन
सामान्य अपाइंटमें
यह जानकारी देते
सिंह चौहान ने
www.passport
पोर्टल पर केंद्र
1(VAN-1) का
अपाइंटमेंट बुक क

# चेयरमैन पर धोखाधड़ी का केस, प्रशासन व

## कार्य कराने से पहले भुगतान लेने और धमकी देने का लगाया गया है आरोप, पुलि

जागरण संवाददाता, बस्तीः नगर पंचायत रुधौली के चेयरमैन धीरसेन निषाद पर ठीके में धोखाधड़ी करने व धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित ने इसके लिए कलेक्ट्रेट पर धरना दिया था और कार्रवाई की मांग की थी। वहीं दूसरी तरफ इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने जांच कराई तो कार्य और भुगतान में किसी तरह की कोई अनियमितता नहीं मिली। एसडीएम रुधौली मनोज प्रकाश और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता शुभम पटेल ने अपनी जांच रिपोर्ट डीएम को सौंप दी है, जिसमें टीम ने शिकायत को असत्य और निराधार माना है।

- एसडीएम रुधौली व सहायक अभियंता की जांच में शिकायत असत्य और निराधार
- पाकिस्तान की आइडी वाले नंबर से ठीकेदार को मोबाइल पर धमकी देने का लगाया आरोप

"चेयरमैन के विरुद्ध संबंधित व्यक्ति ने जिलाधिकारी के यहां धरना दिया था, जिस पर उच्चाधिकारियों ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया था, जिसके आधार पर चेयरमैन के विरुद्ध धोखाधड़ी और धमकी का मुकदमा दर्ज किया गया है। किसी तरह के गबन को कोई मुकदमा नहीं बनता है।

महेश सिंह, थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती

### ठीकेदार ने पेशबंदी में लिखवाया मुकदमा : धीरसे

चेयरमैन धीरेसेन निषाद ने कहा कि वार्ड नंबर नौ शिव गुलाम सिंह नगर में पोखरा सुंदरीकरण हेतु नगर पंचायत द्वारा गोनिल कंस्ट्रक्शन को टेंडर दिया गया था, जिसके प्रोपराइटर सिद्धार्थनगर की नीलम देवी हैं। नंदलाल वर्मा से नपं कार्यालय से कोई मतलब नहीं है और ना ही वह कार्यालय के रजिस्टर्ड ठीकेदार हैं। नपं द्वारा उनको कोई काम नहीं दिया गया है। हमारे ऊपर लगाए आरोप पूर्णतया गलत व निराधार है। मेरे द्वारा इनसे किसी प्रकार का कोई पैसा नहीं लिया गया। नंदलाल शिकायत के आधार पर डीएम 14 अगस्त को दो सद टीम द्वारा जांच करा जिसमें पाया गया कंपनी द्वारा स्थल प प्रतिशत कार्य कराया है, जिसके सापेक्ष में पंचायत द्वारा 22 प्र (छह लाख 72 हजार भुगतान किया जा चु अवशेष धनराशि नपं के खा संरक्षित है। जांच कमेटी द्वारा किया गया है कि नंदलाल द्वारा क शिकायत पूर्णता असत्य है।



धीरसेन निषाद, चेयरमैन, नपं रुधौली

पुरानी बस्ती क्षेत्र के ब्योतहरा गांव निवासी नंदलाल ने दी गई तहरीर में बताया कि नगर पंचायत रुधौली के शिवगुलाम नगर वार्ड नंबर नौ में 29 लाख 80 हजार रुपये का पोखरा सुंदरीकरण का ठीका गोनिल कंस्ट्रक्शन की प्रोपराइटर नीलम को मिला था। नीलम देवी के

# डेटा माइनिंग से आसान होगी अपराधियों की ह

जासं, बस्ती: अपराध नियंत्रण व अपराधियों के पहचान में तेजी लाने के लिए जनपद पुलिस अब नई और उन्नत तकनीक का सहारा लेने जा रही है। थानावार हर अपराधी का डेटा आनलाइन आधार पर माइन किया जाएगा, जिससे अपराधों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सीसीटीएनएस (क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एण्ड सिस्टम) कंट्रोल के जरिए तत्काल प्राप्त हो सकेगी। इसके जरिए पुलिस को जल्द कार्रवाई करने में मदद मिलेगी। यह कदम अपराधियों के द्वारा दोबारा अपराधों को रोकने और समय रहते उनकी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए उठाया जा रहा है। इसके तहत हर अपराधी का

- थानावार आरंभ हुई सभी अपराधियों की डेटा माइनिंग
- अपराधियों पर कार्रवाई के लिए थाने की निर्भरता होगी दूर

यह कदम अपराधियों के विरुद्ध हमारी कार्रवाई को और अधिक मजबूत बनाएगा। इस सिस्टम से न केवल अपराधों में कमी आएगी, बल्कि अपराधियों



को समय रहते पकड़ने में भी मदद मिलेगी। हमारी कोशिश है कि हम किसी भी अपराधी को छुपने का मौका न दें। नई तकनीक, विशेषकर डेटा माइनिंग का उपयोग अपराधियों को ट्रैक करने में अत्यंत प्रभावी साबित होगा। यह न केवल अपराधों को रोकने में मदद करेगा, बल्कि अपराधियों के नेटवर्क को ध्वस्त करने में भी सहायक सिद्ध होगा। सीसीटीएनएस की मदद से सभी अपराधियों का ब्योरा एक क्लिक पर सामने आ जाएगा। डेटा माइनिंग से जुटाई गई जानकारी से अधिकारी अधिक सटीक और साक्ष्य-आधारित कार्रवाई कर सकेंगे। **अभिनन्दन**, एसपी, बस्ती।

रिकार्ड, गतिविधियां, दर्ज केस व पहचान संबंधित डेटाबेस में रिकार्ड किए जाएंगे, यह जानकारी पुलिस के लिए आसानी से उपलब्ध होगी।

यह ह
डेटा
बड़ी
और
इसे
सूचन
किया
के लि
की उ
अपरा
ट्रैक
में क
पूरा इ
पहले
आदि
उसक
नेटव

# लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लाएं अधिक

- कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली व कर करेत्तर की समीक्षा बैठक
- निजी वाहनों के व्यावसायिक प्रयोग पर हो कड़ी कार्रवाई

जागरण संवाददाता, बस्ती: आयुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली एवं कर करेत्तर की बैठक हुई। आयुक्त सभागार में हुई इस बैठक में आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में तेजी लाएं। उन्होंने परिवहन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। निजी वाहनों को व्यावसायिक प्रयोग में लाने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के अधिकारियों को निर्देश दिया कि जांच के बाद सैंपलिंग रिपोर्ट में तेजी लाई जाए।

उन्होंने मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि इससे संबंधित प्रकरण किसी भी स्तर पर लंबित न रहे। संबंधित प्रकरण में अधिकारी बैठक कर तत्काल निस्तारित कराएं। उन्होंने न्यायालय से संबंधित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि धारा 24 और 116 से संबंधित प्रकरण को नियमानुसार



बस्ती मंडल में कानून व्यवस्था, राजस्व वसूली व कर करेत्तर की समीक्षा करते आयुक्त अखिले

शीघ्रातिशीघ्र निस्तारित करें। राजस्व वसूली में अपेक्षित प्रगति में पिछड़े विभाग कार्ययोजना बनाकर निरंतर अभियान चलाएं। उन्होंने आइजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन तथा शासन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण समय से गुणवत्ता के साथ कराएं। डीआइजी संजीव त्यागी ने कानून व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां न होने पाएं। समय-समय पर अभियान चलाकर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक का संचालन अपर आयुक्त प्रशासन

# यूपी 112 के रेस्पांस टाइम में और लाएं सुधार : डीआइजी




यूपी 112 समेत अन्य प्रभारियों के साथ की बैठक करते डीआइजी संजीव त्यागी • जागरण

जासं, बस्ती: उत्तर प्रदेश पुलिस की आपात सेवा यूपी 112 के कार्यप्रणाली और रेस्पांस टाइम को लेकर अब उच्च अधिकारी सख्त होते नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में डीआइजी संजीव त्यागी ने अधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिए हैं कि यूपी 112 की रेस्पांस टाइम में और अधिक सुधार लाया जाए, ताकि जनता को समय पर सहायता मिल सके और पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हो।

डीआइजी ने रेंज दफ्तर पर शुक्रवार को आयोजित समीक्षा बैठक में यूपी 112 के कार्य निष्पादन की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ मामलों में पुलिस की प्रतिक्रिया समय बहुत अधिक है, जिससे शिकायतकर्ता को समय पर राहत नहीं मिल पाती। उन्होंने सभी जिम्मेदार अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि यदि समय सीमा में देरी होती है, तो संबंधित कर्मचारियों से जवाब-तलबी की

यूपी 112 जनता की पहली आशा है जब वे किसी संकट या आपात स्थिति में होते हैं। इसलिए जरूरी है कि पुलिस न केवल समय पर पहुंचे, बल्कि पीड़ितों के साथ संवेदनशील व्यवहार भी करे। समीक्षा में चेतावनी दी कि आने वाले दिनों में वह खुद कुछ क्षेत्रों में सर्वे और निरीक्षण करेंगे ताकि यह देखा जा सके कि वास्तव में फील्ड में कार्य कैसे हो रहा है। वह परिक्षेत्र के बस्ती, संतकबीर नगर व सिद्धार्थनगर के ई आफिस, आपरेशन त्रिनेत्र व यूपी 112 के शाखा प्रभारियों, कर्मचारियों के साथ शुक्रवार को रेंज दफ्तर पर समीक्षा गोष्ठी की। गोष्ठी के दौरान तीनों शाखा प्रभारियों से कहा कि ई-आफिस के शाखा प्रभारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान कर अधिक से अधिक फाइलों का मूवमेंट व डिस्पैच ई आफिस के माध्यम से किया जाए। आपरेशन त्रिनेत्र शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया कि

SIDDHARTH NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2025

SANT KABEER NAGAR POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2025

# 267 वाहन चालकों से

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने जांच
267 वाहन चालकों से शमन शुल्क वसू
एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलि
करने के मामले में मोटर वाहन अधिनिय
चालकों से 2,86,500 रुपये जुर्माना भर

# एसपी ने साप्ताहि
# परेड का किया नि

संतकबीरनगर। एसपी संदी
मीना ने रिजर्व पुलिस लाइंस
ग्राउंड पर शुक्रवार को साप्
परेड की सलामी लेकर नि
किया। परेड में सम्मिलित पु
कर्मियों के टर्नआउट को चे
हुए सभी अधिकारी व कर्मि
ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि

# कोर्ट ने मा
# आरोपियों क

संवाद न्यूज एजेंसी

---

संतकबीरनगर। न्यायालय ने
ऑपरेशन कनविक्शन अभियान के
तहत मारपीट के मामले में दो
दोषियों को 6-6 माह के सदाचरण
एवं परिवीक्षा बनाए रखने के लिए
25-25 हजार रुपये के निजी

# दुष्कर्म के आरोपी पर

संतकबीरनगर। सिविल जज जूनियर डिविजन (एफटीसी द्वितीय) जेएम निधि मिश्रा की अदालत ने महिला का फोटो खींच कर वायरल करने की धमकी देकर कई बार दुष्कर्म करने के आरोपी जावेद और अपशब्द कहते हुए जान से मारने की धमकी देने के मामले में आरोपी के पिता के विरुद्ध थानाध्यक्ष दुधारा को केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

थाना दुधारा अन्तर्गत ग्राम की पीड़ित महिला ने अपने अधिवक्ता

**महिला क**
**करने की**
**दुष्कर्म क**

के माध्यम से
दिया कि उसके
उसके रिश्तेदा
घर आते-जाते
खींच लिया औ
की धमकी दे
संबंध बनाया।
शाम सात बजे

# नाबालिग को भगाने के आरोपी समेत छह पर केस दर्ज करने का आदेश

**संतकबीरनगर।** अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की अदालत ने नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर भगाने और आरोपी के परिवार के पांच लोगों पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में केस दर्ज करने का आदेश दिया है।

थाना धर्मसिंहवा अंतर्गत ग्राम निवासी पीड़िता की मां ने विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कृष्ण कुमार पंचम की अदालत में अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रार्थना पत्र दिया कि उसके पुत्र की 12 जून 2025 को शादी थी। पूरा परिवार व रिश्तेदार बरात चले गए थे। इसी बात का लाभ उठाकर उसके गांव का आरोपी उसकी 17 वर्ष की लड़की को समय रात में नौ बजे बहला कर

# पांच हजार रिश्व
# को एंटी करप्श
## मगहर के व्यक्ति ने जमीन पैमाइश के माम

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद तहसील से शुक्रवार को एंटी करप्शन की ट्रैप टीम ने एक लेखपाल को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। टीम उसे बखिरा थाने पर लेकर चली गई। मगहर निवासी एक व्यक्ति ने जमीन पैमाइश के मामले में लेखपाल पर रिश्वत मांगने की शिकायत की थी। टीम बखिरा थाना पर कार्रवाई पूरी करके आरोपी को पुलिस सुपुर्दगी में सौंप दिया है।

मगहर खास निवासी शिकायतकर्ता बेलाल अहमद ने बताया कि उनकी जमीन कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया था। जमीन की



लेखपाल को घूस लेते प



# दबंग के हमले में सगे भाई लहूलुहान केस दर्ज

**धनघटा।** क्षेत्र के भंडा गांव में बृहस्पतिवार को दबंगों ने दो सगे भाइयों को लाठी-डंडे से पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी हैंसर में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी तहरीर में थाना क्षेत्र के भंडा निवासी रोहित पुत्र दीनदयाल अग्रहरी ने बताया कि बृहस्पतिवार की देर शाम वह अपने छोटे भाई मोहित के साथ हैंसर बाजार जरूरी कार्य से गया था। भाई

# सिर में गंभीर चोट
# थी मौत, हत्या क

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। धनघटा थानाक्षेत्र के उमरिया बाजार में सोमवार को एक होटल के मिले युवक की मौत सिर में गंभीर चोट लगने से हुई थी। उसको लगी यह संघातिक चोट ही उसकी मौत का कारण बनी। इस मामले में मृतक के बड़े भाई की तहरीर पर अज्ञात आरोपी पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

मृतक के भाई प्रदीप पुत्र इंद्रमणि का आरोप है कि उसका छोटा भाई सुरजीत (24) तमिलनाडु में रहकर

**सोमवार को**
**में होटल के**
**सुरजी**

सुरजीत को मृ

सूचना मिल

अस्पताल पहुंच

में लेकर पोस्ट

दिया गया। पोस्

बात की पुष्टि

उसके सिर में

से हुई थी।

इस संबंध

# 520 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा गया तस्कर

**धनघटा।** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम मुरादपुर गांव निकट बृहस्पतिवार की शाम करीब आठ बजे पुलिस ने एक बाइक सवार युवक को 520 ग्राम गांजा के साथ पकड़ा है। प्रभारी थाना प्रभारी राम करन निषाद ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मुरादपुर गांव निकट एक संदिग्ध बाइक के साथ गांजा लेकर खड़ा है।



पुलिस की गिरफ्त में तस्कर। स्रोत-पुलिस

## गोरखपुर के हरपुर बुदहट का निवासी है आरोपी

# शौच के लिए निकली किशोरी लापता

संतकबीरनगर। दुधारा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी घर से शौच के लिए निकली और घर से नहीं लौटी। एसओ इंद्रभूषण सिंह ने बताया कि पीड़ित मां ने अपने शिकायत में बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 16 अगस्त को देर शाम आठ बजे घर से शौच के लिए गांव से बाहर खेत की तरफ गई हुई थी। काफी समय बीतने के बाद वह नहीं

# नशे के आदी पिता जेल भिज

## जिला कारागार में आयोजित बंदी समस्या सम

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** जनपद न्यायाधीश मोहन लाल विश्वकर्मा के निर्देशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज देवेंद्र नाथ गोस्वामी की पहल पर शुक्रवार को जिला कारागार में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम द्वारा बंदी समस्या समाधान दिवस का आयोजन हुआ।

कारागार में निरुद्ध विभिन्न बंदियों ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ अन्जय कुमार श्रीवास्तव के समक्ष अपनी समस्या रखी, जिसके निराकरण के लिए उन्हें आश्वस्त किया गया। महुली थाना क्षेत्र के एक गांव



जिला कारागार में बंदियों की सम

निवासी बंदी ने कहा उसके पित नशे के आदी हैं। वह पैतृक संपत्ति को बेच रहे हैं।

विरोध करने पर विभिन्न आरोप लगाकर जेल भिजवा दिए। वर्ष 2020 में एक बार किसी तरह जमानत पर छूटकर आया था उसके बाद मेरे अधिवक्ता स

# किशोरी लापता, गुमशुदगी द

संतकबीरनगर। खलीलाबाद कोतवाली था क्षेत्र के एक गांव निवासी किशोरी घर से ल हो गई। कोतवाल पंकज कुमार पांडेय ने ब कि पीड़ित पिता ने अपने शिकायत पत्र में बताया कि उनकी 16 वर्षीय बेटी 21 अगस को दिन में 10 बजे परिजनों को बिना बताए कहीं चली गई। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। कोतवाल ने बताया कि मामले में पिता की शिकायत पर गुमशुदगी दर्जकर किशोरी की तलाश शुरू क दी गई है। संवाद

# बारिश के पा
# विवाद में मा

संतकबीरनगर। मेंहदावल थान
डड़िया कला गांव में बारिश के
दो पक्षों में मारपीट हुई। मामले
केस दर्जकर जांच शुरू कर दी
सतीश कुमार सिंह ने बताया कि
निवासी गांव डड़िया कला ने पु
प्रार्थना पत्र में बताया कि 20 अ

# एसपी ने कोतवाल व
# के विवेचकों के स

संतकबीरनगर। एसपी संदीप कुमार मीना ने शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार कक्ष में कोतवाली खलीलाबाद व अपराध शाखा के विवेचकों के साथ बैठक किया। अर्दली रूम के दौरान अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुए लंबित होने के कारण की समीक्षा की।

अकारण विवेचनाओं को लंबित

त
नि
में
ल
ब



धनघटा चौराहे पर वाहनों की जांच करते पु

# वाहनों के शीशे पर लगी ब

धनघटा। धनघटा पुलिस ने शुक्रवार को प्र

के नेतृत्व में धनघटा चौक पर चार पहिया



महुली पुलिस की गिरफ्त में अवैध गांजा के साथ पकड़ा गया युवक

# 520 ग्राम गांजा व ब
# संग एक युवक गिरफ

**नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद।** महुली क्षेत्र के ग्राम मुरादपुर गांव निकट गुरुवार की देर शाम करीब आठ बजे पुलिस ने छापेमारी कर एक युवक को 520 ग्राम अवैध गांजा के

- महुली क्षेत्र के
गांव के मोड़ 
किया गिरफ्त

# किशोरी लापत
# ने दर्ज कराई ग

संतकबीरनगर। कोतवाल
रहने वाली एक किशोरी गु
परिजनों ने ढूंढ़ने के बाद पता
की चिंता जाहिर की। पीड़ित
अगस्त 2025 को समय स
वर्षीय बेटी घर से कहीं चली

## मगहर खास के शिकायतकर्ता से जमीन की पैमाइश के लिए मांगी थी

# एंटी करप्शन टीम ने पांच

# घूस लेते लेखपाल को दबो

कलंक के खिलाफ

संतकबीरनगरर/बखिरा, हिटी। एंटी करप्शन टीम ने शुक्रवार को खलीलाबाद तहसील के नाजिर कार्यालय से जमीन की पैमाइश के लिए शिकायतकर्ता से 5,000 रुपये घूस लेते एक लेखपाल को रंगे हाथ दबोच लिया। टीम ने सुरक्षा के घेरे में लेखपाल को बाहर निकाला और बखिरा थाने ले गई। टीम के इंस्पेक्टर महेश कुमार दूबे ने आरोपी लेखपाल के खिलाफ बखिरा थाने में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज करा दिया है।

कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के मगहर खास के रहने वाले बेलाल अहमद पुत्र स्वर्गीय शब्बीर अहमद का आरोप है कि गाटा संख्या 351 उसकी पुश्तैनी जमीन है। उसी के बगल गाटे में यशोदानंद यादव की पत्नी सुनीता यादव और बेटे आनंद यादव का भी बैनामा है। आरोप है कि उसकी पुश्तैनी जमीन पर विपक्षीगण उपरोक्त ने कब्जा कर लिया है। इसके संबंध में उसने 23 जुलाई 2025 को एसडीएम सदर को पैमाइश के लिए प्रार्थना पत्र दिया था। एसडीएम ने हल्का लेखापाल और कोतवाल को स्थलीय जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया था। आरोप है कि हल्का लेखपाल राम अवध सिंह से संपर्क किया



खलीलाबाद तहसील से आरोपी लेखपाल को पकड़कर ले जाते एंटी करप्शन विभाग की टीम के सदस्य।

### कार्रवाई के समय थाने के बाहर लेखपालों का धरना

बखिरा थाने के बाहर शुक्रवार को लेखपाल संघ आरोपी लेखपाल को निर्दोष बताता रहा। थाने के अंदर एन्टी करप्शन टीम कार्रवाई को तेजी से आगे बढ़ा रही थी। आरोपी राजस्व निरीक्षक राम अवध सिंह (40) पुत्र स्व. उदयराज सिंह निवासी बकहां पोस्ट कोपिया थाना बखिरा के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 की धारा 7 के तहत केस दर्ज कराया।

महेश कुमार दूबे और इंस्पेक्टर भीमशंकर मिश्र ने बताया कि सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ खलीलाबाद तहसील के नजारत कार्यालय से शिकायकर्ता





बखिरा थाने में गलत कार्रवाई का आरोप लगाकर

## लेखपालों ने बखिरा थाने पर

बखिरा। प्रभारी ट्रैप टीम भ्रष्टाचार निरोधक सन्त
महेश कुमार दूबे की टीम ने राजस्व लेखपाल क्षेत्र
हजार घूस लेते हुए सदर तहसील खलीलाबाद से

# जिले में चला ब

# अभियान, मची

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। एसपी संदीप कुमार मीना के निर्देशन में शुक्रवार को ऑपरेशन ब्लैक कैट अभियान छेड़ा गया। जगह-जगह पुलिस कर्मी काली फिल्म वाली गाड़ियों की चेकिंग करती दिखी। इस दौरान पुलिस ने कुल 39 वाहनों से काली फिल्म उतरवाया और 97,500 रुपये जुर्माना वसूल किया।

# एसपी ने सुस्ती बरतने वाले

संतकबीरनगर। एसपी संदीप कुमार मीना
कक्ष में कोतवाली खलीलाबाद व अपराध श
किया। लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा
को सचेत किया कि भविष्य में ऐसी पुनरावृ
अकारण विवेचनाओं को लम्बित रखने को
विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हे

# एसपी ने पुलिस कर्मियों क

संतकबीरनगर। एसपी संदीप कुमार मीना
साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। परेड
टर्नआउट को चेक किया। सभी अधिकारी,
कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यव
किया। पुलिस कर्मियों को शारीरिक रूप से
परेड के दौरान अनुशासन व एकरूपता के

# एंटी करप्शन टीम ने पांच हजा

## खलीलाबाद तहसील परिसर में सादे वेश में पहुंची थ

जासं, बखिरा: खलीलाबाद तहसील खलीलाबाद तहसील परिसर में एक लेखपाल को एंटी करप्सन खलीलाबाद की टीम ने शुक्रवार को पांच हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया हैं। पीड़ित बेलाल अहमद निवासी मगहर की जमीन की पैमाईश के नाम पर मांग की गई थी। आरोपित को पकड़ने के बाद बखिरा थाने में दाखिल कर केस दर्ज कराया हैं।

बड़ी संख्या में लेखपाल बखिरा थाने पर पहुंच कर एंटी करप्सन की टीम पर विना साक्ष्य के गिरफ्तार करने का आरोप लगाए। साक्ष्य दिखाने के बाद भी कार्यवाई करने की मांग कर रहे हैं। आरोपित लेखपाल बखिरा थाना क्षेत्र के बकहा का निवासी है।

कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के मगहर के अंजान शहीद मोहल्ला निवासी बेलाल अहमद पुत्र स्वर्गीय शब्बीर का मगहर में गाटा संख्या 350, 352 भूमि थी। उसके प्रार्थना पत्र पर इस भूमि की पैमाइश नहीं हो पाई थी। पीड़ित ने पुनः गत 23 अगस्त को पैमाइश की मांग की थी। खलीलाबाद के एसडीएम ने इसके लिए निर्देश दिया था।



खलीलाबाद तहसील परिसर में घूस लेते दबोचे गए लेखपाल( मध्य मे
कें लिए ले जाती एंटी करप्शन की टीम • जागरण

प्रभारी को दी। शुक्रवार को एंटी करप्शन के प्रभारी समेत छह सदस्यों की टीम खलीलाबाद तहसील परिसर में सादे वेश में पहुंच गयी। लेखपाल को पीड़ित बेलाल अहमद से पांच हजार रुपये घूस लेते हुए रंगेहाथ दबोच लिया। टीम उसे यहां से गिरफ्तार कर बखिरा थाने पर ले गई। थानाध्यक्ष बखिरा राकेश कुमार सिंह ने बताया कि लेखपाल के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आवश्यक

## लेखपाल

पीड़ित बेलाल अहम
लेखपाल को एंटी क
गिरफ्तार किए
जाने के बाद पूछने
पर कहा कि
उसका
गोरखपुर-
लखनऊ राजमार्ग
पर मगहर के पास

# सिर में चोट लग
# की मौत, हत्या क

जागरण संवाददाता, धनघटा : धनघटा क्षेत्र के उमरिया बाजार में तीन दिन पूर्व होटल के पीछे मिले 24 वर्षीय युवक की मौत का राज खुल गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

मृतक के भाई प्रदीप पुत्र इंद्रमणि ने

# बाइक सवार युवक ग्राम

जासं, महुली : महुली थाना क्षेत्र के कटलहवा-मुरादपुर मोड़ पर बृहस्पतिवार की शाम पुलिस ने गश्त के दौरान युवक को 250 ग्राम गांजा संग गिरफ्तार कर लिया। युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार युवक जनपद गोरखपुर के हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र का निवासी है।

थानाध्यक्ष रजनीश राय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक संतकबीर नगर

# धर्मसिंहवा में युवक की

जागरण संवाददाता, धर्मसिंहवा, : धर्मसिंहवा कस्बा निवासी 20 वर्षीय हरिओम पांडेय पुत्र शिवकुमार पांडेय की शुक्रवार को सांप के काटने से मौत हो गई।

हरिओम सुबह रोज की तरह दौड़ लगाकर लौटने के बाद अपने खपरैल के मकान में सो गया था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे काट लिया। कुछ



हरिओम पांडे
● फाइल फोटो

ही दे
उसकी
बिगड़ने
और मु
झाग
लगा।
आनन-प
में उसे
के लिए सिद्धार्थनगर जिला अ

## प्रभारी विहीन चौकी बनकसिया में नहीं मिलते हैं पुलिसकर्मी, शिव

# भूमि विवाद के मामले में सीधा हर

जागरण प्रश्न पहर



दैनिक जागरण के लोकप्रिय प्रश्न पहर कार्यक्रम में सवालों का जवाब देते अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह • जागरण

जागरण संवाददाता, संतकबीरनगरः दैनिक जागरण के लोकप्रिय प्रश्न पहर कार्यक्रम में शुक्रवार को जमीन विवाद के मामले में पुलिस के कार्रवाई नहीं किए जाने की सर्वाधिक शिकायतें आईं। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह दैनिक जागरण कार्यालय में एक घंटे तक मौजूद रहे।

इस दौरान उन्होंने प्रत्येक के सवालों का उत्तर देकर उन्हें न केवल संतुष्ट किया बल्कि नियमों के अनुसार विधिक कार्रवाई करने का आश्वासन भी दिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जमीन विवाद के बढ़ते मामलों को देखते ही थाना समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इस दिन प्रत्येक थानों में राजस्व कर्मी भी मौजूद रहते हैं। आने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए संयुक्त टीमें मौके पर भेजी जाती हैं, जो गुणदोष के आधार पर जांच कर कार्रवाई करती है। पुलिस को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वह जमीन विवाद के किसी मामले में सीधा हस्तक्षेप न करें। पुलिस की भूमिका शांति व्यवस्था बनाए रखने तक ही सीमित हैं। पेश है प्रश्न पहर में पूछे गए सवाल और अपर पुलिस अधीक्षक के जवाब.....।

• मेंहदावल के साड़ेकला निवासी धर्मवीर यादव ने कहा जनपद की सीमा पर बनकसिया पुलिस चौकी पर 15 दिन से कोई प्रभारी नहीं है। सिपाही भी चौकी में नहीं मिलते हैं जिससे छोटे-छोटे मामलों को लेकर थाने तक की दौड़ लगानी पड़ रही है।

• चौकी प्रभारी का गैरजनपद तबादला हो गया है। प्रभारी निरीक्षक को निर्देश दिया गया है कि चौकी प्रभारी की तैनाती होने तक क्षेत्र पर नजर रखें और शांति व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। रही बात पुलिस कर्मियों के चौकी पर नहीं रहने की तो इसकी जांच कराई जाएगी।

• दुधारा के लौकीलाला निवासी दीवान मौर्या ने कहा कि सेमरियावां ब्लाक पर एक प्राइवेट व्यक्ति कार्य करता है। दो साल पहले झांसे में लेकर एक की जगह दो-तीन आवास दिलाने के नाम पर उससे 50 हजार रुपये खाते में और तीस हजार रुपये नकद ले लिए। दो साल तक दौड़ाता

# मनबढ़ों पर पैतृक भूमि कब्जा करने का आरोप

मेंहदावल : मेंहदावल थाना क्षेत्र राजाबारी मोहल्ले में मनबढ़ों द्वारा युवक की जमीन पर अवैध कब्जा क मकान बनाना शुरू कर दिया। युवक इसका विरोध किया, तो दबंगों ने जान से मारने की धमकी दी। युवक ने इस संबंध में जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। जिलाधिकारी को भेजे गए शिकायती पत्र में आकाश कुमार जायसवाल ने लिखा है कि उनकी मां

# फिटनेस फेल व बिना प



कैंप कार्यालय में एआरटीओ,प्रभारी डीआइओएस व अन्य अधिकार

जासं, संतकबीर नगर: डीएम आलोक कुमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को कैंप कार्यालय में विद्यालयों के वाहनों के प्रबंधकों, प्रधानाचार्यों की बैठक

सत्यापन कर लें। के चालकों का ला है। जिनका नहीं बनवा लें।

# कोर्ट के आदेश पर चा
# खिलाफ लूट का मुक

**जागरण संवाददाता, बखिरा :** कोर्ट के आदेश पर करीब तीन माह पूर्व हुए मारपीट और लूट के मामले में पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

लेडुआ महुआ निवासी करीम उर्फ अब्दुल करीम ने कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि उसकी पुरानी रंजिश को लेकर 5 अप्रैल 2025 की शाम 5:30 बजे कल्लू अपने सहयोगियों खलीलाबाद अनई निवासी दीपक कुमार, बनकटिया निवासी सोनू उर्फ यतेन्द्र सिंह और लेडुआ महुआ निवासी मोहम्मद

- 19 जून को माध्यम से ए से शिकायत
- दुकान में घुस हुए मारपीट, जान से मार

देने की धमकी कहना है कि घट बखिरा थाने सिपाही ने मौके बाद भी उनक

# रिक्रूट आरक्षियों से ए



पुलिस लाइन में आयोजित संवाद में मौजूद रिक्रूट आरक्षी • जागरण

# एसपी ने विवेचकों
# लंबित विवेचनाओं

जासं, संतकबीर नगर : पुलिस
अधीक्षक संदीप कुमार मीना
शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइ
सभागार में कोतवाली खलीलाबा
और अपराध शाखा के विवेचकों
साथ बैठक की। इस दौरान उन्हों
लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर
हुए बिना कारण जांच लटकाने प
कड़ी नाराजगी जताई।

# मंदिर पर लाइट जलाने

जासं, संतकबीर नगर : नगवा बड़गो
गांव में मंदिर पर लाइट जलाने को
लेकर विवाद के बाद मारपीट की
घटना हुई। मामले में पुलिस ने दो
लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया
है। नगवा बड़गो निवासी संतोष
चौरसिया पुत्र फुलदेव चौरसिया ने
कोतवाली में तहरीर दी है कि गत

# जमीनी रंजिश में मारपीट, चार के खिलाफ मुकदमा

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : कोतवाली पुलिस ने रसूलपुर मगहर में जमीनी रंजिश को लेकर हुई मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

रसूलपुर मगहर निवासी आकाश पुत्र श्रवण सिंह ने तहरीर देकर बताया कि गत गुरुवार शाम करीब छह बजे जमीनी विवाद को लेकर उनके पटीदारी के गोरख, भोला, इन्द्रेश और जोगी गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपितों ने लात-घूंसों और लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी।

शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे आकाश के भाई आदित्य, विवेक और पिता श्रवण सिंह को भी लाठी-डंडों से पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई। कोतवाली प्रभारी पंकज कुमार पांडेय ने बताया

# GONDA POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

# अवैध आरा मशीन संचालन पर तीन के खिलाफ मुकदमा

उमरी बेगमगंज। तरबगंज रेंज अंतर्गत अवैध रूप से संचालित हो रही तीन आरा मशीनों के खिलाफ वन विभाग ने कड़ी कार्रवाई की है। राजेश कुमार, वन दरोगा सेक्शन प्रभारी तरबगंज रेंज की ओर से प्रार्थना पत्र शुक्रवार को थाने में दिया गया। इसे आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। इस पर प्रकरण

# जुड़वा बच्चों की मौत के
# में अब तक पूरी नहीं हु

गोण्डा, संवाददाता। शहर के एक निजी अस्पताल में जुड़वा नवजात की मौत मामले में एक माह बाद भी स्वास्थ्य महकमा अपनी जांच पूरी नहीं कर सका है। पीड़ित ने डीएम को प्रार्थना पत्र देकर जांच पूरी करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि डीएम प्रियंका निरंजन ने जांच का जिम्मा एसडीएम सदर और सीएमओ को सौंपा है। पीड़ित का आरोप है कि जांच में ढिलाई बरती जा रही है, जिससे उसे न्याय मिलने में देरी हो रही है। पीड़ित का आरोप है कि स्वास्थ्य महकमा मामले में लीपापोती

- पीड़ित की
  एसडीएम
- अस्पताल
  का लगा

लेकर चली गई। न
जुड़वा बच्चे पैदा हु
है कि अस्पताल
नवजातों की मौत
कि बीयूएमएस डि
होम चला रहा है
डाक्टर नहीं है।
डॉक्टर आपरेशन

# शिक्षक पर बच्चे को पीटने का आरोप

**मेहनौन।** इटियाथोक कस्बा स्थि
स्कूल के एक शिक्षक ने एलकेजी
पढ़ने वाले आठ वर्षीय छात्र को जूते
पहनकर आने पर थप्पड़ जड़ दिया
थप्पड़ इतनी जोर से लगा कि बच्चे
गाल पर उंगलियों के निशान पड़ ग
स्कूल के प्रधानाध्यापक लवकुश कुम
का कहना है कि मारपीट की कोई घट
नहीं हुई। उनका आरोप निराधार
दोनों बच्चों की 22 हजार की फी
स्कूल में बकाया है। इसलि

# दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकाला

खरगूपुर : दहेज के लिए विवाहिता को पीटकर घर से निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पति, सास, ससुर और ननद के खिलाफ मुकदमा किया है। छिटनापुर की आसमीन बानो ने तहरीर में कहा कि निकाह दो वर्ष पहले इटियाथोक के सेखूई निवासी मोहम्मद हफीज से हुआ था। शादी के बाद से ही दहेज में बाइक और नकदी की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसे प्रताड़ित करने लगे। मारपीट कर उसे व बच्ची के साथ घर से भगा दिया। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है।

# छात्र की हत्या के 56 दिन बाद भी आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं

संसू, जागरण • इटियाथोक (गोंडा): पुलिस अधिकारियों का आदेश कुछ भी हो लेकिन, थानेदारों की अपनी चाल है। यही कारण है कि पीड़ित थाने से लेकर पुलिस कार्यालय का चक्कर काटने को विवश होना पड़ रहा है।

बरडांड के पूरे तिलक गांव में 26 जून को पांचवीं के छात्र राज का शव ईंट भट्ठे के पास गड्ढे में बरामद हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत से पहले चोट लगने की पुष्टि हुई। इसके बाद मृतक के पिता राम कैलाश ने घटना स्थल के बगल झोपड़ी बनाकर निवास कर रही मां-बेटी व बाल अपचारी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा कराया था। घटना को 56 दिन बीत चुके हैं, लेकिन पुलिस आरोपितों को गिरफ्तार करने की जहमत नहीं उठा रही। मृतक के पिता राम कैलाश ने बताया कि उनका बेटा व बाग में आम तोड़ने गए थे।

# सड़क दुर्घटना में युवक की
# स्वास्थ्य कर्मी समेत दो घाय

जागरण टीम • गोंडा : जिले के अलग-अलग मार्गों पर हुई सड़क दुर्घटना में युवक की मौत हो गई। स्वास्थ्य कर्मी समेत दो लोग घायल हो गए हैं। मृतक के स्वजनों का रो-रोकर हाल बेहाल है।

रोडवेज डिपो पर बस ने युवक को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कटरा बाजार के कोटिया मदारा निवासी सुरेश सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुरेश बस से उतर कर गंतव्य की ओर जा रहे थे तभी चालक ने बस को पीछे कर दिया जिससे दुर्घटना हो गई। कौड़िया : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खरगूपुर में कार्यरत बीसीपीएम महेंद्र विश्वकर्मा स्वास्थ्य केंद्र पर सरकारी कार्य संपन्न

रोडवेज डिपो पर बस
रौंदा, सोहिला पुल के
गड्ढे में घुसी, घायलों
अस्पताल में चल रहा

हो गए। उन्हें जिला मु
नर्सिंग होम में भर्ती क
सामुदायिक स्वास्थ्य कें
डा अजय यादव ने
बीसीपीएम महेंद्र वि
दुर्घटना में घायल हो ग
ग्राम देवरिया अलावल
इमरान बाइक से धानेपु
लौट रहे थे। रास्ते में स
समीप बाइक अनियंत्रि
में गिर गई। उन्हें सिर
आई। नगर पंचायत के

# कजरी तीज पर गोंडा-लखनऊ हाई
# पर रहेगा डायवर्जन, होगी भारी भीड़

संसू, जागरण • गोंडा : जिले में कजरी तीज को लेकर तैयारी अंतिम दौर में चल रही है। करीब दस से 15 लाख श्रद्धालु कटरा घाट से सरयू नदी से जल भरकर नगर के दुखहरण नाथ मंदिर व खरगूपुर के पृथ्वी नाथ मंदिर में जलाभिषेक करेंगे। कजरी तीज पर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए गोंडा-लखनऊ हाईवे पर 24 से 26 अगस्त तक भारी व हल्के वाहनों के आवागमन पर रोक रहेगी। इसके अलावा नगर में भी वाहनों के संचालन पर रोक रहेगी। दो हजार पुलिस कर्मी व दो कंपनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है।

अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय ने कहा कि कजरी तीज पर्व को लेकर पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। 24 अगस्त से ही गोंडा-लखनऊ हाईवे से जिले में प्रवेश करने वाले हल्के व भारी वाहनों पर आगमन पर रोक रहेगी। यह प्रतिबंध 26 अगस्त की रात आठ बजे तक लागू रहेगी। लखनऊ के आने वाले वाहन जरवल रोड से बहराइच के रास्ते गतंव्य के लिए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुरक्षा व यातायात प्रबंध किए गए हैं। पुलिस व महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। गोताखोर दल, एंटी रायट ड्रोन टीम, पीएसी की ड्यूटी लगाई



कर्नलगंज सरयू कटरा घाट का निरीक्षण
एसपी विनीत जायसवाल • जागरण

मार्गदर्शन करने का दायित्व सौंपा गय
कैमरे से निगरानी की जाएगी। श
पुलिस कर्मी श्रद्धालुओं के बीच मौ
भीड़ नियंत्रण के लिए माइक व पीए
प्रयोग किया जाएगा।

कर्नलगंज: पुलिस अधीक्षक
जायसवाल ने सरयू घाट का निरीक्ष
बैरिकेटिंग, बैरियर, प्रकाश व्यवस्
सफाई, गोताखोरों की उपलब्धता के
सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।
सरयू घाट एवं मंदिर परिसरों के
पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती करें।
आकस्मिक स्थिति से निपटने के
रहने का निर्देश दिया। अभिषेक दावा
गौतम, सुरभि पांडेय, रामजीलाल

# धान के खेत में मिला युवती का शव, दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका

संसू, जागरण • गोंडा : देहात कोतवाली के एक गांव की रहने वाली युवती का धान के खेत शव बरामद किया गया है। मृतका के स्वजनों का आरोप है कि दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या की गई है। युवती के चेहरे व शरीर पर खून के छींटे पड़े थे। सलवार भी खुला था। पुलिस ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। एसपी विनीत जायसवाल ने पुलिस व एसओजी को संयुक्त रूप से जांच का निर्देश दिया है।

मृतका के पिता ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वह पत्नी व बेटी के साथ घर से निकले। बेटी खेत को चली गई और वह पत्नी को लेकर दवा लेने चले गए। वापस घर लौटने

# दो बसों के बीच दबकर यात्री की जान

## रोडवेज बस अड्डे पर चालकों की लापरवाही से हादसा

संवाद न्यूज एजेंसी

झंझरी/माधोपुर (गोंडा)। नगर कोतवाली के रोडवेज बस अड्डे पर शुक्रवार सुबह बड़ा हादसा हो गया।



सुरेश सिंह। फाइल फोटो

कोलकाता से घर लौट रहे कौड़िया के कोटिया मदार निवासी सुरेश सिंह (30) दो बसों के बीच दब गए। इसमें उनकी मौत हो गई। उनके भाई अमरेश सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में दोनों बसों के चालकों को ड्यूटी से हटा दिया गया है।

कोटिया मदार निवासी सुरेश सिंह पिछले 10 वर्षों से कोलकाता में पेंटर का काम करते थे। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे वह कोलकाता से ट्रेन से गोंडा पहुंचे थे। यहां से अपने घर जाने के लिए वह रोडवेज बस अड्डा पहुंचे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुरेश परिसर में पुरानी बिल्डिंग की सीढ़ियों के पास स्थान पर वाराणसी के लिए लगी गोंडा डिपो की बसों के बीच से होकर निकलने लगे।



नगर कोतवाली परिसर में खड़ी रोडवेज बस। संवाद

### हादसे की हो रही जांच

हादसे की जांच की जा रही है। बस अड्डा परिसर में रोडवेज बसों के बीच दबकर यात्री की मौत हुई है। प्रथमदृष्टया चालकों की लापरवाही मानते हुए दोनों को रूट ऑफ किया गया है। ऐसी घटना दोबारा न हो, इसके लिए मामले की जांच कर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
- अरविंद कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक, परिवहन निगम

### तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे सुरेश

अमरेश ने बताया कि सुरेश उनके तीन भाइयों में दूसरे नंबर पर थे। पिता सीता बख्श सिंह, मां और बड़े भाई नरेश की पहले ही मौत हो चुकी है। अब सुरेश की मौत से गांव के लोग गमगीन हैं। वहीं, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

इसी बीच एक चालक ने बस को बैक कर दिया। इससे सुरेश दो बसों के बीच में दब गए। लोगों ने शोर मचाकर चालक को जानकारी दी, लेकिन तब तक सुरेश गंभीर रूप से घायल हो गए।

रोडवेज के परिचालकों ने आनन-फानन एंबुलेंस बुलाकर सुरेश को मेडिकल कॉलेज भिजवाया, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। जेब से मिले आधार कार्ड से पहचान के बाद पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी।

नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि रोडवेज बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# 55 साल बाद भी नहीं हो
# गोंडा बस अड्डे का विस

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। देवीपाटन मंडल मुख्यालय के रोडवेज बस अड्डे का 55 साल बाद भी विस्तार नहीं हो सका है। बसें और यात्री तो बढ़े, लेकिन परिसर विस्तार न होने से इसके अंदर और बाहर जाम की स्थिति बनती है। इससे यात्रियों के साथ ही कर्मचारियों को भी परेशानी से जूझना पड़ रहा है। परिसर में जगह की कमी की वजह से आसपास खड़ी दो बसों के बीच दबकर एक यात्री को जान गंवानी पड़ी।

गोंडा डिपो से कुल 131 रोडवेज की बसें संचालित हो रही हैं। यात्रियों के दबाव के चलते 10 और बसें संचालित कराने की कवायद चल रही है। रोजाना 200 से 250 बसों का गोंडा रोडवेज बस अड्डे पर ठहराव है। कुल मिलाकर 20 से 25 हजार यात्री रोजाना सफर कर रहे हैं। इन सबके बीच रोडवेज बस अड्डे पर सुरक्षा व यात्रियों की सुविधाएं नदारद हैं।

### ई-रिक्शा और अतिक्रमण से बढ़ीं मुश्किलें

बस अड्डे के आसपास ई-रिक्शा चालक यात्रियों के लिए मारामारी करने पर आमादा रहते हैं। वहीं, नगर पालिका व जिम्मेदारों की लापरवाही से रोड तक दुकानें लगती हैं। इससे मुश्किलें और बढ़ी हुई हैं।

एआरएम कपिल देव ने बताया कि राजस्व विभाग की ओर से नए बस अड्डे के प्रस्ताव को स्वीकृति के लिए भेजने के लिए उपयुक्त जमीन उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसे में 1970 में बने बस अड्डे का दायरा आज भी उतना ही है। सिटी मजिस्ट्रेट को समस्याओं की जानकारी दी गई है। जल्द ही सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के प्रयास किए जाएंगे।

■ **मनमानी ने बढ़ाई परेशानी :** रोडवेज बसों के चालक भी आसपास

### जल्द ही या
### व्यवस्था हो

अधिक
निर्देश
बस अ
जाम व
के लिए
जाएंगे। इसके साथ
व्यवस्था दुरुस्त होगी
सिंह, सीओ यातायात

रोजाना यात्रियों के
मुश्किलें बढ़ा रहे
अंकित मित्तल को
एफआईआर दर्ज
देने पड़े थे। वहीं,
चालकों की मनमा
वाले जाम से नि
पुलिस ने जगह-ज
रखी है। चंद दूरी
चालकों को एन
चक्कर काटने प
रहा है।

# कजरी तीज मेले में तैनात होंगे एक हजार जवान



सरयू घाट पर कजरी तीज मेले को लेकर अधिकारियों को निर्देश देते एसपी। - संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

करनैलगंज/भंभुआ। कजरी तीज मेले के दौरान 60 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति होगी। गोंडा-लखनऊ रेलमार्ग पर ट्रेनें कॉशन पर चलाई जाएंगी। मेला संपन्न कराने के लिए एक हजार से अधिक पुलिस, पीएसी, जल पुलिस के जवान तैनात किए जाएंगे। सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों की तैनाती रहेगी। एसपी विनीत जायसवाल ने शुक्रवार को सरयू घाट पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

कांवड़ मेले के मद्देनजर शुक्रवार को सरयू घाट पर अधिकारियों का जमघट रहा। एसडीएम जितेंद्र गौतम और सीओ अभिषेक दावाच्या की अगुवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक कर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। घाटों पर नदी की गहराई को देखते हुए लोहे की जालियों की बैरिकेडिंग, अस्थाई सीढ़ियों का निर्माण और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की जा रही है। ड्रोन कैमरों से भी मेला क्षेत्र की निगरानी की जाएगी।

महिलाओं की विशेष सुरक्षा, उनके लिए कपड़े बदलने के लिए अलग स्थान और शौचालय की सुविधा भी उपलब्ध जाएगी। मेले के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था से बचने के लिए सात स्थानों पर बैरियर लगाए जा रहे हैं। रूट डायवर्जन भी लागू किया जाएगा। मेला क्षेत्र में सभी प्रकार के वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी।

# पति समेत चार पर मुकदमा द

**खरगूपुर।** ग्राम पंचायत छिटनापुर की आसमीन बानो ने थाने
है कि उसकी शादी दो वर्ष पहले थाना इटियाथोक के सेखुई
हफीज के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही उसके पति, ससु
ननद खुशनुमा एक राय होकर दहेज में बुलेट बाइक और एव
मांग करने लगे और उसे प्रताड़ित करने लगे। मांग पूरी न होने
ससुरालीजनों ने मारपीट कर उसकी एक साल की बच्ची के
थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि पति, सास, ससुर व ननद
दर्ज किया गया है। (संवाद)

# किशोरी की पिटाई

**टिकरी।** कोल्हमपुर चौकी अंतर्गत मैनपुर के ओसारे डिहवा
के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि शु
दो लोगों ने बच्ची को पकड़कर जमीन पर गिराया और घसीट
पीड़ित की मां सरोज देवी ने आरोपियों के खिलाफ थाने में शि
थानाध्यक्ष ने अभय सिंह ने बताया कि मामले की जांच कराई

# मंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**वजीरगंज।** चौकी प्रभारी डुमरियाडीह रामप्रकाश चंद्र ने अवै
बेलभरिया बनकटवा निवासी गौरव सिंह को गिरफ्तार किया है

# पंचायत भवन में चोरी

खरगूपुर। विकास खंड रूपईडीह की ग्राम पंचायत निधिनगर के
नरेश ने थाने दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा है कि पंचायत भव
चोरों ने मॉनीटर, कीबोर्ड, इनवर्टर, बैटरी और सीसीटीवी का डी
थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि अज्ञात चोर के विरुद्ध मुक
कराई जा रही है। (संवाद)

# चार पर मारपीट का मुकदमा दर्ज

खोड़ारे (गोंडा)। सोमना निवासी फत्तेपुर ने पुलिस को दी तह
सपना बृहस्पतिवार जानवरों के लिए खेत में चरी काटने गई थी
लेकर कुंदन, कौशल्या, शेषे की पत्नी व दुनमुना ने उसके साथ
सुनकर बचाने दौड़ी दूसरी बहू मंजू देवी, बेटी कुमकुम को भी
प्रबोध कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही

# युवती के साथ छेड़छाड़, केस दर्ज

गौरा चौकी। इलाके की एक युवती ने आरोप लगाया कि बुधवा
लिए गई थी। तभी मुकेश ने उसके साथ छेड़खानी की। शोर मच
परिजनों ने बचाए पहुंचे उसके परिजनों की पिटाई की। थानाध्यक्ष
बताया कि तहरीर के आधार पर चार लोगों के विरुद्ध केस दर्ज

# पटाखा विस्फोट मामले में आरोपी गिरफ्ता

तरबगंज। बेलसर में बीते साल अक्तूबर में पटाखा बनाने के दौरान
मामले में पुलिस ने 15 हजार के इनामी फारुख को गिरफ्तार किया है
बताया कि बेलसर निवासी फारुख के प्लॉट के कमरे में अवैध रूप
बनाए जा रहे थे। जिसमें विस्फोट से बेलसर गांव निवासी अयूब उर्फ
आकाश उर्फ छोटू व अयाज मोहम्मद उर्फ तूफान की मौत हुई थी। व
कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि छह नामजद सहित कुछ अज्ञात के
विस्फोटक अधिनियम में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में मकान मा
फरार चल रहा था। जिस पर 15 हजार का इनाम घोषित था। (संवाद)

# ओमान से शव पहुंचने पर मच गया कोह

डुमरियाडीह। वजीरगंज के नगवा निवासी मेराज (26) की खाड़
ओमान के मस्कट में हृदयगति रुकने से मौत हो गई थी। शुक्रवार
गांव पहुंचा तो कोहराम मच गया। पिता शाह मोहम्मद ने बताया कि
रोटी के लिए तीन वर्ष पहले मस्कट गया था। जहां अपने चाचा व
भाइयों के साथ नाई का काम करता था। बीते 18 अगस्त को वहां
भाई साकिर अली ने फोन पर बेटे की हृदयाघात से मौत की सूचन
स्वामीनाथ सिंह ने केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह से आग्र
गांव मंगवाया। मेराज पांच भाई व दो बहनों में चौथे नंबर पर था।
उसका अंतिम संस्कार गांव के कब्रिस्तान में कर दिया गया। (संवाद

# आज सामूहिक अवकाश पर रहेंगे वकील

**गोंडा।** सीओ करनैलगंज द्वारा दर्ज कराए गए केस में अधिवक्ताओ खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल होने के प्रकरण में मुख्या अधिवक्ता 23 अगस्त को सामूहिक अवकाश पर रहकर विरोध ज एसोसिएशन के महामंत्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि सीओ प्र लेकर विगत कई दिनों तक चला आंदोलन मुख्यमंत्री के आश्वास कर दिया गया था। मगर बीते 28 जुलाई 2025 को सिविल बार ए के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम कु की अध्यक्षता में संयुक्त संघ की बैठक में मुख्यमंत्री अथवा प्रदेश ओर से मुकदमा वापसी के संबंध में आदेश आने तक प्रत्येक शनि आंदोलन करने का निर्णय लिया गया था। इसके तहत 23 अगस्त अधिवक्ता सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। (संवाद)

# बेलसर विस्फोट कांड में इनामी आरोपी गिरफ्तार

## सफलता

- बेलसर में पटाखा बनाते समय विस्फोट में तीन लोगों की हुई थी मौत
- घटना में संलिप्त आरोपी चल रहा था फरार, घोषित हुआ था इनाम

**तरबगंज, संवाददाता।** थाना तरबगंज पुलिस ने अवैध रूप से पटाखा बनाने के पन्द्रह हजार के इनामिया आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी बेलसर का निवासी है और काफी समय से फरार चल रहा था। फरारी के दौरान ही एसपी की ओर से उस पर पंद्रह हजार का इनाम घोषित किया गया था।

थाना तरबगंज क्षेत्रांतर्गत बेलसर डीहा के एक खाली पड़े घर में बाहर से ताला लगाकर कर अवैध रूप से पटाखे बनाने का काम हो रहा था, जिसमें 07 अक्टूबर 2024 को अचानक धमाका होने से पटाखा बना रहे पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

इनमें उपचार के दौरान तीन लोगों की मृत्यु हो गई थी। जिसमें थाना तरबंगज पुलिस द्वारा घटना में संलिप्त आरोपी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

इस घटना में संलिप्त अभियुक्त फारूख पुत्र मोहम्मद बक्श गिरफ्तारी से बचने के लिए फरार चल रहा था। जिसकी जल्द से जल्द गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा उस पर 15,000 का इनाम घोषित किया गया था। शुक्रवार को थाना तरबगंज पुलिस ने इनामिया वांछित आरोपी फारूख पुत्र मोहम्मद बक्श निवासी बेलसर डीहा थाना तरबगंज को विकास शिक्षा मंदिर बेलसर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना तरबगंज पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया गया है।

# BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-22-08-2025

## ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार की मौत



राजन। (फाइल फोटो)

**बलरामपुर।** फुलवरिया बाईपास मार्ग पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया गया है। पुलिस के मुताबिक गुलवरिया माफी गांव निवासी राजन मौर्य (24) बाइक से बलरामपुर से लौट रहे थे। जैसे ही वह नहरबालागंज से फुलवरिया बाईपास की ओर मुड़े, तभी भगवतीगंज से आ रहे एक ट्रेलर की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि राजन की मौके पर ही मौत हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सलमान ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। इसी साल फरवरी में उनकी शादी हुई थी। हादसे की खबर से परिवार और गांव में कोहराम मच गया।

कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी ने बताया कि ट्रेलर का चालक मौके से फरार हो गया है, उसकी तलाश की जा रही है। बताया कि दुर्घटना स्थल से हेलमेट बरामद नहीं हुआ है। (संवाद)

# तमंचा रखने के दोषी को सजा

**बलरामपुर।** न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के एक मामले में दोषी को सजा सुनाई है। जेएम-प्रथम के न्यायाधीश प्रभात कुमार दुबे ने आरोपी को जेल में बिताई गई अवधि तथा एक हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। थाना ललिया क्षेत्र के मथुरा बाजार निवासी अब्दुल रहमान के कब्जे से वर्ष 1992 में पुलिस ने तमंचा बरामद किया था। (संवाद)

# 32 साल पुराने चोरी के मुकदमे में दो दोषियों को हुई सजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बलरामपुर।** 32 साल पुराने चोरी के मुकदमे में दो दोषियों को सजा हो गई। न्यायालय ने दोनों दोषियों को जेल में बिताई गई अवधि की सजा के साथ ही प्रत्येक पर 3500-3500 रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

दो अप्रैल 1993 को थाना ललिया के तत्कालीन थानाध्यक्ष लाल बहादुर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें नीवर नाई (अब मृतक), कमरेश और करमचंद निवासी पड़वलिया, थाना सिरसिया, जनपद बहराइच के खिलाफ चोरी की लकड़ी बरामद होने पर मामला दर्ज किया गया था। जेएम-प्रथम के न्यायाधीश प्रभात कुमार दुबे ने अभियुक्त कमरेश व करमचंद को दोषी करार दिया। दोनों को जेल में बिताई गई अवधि की सजा के साथ 3500-3500 रुपये का जुर्माना अदा करने का आदेश सुनाया।

**अदालत से**

## मारपीट के दोषी को मिली सजा

**बलरामपुर।** न्यायिक मजिस्ट्रेट उतरौला योगेश कुमार चौधरी ने बलवा व मारपीट करने वाले अभियुक्त को दोषी करार देते हुए जेल में बिताई गई अवधि की सजा सुनाई है। साथ ही 2500 रुपये अर्थदंड भी लगाया। 36 वर्ष बाद मुकदमे का फैसला हुआ। उतरौला की पुलिस ने 23 नवंबर 1989 को सार्वजनिक स्थान पर दो पक्षों में बलवा व मारपीट का केस दर्ज किया। उप निरीक्षक राम जी सिंह ने ग्राम जनुका गुजर निवासी फरजंद अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी। मामले की विवेचना की गई। इसके बाद न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया। पत्रावलियों का अवलोकन करने के बाद न्यायाधीश ने फरजंद अली को दोषी मानते हुए जेल में बिताई गई अवधि और अर्थदंड से दंडित किया है। इस मामले में फरजंद अली पहले ही सात दिन का कारावास काट चुका है। (संवाद)

# चौराहों पर सुरक्षा का करें उपाय, कम होंगे हादसे

संवाद न्यूज एजेंसी

## कलेक्ट्रेट सभागार की बैठक में बनी रणनीति, कार्यशाला आयोजित कराने के सुझाव

बलरामपुर। सड़क सुरक्षा को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की। सड़क सुरक्षा को लेकर मजबूती से रणनीति तैयार करने का सुझाव दिया। बहादुरापुर रेलवे क्रॉसिंग, फातिमा स्कूल मोड़, डीएफओ कार्यालय मोड़ व फुलवरिया बाइपास चौराहों पर सुरक्षा संबंधी संकेतकों को लगाने के निर्देश दिए गए।

एडीएम ने कहा कि बढ़ते सड़क हादसे चिंता का कारण बन रहे हैं। सभी जीवन अनमोल हैं। हादसों पर अंकुश पाने में हम सभी को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। जनपद के विभिन्न चौराहों पर स्थायी होर्डिंग लगाकर लोगों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया जाएगा।

सड़क पर पूर्व में चिह्नित दुर्घटना संभावित स्थलों/ब्लैक स्पॉट पर सड़क सुरक्षा साइनेज, आई कैट आदि लगाए जाएंगे। जिले के मुख्य चौराहे जैसे फुलवरिया बाइपास व वीर विनय चौराहे पर राउंड अबाउट बनाने की व्यवस्था करने के लिए कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए गए। स्कूलों में रोड सेफ्टी क्लब का गठन कराने का सुझाव भी दिया गया।

## स्कूल वाहन में हों सुरक्षा उपकरण

एडीएम ने एआरटीओ बृजेश यादव को निर्देश दिया कि विद्यालयों में संचालित वाहनों में सुरक्षा उपकरण जैसे जीपीएस लोकेशन, ट्रैकिंग सिस्टम, सीसीटीवी कैमरा, फायर एक्सटिंगविशर, फर्स्ट एड बॉक्स उपकरण अवश्य लगाए जाएं। सभी विद्यालयों के वाहन चालकों व परिचालकों के चरित्र व लाइसेंस का सत्यापन अवश्य कराया जाए। चालकों के स्वास्थ्य की भी जांच नियमित अंतराल पर कराई जाए।

# फिटनेस व अनुशासन परखा, कराई ड्रोन मॉकड्रिल

संवाद न्यूज एजेंसी



पुलिस लाइन में ड्रोन मॉकड्रिल करते पुलिस अधिकारी। -स्रोत : विभाग

बलरामपुर। रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय ने निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों की फिटनेस, दक्षता और अनुशासन परखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई। जवानों को शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रखने के लिए दौड़ भी लगवाई गई।

एएसपी ने परेड में शामिल ड्रोन निगरानी पुलिस टीम का निरीक्षण किया और अपराध नियंत्रण में ड्रोन के उपयोग की समीक्षा की। उन्होंने ड्रोन से घटनाओं का मानचित्रण और संवेदनशील स्थानों पर सतर्क निगरानी रखने के लिए मॉकड्रिल कराई। यूपी-112 वाहनों का निरीक्षण कर दंगा नियंत्रक उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स की जांच की।

# लकड़ी चोरी में दो को अर्थदंड

जासं • बलरामपुरः न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने लकड़ी चोरी के मामले में बहराइच के पड़वलिया सिरसिया निवासी मरेश कमरचंद गुप्त को जेल में बिताई अवधि की सजा सुनाते हुए तीन-तीन हजार अर्थदंड दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) विशाल पांडेय ने बताया कि दो अप्रैल 1993 को उक्त दोनों अभियुक्तों समेत नीबर नाई के विरुद्ध ललिया थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। नीबर की मौत हो चुकी है।

## आर्म्स एक्ट में जुर्माना

बलरामपुरः न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम ने अवैध तमंचा बरामदगी में ललिया के मथुरा बाजार निवासी अब्दुल रहमान को जेल में बिताई अवधि व एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। एएसपी विशाल पांडेय ने बताया कि अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया गया था। (जासं)

# राप्ती में उतराता मिला बीसी संचालक का शव

संवादसूत्र, जागरण • गौरा चौराहा (बलरामपुर): पिपरा एकडंगा निवासी विकास पांडेय पुत्र वासुदेव पांडेय का शव शुक्रवार को घटना स्थल से करीब 20 किमी दूर गैंड़ासबुजुर्ग के नंदौरी गांव के आगे राप्ती नदी में उतराता मिला है। विकास पांडेय भारतीय स्टेट बैंक के बीसी (बिजनेस करस्पांडेंट) संचालक थे, जो बुधवार की रात नकदी लेकर घर लौटते समय संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। इससे पहले विकास ने रात सवा आठ बजे उतरौला के कटरा गांव निवासी ज्ञानचंद मिश्र को फोन करके सूचना दी कि कुछ लोग उसके रुपये छीनकर नदी में फेंकने की धमकी दे रहे हैं। मृतक के भाई विनीत पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया था।

मृतक के भाई विनीत ने बताया कि वह जिला मुख्यालय स्थित उप निबंधक कार्यालय में नौकरी करते हैं। देहात के धुसाह गांव में किराये पर मकान लेकर रहते हैं। बताया कि उनके बड़े भाई विकास बुधवार को बलरामपुर आए थे। इसके बाद बेल्हा मोड़ के रास्ते गौरा चौराहा होते हुए घर लौट रहे थे। शाम को 7.37 बजे

**घटना से पहले छोटे भाई से किसी के बैंक खाते में विकास ने भिजवाए थे रुपये, कई बिंदुओं पर जांच में जुटी पुलिस**



मृतक विकास पांडेय • फाइल फोटो

## नहीं मिले चोट के निशान

अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडेय का कहना है कि काफी देर तक पानी में रहने के कारण विकास का शव फूल गया है। शरीर पर प्रथम दृष्टया कोई चोट के निशान दिखाई नहीं दे रहे हैं। कई बिंदुओं पर विवेचना की जा रही है। टीमें लगी हुई हैं। उसकी कुछ महिलाओं से बातचीत थी। कुछ जमीन और रुपये के विवाद व पारिवारिक दृष्टिकोण से जांच की जा रही है। शीघ्र ही घटना का अनावरण कर दिया जाएगा।

फोन करके कहा कि रामचरित्र के खाते में 4500 रुपये भेज दो। इस पर विनीत ने उनके बताए खाते में रुपये भेज दिए थे। सवा आठ बजे कटरा के ज्ञानचंद मिश्र के पास फोन जाता है कि उनके साथ कुछ लोग लूट कर रहे हैं। ज्ञानचंद गांव के ही एक व्यक्ति के साथ पुल पर पहुंचते हैं, जहां विकास की बाइक खड़ी मिलती है। फोन मिलाने पर विकास का मोबाइल स्विच आफ बताने लगता है। बांकभवानी चौकी प्रभारी किसलय मिश्र ने बताया कि शव बरामद कर लिया गया है।

**कई दिनों से बैंकिंग न कराने की चर्चा:** विकास का शव बरामद होने के बाद चर्चाओं का बाजार गर्म है। चर्चा है कि विकास ने बीसी के कलेक्शन की धनराशि मिलने पर भी कई दिनों से बैंकिंग नहीं कराई थी। घटना वाले दिन वह बलरामपुर में किसी बैनामा के लिए गए थे। कोल्हुइया के जिस पुल पर बाइक मिलती है, वहां रात नौ बजे तक चहल-पहल भी रहती है। विकास की मौत का वास्तविक कारण क्या, यह हर कोई जानना चाहता है।

# फुलवरिया बाईपास मार्ग पर ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को रौंदा, मौत




दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक को लेकर जाते पुलिसकर्मी • जागरण

जासं • बलरामपुर: नहरबालागंज से फुलवरिया बाईपास मार्ग पर शुक्रवार को एक ट्रेलर ने बाइक सवार को रौंद दिया। इससे बाइक सवार गुलवरिया माफी गांव निवासी 24 वर्षीय राजन मौर्य की मौत हो गई। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में ले लिया है।

देहात कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश तिवारी ने बताया कि राजन मौर्य बाइक से बलरामपुर से लौट रहे थे। जैसे ही वह नहर बालागंज से फुलवरिया बाईपास की ओर मुड़े, भगवतीगंज से आ रहे एक ट्रेलर की चपेट में आ गए। इसके नीचे आने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। चालक को हिरासत में ले लिया गया है। प्रधान प्रतिनिधि सलमान ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। इसी वर्ष फरवरी माह में उनका विवाह हुआ था।

# चोरी किया गया ई-रिक्शा बरामद




थाना सादुल्लाहनगर परिसर में पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त • जागरण

संवादसूत्र. जागरण • सादुल्लाहनगर (बलरामपुर) : चोरी किए गए ई-रिक्शा को बरामद करते हुए पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित मद्दौभट्ठा गांव निवासी राजू वर्मा को बाबा कुटी मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। वादी छेदीलाल सोनी निवासी गूमाफातिमाजोत ने बीते गुरुवार को उनका ई-रिक्शा चोरी के होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# दुष्कर्म के बाद गर्भपात कराने वाले तीन को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शिकंजा**



दुष्कर्म के बाद गर्भपात कराने वाले गिरफ्तार आरोपियों के साथ मौजूद पुलिस टीम

- थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के एक गांव में उसके ही पटीदार ने तीन माह पूर्व किया था दुष्कर्म
- गर्भधारण होने के बाद आरोपी ने महक हास्पिटल में कराया था गर्भपात
- अवैध नर्सिंग होम संचालक व उसके सहयोगियों को भी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बलरामपुर, संवाददाता।** तीन माह पूर्व दुष्कर्म करने के बाद उसका गर्भपात कराने वाले आरोपी व निजी अस्पताल संचालक समेत तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसके पूर्व इस मामले में थाना गौरा चौराहा क्षेत्र में संचालित महक हास्पिटल को पहले ही सील कर दिया गया था। इसी अस्पताल में लड़की का गर्भपात कराया गया था।

करीब तीन माह पूर्व थाना गौरा चौराहा क्षेत्र के एक गांव निवासी लड़की के साथ उसके ही पटीदार ने लड़के ने दुष्कर्म किया। दुष्कर्म के बाद लड़की गर्भवती हो गई। जब आरोपी को इस बात की जानकारी हुई तो वह इस क्षेत्र में संचालित अवैध नर्सिंग होम महक हास्पिटल में ले जाकर उसका गर्भपात करा दिया। पूरे मामले की जानकारी होने पर परिजनों ने इसकी शिकायत थाने पर की, जिसके बाद सम्बन्धित लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पिछले बुधवार रात को इस अस्पताल को तत्काल प्रभाव से अपर सीएमओ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने छापेमारी कर सील कर दिया था।

इस संबंध में एसपी विकास कुमार ने इस मामले में अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय व सीओ सीटी ज्योतिश्री के नेतृत्व में घटना के खुलासा के लिए एक टीम बनाई थी। एएसपी की सक्रियता से तीनों अपराधी पकड़ लिये गए। एसपी विकास कुमार ने बताया कि दुष्कर्म कर गर्भपात कराने के आरोप में लवकुश पुत्र दिवाकर निवासी सेवरहा थाना गौरा चौराहा को गिरफ्तार किया गया है।

इसी तरह से जिस महक अस्पताल में लड़की का गर्भपात कराया गया था उसके संचालक गौरा चौराहा निवासी अवधेश पाठक पुत्र रमेश चन्द्र पाठक निवासी गौरीपाठक थाना पथरा जनपद सिद्धार्थनगर व कार्यकत्री सत्यभामा त्रिपाठी उर्फ चामा पत्नी तामेश्वर त्रिपाठी निवासिनी ग्राम चरथारी बांसी जनपद सिद्धार्थनगर वर्तमान पता गौरा चौराहा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सभी के खिलाफ कार्रवाई हो रही है।

**20 को दर्ज हुआ था केस**

एएसपी विशाल पाण्डेय ने बताया कि थाना गौरा चौराहा क्षेत्र की एक वादनी ने 20 अगस्त को तहरीर देकर यह आरोप लगाया था कि उसकी लड़की के साथ विपक्षी लवकुश ने तीन माह पूर्व दुष्कर्म किया था। जिसके कारण वह गर्भवती हो गई थी। उसे ले जाकर उसने गर्भपात भी कराया था। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# मूकबधिर से दुष्कर्म व सेप्टिक टैंक में मौत का आयोग ने लिया संज्ञान

**जासं • लखनऊ**: राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने बलरामपुर में मूकबधिर से दुष्कर्म, सीतापुर में सेप्टिक टैंक में डूबने से तीन की मौत तथा बख्शी का तालाब के रामसागर मिश्र सौ शैय्या संयुक्त अस्पताल में बीमार बच्ची को इलाज न मिलने के मामले का मीडिया रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेकर उच्चाधिकारियो से दो सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

मानवाधिकार आयोग के उप निदेशक मीडिया एवं कम्युनिकेशन जैमिनी कुमार श्रीवास्तव के अनुसार बलरामपुर में 11 अगस्त को मूक-बधिर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करके पुलिस चौकी के पास फेंक दिया गया था। आयोग ने पुलिस महानिदेशक तथा बलरामपुर डीएम से घटना रिपोर्ट के साथ पीड़िता को मिले मुआवजे की रिपोर्ट मांगी है। उधर, सीतापुर में 17 अगस्त को सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान दम घुटने से तीन लोगों की मौत हो गई थी। इसमें भी मुआवजा तथा कार्रवाई का विवरण डीएम और एसएसपी से मांगा है। इसके अलावा अपनी बच्ची का इलाज कराने के लिए सीतापुर जिले के अपने गांव से राजधानी के बीकेटी स्थित सरकारी रामसागर मिश्र सौ शैय्या संयुक्त अस्पताल आया था। बच्ची पीलिया से पीड़ित थी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीमार बच्ची के माता-पिता को उसे निजी अस्पताल ले जाना पड़ा, क्योंकि सरकारी अस्पताल के डाक्टरों ने लगातार दो घंटे तक बार-बार अनुरोध करने के बावजूद इलाज नहीं दिया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर पिता उसे अपनी बाइक से निजी अस्पताल ले गए, क्योंकि सरकारी अस्पताल ने एम्बुलेंस तक उपलब्ध नहीं कराई। आयोग ने कहा है कि यदि मीडिया रिपोर्ट सही है तो यह गंभीर मानवाधिकार उल्लंघन का मामला है। इसलिए आयोग ने प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव को नोटिस जारी कर रिपोर्ट मांगी है।

# पुल पर सेल्फी ले रहे पति व पत्नी में विवाद, नाराज महिला नदी में कूदी

## कोतवाली देहात क्षेत्र के कोड़री घाट पुल का मामला, मायके से पत्नी को ला रहा था युवक

**दुखद**

**बलरामपुर, संवाददाता।** कोतवाली देहात क्षेत्र के कोड़री घाट पुल पर सेल्फी लेने के दौरान पति पत्नी के कहासुनी हो गई। इससे नाराज पत्नी ने पहले अपना पर्स व मोबाइल नदी में फेंका। इसके बाद पुल से उसने भरी नदी में छलांग लगा दी। पत्नी को नदी में डूबते हुए देख पति भी पीछे से कूद गया। आस पास के लोगों ने पति को डूबने से बचा लिया, लेकिन पत्नी नदी की धारा में बह गई। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पुलिस महिला की तलाश कर रही है।

बताया जाता है कि थाना इकौना क्षेत्र के ग्राम महरौली निवासी विजय पाल यादव अपनी 22 वर्षीय वर्षीय पत्नी शीला को शुक्रवार दोपहर उसके मायके ललिया थाना के मकुनहवा से बाइक पर लेकर घर जा रहे थे। रास्ते में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। शुक्रवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे कोड़री घाट पुल पर पहुंचने पर पत्नी ने विजयपाल से सेल्फी लेने की बात कही। इस पर विजय ने बाइक रोक दी।

सेल्फी लेने के दौरान दोनों में कुछ कहासुनी हो गई। इस पर शीला ने अपना पर्स व मोबाइल निकाल फेंक दिया और भरी नदी में छलांग लगा दी। शीला को नदी में डूबता देख विजयपाल भी राप्ती में कूद गया। आस पास के लोगों ने किसी तरह विजय को तो बचा लिया लेकिन शीला नदी की धारा में बह गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक व कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक समेत अन्य लोग पहुंच गए। एएसपी विशाल पाण्डेय ने बताया कि मौके पर पहुंचकर स्थानीय गोताखोरों की मदद से शीला का पता लगाया जा रहा है। विजयपाल को थाने पर लाकर घटना के सम्बन्ध में पूछताछ की जा रही है।



वारदात के बाद राप्ती नदी के कोड़री घाट पर मौजूद पुलिस अधिकारी और जुटी लोगों की भीड़।

**1.30** बजे दोपहर को घटना

**22** वर्षीय युवती ने नदी में कूदकर दी जान

**100** से ज्यादा लोग इकट्ठा हो गए वहां

### महिला के कूदते ही कोड़री घाट पुल पर लगी भारी भीड़

महिला ने जिस समय कोड़री घाट पुल से छलांग लगाई इसकी खबर आसपास के क्षेत्रों में फैल गई। देखते ही देखते भारी संख्या में लोग कोड़री घाट पुल पर एकत्र हो गए। एक समय ऐसा आया जब पुलिस को यहां से लोगों को हटाने के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ी। फिर भी लोगों की भीड़ जुटी रही। आनन फानन में पुलिस ने लेखपाल व गोताखोर की टीम बुलवाई। टीम महिला की नदी में तलाश कर रही थी। अंधेरा होने के बाद सर्च ऑपरेशन को बंद कर दिया

### इससे पहले भी हो चुके हैं यहां पर हादसे

नगर से कुछ ही किलोमीटर दूर स्थित कोड़रीघाट का पुल आत्महत्या के लिए मुफीद बन चुका है। यहां पर अक्सर घटनाएं होती रहती हैं। ऐसी घटनाओं के रोकथाम के लिए यहां कोई उपाय नहीं किया गया है। बारिश के दौरान कोड़री घाट पुल के नीचे पानी का तेज बहाव होता है। इसीलिए यहां पर लोग आत्महत्या करने आते हैं। इसके पहले भी यहां तमाम घटनाएं हो चुकी हैं लोगों का कहना है कि यह स्थान ऐसी घटनाओं को लेकर बेहद संवेदनशील बन चुका है।

# लापता बीसी संचालक का शव हुआ बरामद

## हड़कंप

**बलरामपुर, संवाददाता।** थाना गौरा चौराहा क्षेत्र में नकदी लेकर निकले भारतीय स्टेट बैंक के बीसी संचालक का शव सिद्धार्थनगर बलरामपुर बार्डर के परसा गांव के पास से बरामद हुआ है। बीसी संचालक पिछले गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था।

पिपरा एकडंगा गांव निवासी विकास पाण्डेय ने बुधवार रात सवा आठे उतरौला के कटरा निवासी ज्ञान चन्द्र मिश्र उर्फ ज्ञानू को फोन करके बताया कि उन्हें कुछ लोगों ने पकड़ लिया है। उनके रुपये छीनकर उसे नदी में फेंकने की धमकी दे रहे हैं। थोड़ी देर के अंदर ही कटरा के लोग राप्ती नदी के कोल्हुई पुल के पास पहुंच गए। पुल पर विकास की बाइक खड़ी मिली, लेकिन वह लापता था। विकास पांडेय के भाई विनीत ने थाना गौरा चौराहा में तहरीर देकर इसकी जानकारी दी, जिसके बाद गोताखोरों को लगाया गया था।

# यूरिया वितरण में असुविधा पर सीएम से मिले विधायक

**मांग**

**बलरामपुर, संवाददाता।** जिले में खाद की किल्लत अभी भी बनी हुई है। सहकारी समितियों व फुटकर विक्रेताओं की दुकानों पर किसान खाद लेने के लिए पूरे दिन लाइन में लगे रहते हैं।

यूरिया वितरण में हो रही असुविधा को लेकर सदर विधायक पल्टूराम शुक्रवार को सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। उन्होंने वितरण व्यवस्था में सुधार लाने, सचिवों के रिक्त पदों पर तैनाती करने एवं प्राइवेट खाद विक्रेताओं को यूरिया आवंटित करने का अनुरोध किया। वहीं कृषि विभाग सहकारी समितियों व खुर्दरा उर्वरक केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध होने की बात कह रहा है।

धान फसल की टॉप ड्रेसिंग के लिए किसानों को यूरिया की आवश्यकता है। पिछले एक माह से किसान यूरिया के लिए परेशान हैं।

कालाबाजारी की शिकायत भी लगातार आ रही है। यह बात भी सामने आई है कि दुकानों पर खाद उपलब्ध होने के बावजूद बिक्रेता यूरिया का वितरण नहीं कर रहे। गुरुवार को डीएम ने उपलब्ध के बावजूद वितरण न होने पर बहादुरापुर स्थित एक दुकानदार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश दिया

## फसल के अनुसार किसानों को दी जा रही यूरिया

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जिले के सभी सहकारी समितियों व खुर्दरा उर्वरक केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध है। किसानों से आधार व खतौनी लेकर बोई गई फसल के अनुसार यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इफको यूरिया की रैक ऑंवला प्लांट से सुभागपुर गोंडा रैक की लोडिंग की जा चुकी है। इस रैक में जिले को 1300 एमटी यूरिया का आवंटन हुआ है।

# ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत, घर में मचा कोहराम

**बलरामपुर, संवाददाता।** नगर के फुलवरिया बाईपास मार्ग पर शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वहीं घटना कारित करने वाले ट्रक को कब्जे में ले लिया है। वहीं बाइक सवार ने हेलमेट नहीं लगा रखा था, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई।

बताया जाता है कि गुलवरिया माफी गांव निवासी 24 वर्षीय राजन मौर्य बाइक से बलरामपुर से लौट रहे थे। सुबह लगभग नौ बजे नहरबालागंज के स्थित फुलवरिया बाईपास मोड़ पर पहुंचते ही वह भगवतीगंज की ओर से आ रहे एक ट्रक की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर राजन की मौत हो गई। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सलमान ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। इसी साल फरवरी माह में उसकी शादी हुई थी। हादसे की खबर से परिजनों में कोहराम मच गया। कोतवाली देहात प्रभारी निरीक्षक गिरजेश तिवारी ने बताया कि ट्रक का चालक मौके से फरार हो गया है, उसकी तलाश की जा रही है। ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है।

# पॉक्सो एक्ट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना गैंड़ास बुजुर्ग पुलिस ने पाक्सो एक्ट सहित अन्य मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चौकी इन्चार्ज बांकभवानी उप निरीक्षक किसलय मिश्रा ने बताया कि ग्राम पुरैना बुलन्द थाना गैंड़ास बुजुर्ग निवासी कोमल यादव पुत्र मग्घू मामले में न्यायालय से वांछित चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार किया गया है।



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ मौजूद पुलिस टीम

# चोरी सामान के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना श्रीदत्तगंज पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ने के साथ चोरी हुए सामान को भी बरामद किया है। एसपी विकास कुमार ने बताया कि 18 अगस्त को सरीफुन्निशा पत्नी बहरैची ने प्रार्थना-पत्र देकर चोरी का अभियोग पंजीकृत कराया था। मामले के अनावरण की जिम्मेदारी क्षेत्राधिकारी उतरौला राघवेंद्र प्रताप सिंह को सौंपी गई।

# BAHRAICH POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2025

# युगल ने खाया विषाक्त, प्रेमी की

संसू, जागरण. गजधारपुर/फखरपुर(बहराइच) : फखरपुर इलाके में प्रेमी व प्रेमिका ने जहरीला पदार्थ खा लिया। प्रेमी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि प्रेमिका को गंभीर हालत में चिकित्सक ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर कर दिया है।

फखरपुर इलाके के गजधारपुर सुआताली कुंडासर निवासी 23 वर्षीय इमरान उर्फ झब्बर की ससुराल कैसरंज कोतवाली इलाके में है। इलाके की हिंदू समुदाय की एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। गुरुवार को इमरान अपनी बहन की ससुराल गया था। शुक्रवार सुबह उसने प्रेमिका से बात की। इसके बाद उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। आसपास के लोगों की म सीएचसी कैसरगंज में भर्ती कराय पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित इसकी जानकारी 25 वर्षीय प्रेमिका उसने भी जहरीला पदार्थ खा लि बिगड़ने पर स्वजन ने उसे सीएचस हालत गंभीर होने पर चिकित्स मेडिकल कालेज अस्पताल रेफर मृतक पक्ष के किसी भी व्यक्ति ने तक नहीं दी है। मृतक के छोटे भा बताया कि प्रेम-प्रसंग के मामले जहर खा लिया था। प्रभारी निरीक्ष मिथिलेश कुमार राय ने बताया वि कोई तहरीर नहीं दी है।

# मां-बेटियों को नदी में फेंकने वाला दूसरा आरोपित पकड़ा

बहराइच : मोतीपुर इलाके के पकड़िया दीवान गांव निवासी सुमन व उसकी तीन बेटियों को उसके दूसरे पति अनिरुद्ध ने मुकदमा में सुलह न करने पर लखीमपुर ले जाकर शारदा नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने मुख्य आरोपित को गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। थानाध्यक्ष आनंद चौरसिया ने बताया कि सहयोगी आरोपित बालकराम को रायबोझा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मालूम हो कि सुमन के पति संतोष की छोटे भाई अनिरुद्ध ने वर्ष 2018 में हत्या कर दी थी। उस

# सड़क हादसों में युवक की मौत,



घाघरा घाट रेलवे स्टेशन के निकट खड़ी क्षतिग्रस्त कार • जागरण



नानपारा के शहीद स्मारक के पास डिवाइडर से टक्कर 



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में इलाज के दौरान 

जागरण टीम • बहराइच : जिले के अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में युवक की मौत हो गई। नौ लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

कैसरगंज : कोनारी डाक बंगला के निकट लखनऊ-बहराइच हाईवे पर ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बहता गोड़हिया नंबर एक निवासी मुन्नीलाल की मौत हो गई। भकला चौराहे के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इसमें कपूरपुर निवासी जानकी व फारूक, भखौरामाफी निवासी नग्गन, बाराबंकी जिले के मोहडवा गोड़ा निवासी केसर व इंदर घायल हो गए। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में चल रहा है। प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि वाहन की तलाश की जा रही है।

जरवलरोड : इलाके के लखनऊ-बहराइच हाईवे पर बाराबंकी के देवा जा रही कार घाघराघाट रेलवे स्टेशन के पास खड़े ट्रेलर में पीछे से टकरा गई। दुर्घटना में कार सवार सिराज, मोहम्मद शोएब, राहुल यादव व वसी

को एंबुल
केंद्र मुस
है। प्राथ
और रा
कालेज
निरीक्षक
बताया वि
दर्ज किय

# आटोलिफ्टर गैंग का राजफ
# 12 बाइकों संग तीन गिरफ्ता

जासं • बहराइच: चार माह पहले लूट की वारदात को अंजाम देने वाले व आटोलिफ्टर गैंग का रिसिया पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने राजफाश किया है। चोरी की 12 बाइकों के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दो के ऊपर इनाम घोषित था। इनके पास से देशी तमंचा, जिंदा कारतूस व नकदी समेत अन्य सामान बरामद हुआ है। यह सभी बाइक को चोरी करने के बाद नेपाल में बेचते थे।

अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि रिसिया इलाके में हुई लूट में शामिल आरोपित दो मोटरसाइकिलों से बहराइच की तरफ से आ रहे हैं। कुछ देर बाद बहराइच की तरफ से मोटरसाइकिलें आती दिखीं। उन्हें घेरकर रोक लिया गया।

**4** महीने पहले लूट की
को दिया था अंजाम

## बेचने जा रहे थे बाइ

पूछताछ में आरोपितों ने ब
हम लोग चोरी की मोटरस
आसाम रोड पर बहराइच
कुछ दूर आगे एक बंद पड़े
रखे हैं। जिसको हम लोग
लिए नेपाल ले जाने के लि
खोजने जा रहे थे। पुलिस
टीम ने आरोपितों की निश
पर चोरी की 10 मोटरसाइ
बरामद कीं। आरोपितों ने
जिन दो मोटरसाइकिलों
लोग जा रहे थे, वह भी चो
एएसपी ने बताया कि एस
शिवम पाठक पर 20 हजा

हिन्दु

राधा कृष्ण की मूर्ति को विसर्जित करने गाजे-बाजे के साथ जा रहे थे, चरदा

# मूर्ति विसर्जन: ट्रैक्टर-ट्रॉली में

## हादसा

**नवाबगंज(बहराइच)।** राधा कृष्ण की मूर्ति विसर्जन यात्रा में ट्रैक्टर-ट्राली से जा रहे श्रद्धालु 11 हजार लाइन के करंट की चपेट में आ गए। 13 लोग झुलस गए इनमें अधिकतर बच्चे हैं। सीएचसी चरदा इलाज को ले गए। एक घायल को गम्भीर हालत में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, एसपी राम नयन सिंह ने अस्पताल जाकर घायलों के इलाज की व्यवस्था देखी है। डॉक्टरों की टीम लगी है।

घटना बहराइच जिले के नवाबगंज थाने के ग्राम निम्निहारा गांव में हुई। यहां राधा कृष्ण की मूर्ति स्थापित की गई थी। शुक्रवार को तीन बजे के आसपास मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा निकली जो श्रावस्ती के बरुहाघाट तक जाना था। ट्रैक्टर ट्राली पर सवार श्रद्धालु स्टील पाइप में लगा एक झंडा लिए हुए थे। निम्निहारा गांव से निकलकर जैसे ही चौराहे पर पहुंची। वहीं झंडा 11 हजार की लाइन में छू गया। और करंट ट्राली में उतर आया। लोग छटपटाने लगे। तब तक ड्यूटी में तैनात होमगार्ड अजय पाठक ने लकड़ी के बेंत के सहारे झंडे को तार से अलग किया। अधिकतर बच्चे होने की वजह से अफरातफरी मच गई। लोग बचाव कार्य में लगे कुछ को एम्बुलेंस तो कुछ को निजी वाहनों से चरदा सीएचसी ले गए वहां इलाज किया जा रहा है। डीएम अक्षय त्रिपाठी और पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह अस्पताल पहुंचे। घायलों के बेहतर



विर्सजन के लिए ले जाई जा रही राधा कृष्ण की प्रतिमा



झुलसे बच्चों क



सीएचसी में इलाज करते डॉक्टर व स्वास्थ्य कर्मचारी।



सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चरदा में भर्ती बच्चा।

## पाइप तार से छूते ही चिंगारी छूटी

**नवाबगंज।** नवाबगंज के मल्हीपुर बाबागंज मार्ग पर निम्ननिहारा गांव में जन्माष्टमी पर स्थापित राधा कृष्ण की प्रतिमा शोभा यात्रा चौराहे से शुक्रवार दोपहर में लगभग तीन बजे आगे बढ़ी। स्टील पाइप में लगा ध्वज ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छूते ही धमाके की आवाज, तेज रोशनी हुई। इसी दौरान भगदड़ मच गई। उधर बैंक सुरक्षा ड्यूटी में लग होमगार्ड अजय दत्त पाठक ने अफने लकड़ी के बेंत को जोर से घुमाया। जिससे स्टील पाइप तार से छिटक दूर जा गिरा। जिसके चलते बड़ा हादसा टल गया। हालांकि ट्राली सवार दो महिला, नौ बच्चों सहित 14 करंट की चपेट से प्रभावित हुए। ग्रामीणों के अनुसार रोड पटने से एचटी लाइन व सड़क की दूरी पहले से घटी है। जहां यह हादसा घटा वहां चौराहा है।

उपचार के लिए निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक के ने बताया है अधिकांश घायलों की स्थिति फिलहाल

स्थिर है, लेकिन इसरार (10) की हालत गंभीर होने पर उसे बहराइच मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

## मची

नवाबगंज/
ट्रैक्टर ट्राली
पुकार मच
आसपास लग
थी। सभी ए
दूसरे को बच
बताया जा रह
हुई थी नहीं
सकता था। पु
आ जाती। हा
आ रही थी।

हिन्दुस्तान

# प्रसूता के मौत मामले में पांच सदस्यीय टीम गठित

**असर**

**बहराइच,संवाददाता।** मेडिकल कॉलेज के मैटरनिटी विंग में लापरवाही में प्रसूता की मौत मामली की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम गठित की गई है। सीएमएस के नेतृत्व में गठित टीम सात दिनों में अपनी रिपोर्ट मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को सौपेगी। रिपोर्ट में चिकित्सक व कर्मियों की लापरवाही पाई गई तो कार्रवाई तय मानी जा रही है। इस खबर का हिंदुस्तान ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

मिहींपुरवा सीएचसी से प्रसूता को गंभीर हालत में रेफर किया गया था। गुरुवार की सुबह उसे मैरनिटी विंग लाया गया था। परिजनों का आरोप रहा कि तीन घंटे तक इलाज शुरू नहीं किया गया। सिर्फ ऑक्सीजन लगाया गया था। समय से इलाज न होने की वजह से उसकी मौत हुई है। परिजनों ने नाराजगी जताते हुए हंगामा भी किया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रिंसिपल ने सीएमएस डॉ एमएम त्रिपाठी, डॉ अनूप कुमार, डॉ अमित कुमार, डॉ अंजलि व डॉ मिथलेश कुमार की टीम गठित की है। यह टीम परिजनों से संपर्क कर उनके बयान दर्ज करेगी। इसके आधार पर चिकित्सक व चिकित्सा कर्मियों की ओर से उठाए गए कदम की जानकारी लेगी। सीसी कैमरे में कैद फुटेज का भी सहारा लिया जाएगा, ताकि सही रिपोर्ट तैयार हो सके। रिपोर्ट के आधार पर जवाबदेही तय करते हुए कार्रवाई की जाएगी। प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉ संजय खत्री ने बताया कि प्रसूता के पहुंचने पर बीपी की जांच हुई जो बहुत ही कम मिली थी। प्राथमिक उपचार किया गया था, लेकिन उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। परिजनों के आरोपों की जांच कराई जा रही है।

हिन्दुस्त




पुलिस लाइन में गिरफ्तार लुटेरे।

# बाइक व रिक्शा चालक के साथ लूट का खुलासा

- स्वाट व रिसिया थाने की संयुक्त टीम ने पकड़े तीन शातिर इनामिया
- लूट व चोरी की एक दर्जन बाइक, असलहा कारतूस बरामद

**बहराइच, संवाददाता।** लगभग तीन माह पूर्व आसाम हाईवे के मोहम्मदा नाला पर एक युवक की लुटेरों ने बाइक छिनैती की थी। जबकि ई रिक्शा चालक के साथ नगदी लूटी थी। स्वाट व रिसिया थाने की संयुक्त टीम ने तीन शातिर इनामिया लुटेरों को धर दबोचा है। इनकी निशानदेही पर छिपाकर रखी गई एक दर्जन बाइक, असलहा, कारतूस, नगदी बरामद की गई है।

रिसिया थाने के डिहवा निवासी शाहिद अली पुत्र पुत्ती की आसाम हाईवे के मोहम्मदा नाला के पास बाइक सवार तीन लुटेरों ने मारपीट कर बाइक लूट कर फरार हो गए थे। इससे पूर्व लुटेरे एक ई रिक्शा चालक दरगाह थाने के बख्शीपुरा चटाई मोहल्ले निवासी लियाकत को मारपीट पांच हजार नगदी लूट ली थी। एसपी ने वारदात के खुलासे को पुलिस की मदद को स्वाट टीम प्रभारी मनोज सिंह यादव व उनकी टीम को लगाया था। स्वाट टीम व रिसिया एसओ मदन लाल, वरिष्ठ उप निरीक्षक अमितेन्द्र सिंह, दरोगा हेमन्त कुमार यादव, कन्हैया दीक्षित व पुलिस बल ने गुरुवार देर रात बलिदानपुरवा रोड पर दबिश देकर बाइक सवार दो युवकों, एक बाइक पर सवार एक युवक को पकड़ा। उनकी पहचान बौंड़ी थाने के कोदही के पंडितपुरवा गांव निवासी शिवम पाठक, कैसरगंज थाने के डिहवा शेर बहादुर सिंह निवासी शहादत अली के रूप में हुई। दूसरी बाइक सवार की पहचान बौंड़ी थाने के चैता बाजार के राशिद के रूप में हुई।

हिन्दुस्



पुलिसकर्मियों को बावर्दी फिटनेस देखते पुलिस अधीक्षक।

# एसपी ने किया मुआयना, निर्देश दिए

**बहराइच।** शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी के बाद पुलिस अधीक्षक ने मुआयना किया। पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए समस्त पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवायी गई। टोलीवार ड्रिल करवाया गया । परेड में रिक्रूट आरक्षी भी शामिल हुए। क्वार्टर गार्द, एमटी शाखा, यूपी 112 पीआरवी, पुलिस कैन्टीन आदि का निरीक्षण किया गया।

# हत्या में शामिल सहयोगी भी गि

## पुलिस ने रायबोझा गणेश मंदिर के पास से पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** अपनी पत्नी और तीन बेटियों को शारदा नदी में धकेलने वाले अनिरुद्ध के सहयोगी को भी पुलिस ने बृहस्पतिवार को गिरफतार कर लिया। उसे भी कोर्ट के समक्ष पेश किया गया, जहां से जेल रवाना कर दिया गया।

फॉलोअप

पुलिस की पूछताछ में खुलासा हुआ था कि 14 अगस्त को अनिरुद्ध ने अपनी पत्नी सुमन और तीन बेटियों नंदिनी, अंशिका और लाडो को मायके से बुलाया था। इसके बाद उन्हें लखीमपुर खीरी जनपद में टहलाने की बात कह कर मोटरसाइकिल से खमरिया थाना क्षेत्र में बहने वाली शारदा नदी के पुल पर ले गया।

### अनिरुद्ध ने पत्नी और तीन बेटियों को शारदा नदी में धकेलकर मार डाला था

वहां उसने पत्नी से बातचीत शुरू की, बातचीत के दौरान ह
धक्का देकर नदी म
उसके साथ बालक
दाखिला पकड़िया द
शामिल था।

इस खुलासे के
हत्याकांड में सहयो
की तलाश थी। बृह
इसे रायबोझा गणेश
गिरफ्तार कर लिया
प्रस्तुत किया गया, ज
दिया गया।

# चोरी की 12 बाइकों के साथ तीन गिरफ्तार

**बहराइच।** चोरी की 12 मोटरसाइकिल के साथ पुलिस ने बृहस्पतिवार देर रात तीन चोरों को दबोचा। इनके कब्जे से असलहा, कारतूस एवं नकदी भी बरामद हुई।

जिले में काफी दिनों से बाइक चोरों का गिरोह सक्रिय था। उसे पकड़ने के लिए एसपी ने स्वाट टीम के साथ रिसिया पुलिस को लगाया था। सूचना मिली की कुछ लोग चोरी की बाइक बेचने नेपाल जा रहे हैं। टीम ने बलिदान पुरवा मोड़ के पास घेराबंदी कर तीन लोगों को दबोच लिया। इनकी पहचान शिवम पाठक निवासी थाना क्षेत्र बौंडी, शहादत अली निवासी कैसरगंज और राशिद निवासी इंदिरा नगर लखनऊ के रूप में हुई।

आरोपियों ने कबूल किया कि 19 अप्रैल 2025 को अपने साथियों संग आसाम रोड पर ई रिक्शा चालक से 5 हजार रुपये व मोबाइल लूटा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी पहले भी लखनऊ के साथ उत्तराखंड में भी घटना को अंजाम दे चुके हैं। एसपी नगर रामानंद कुशवाहा ने बताया कि आरोपी शिवम पाठक पर बीस हजार व शहादत पर पंद्रह हजार रुपये का इनाम घोषित था। (संवाद)

# दो दुकानों पर बिक रहा था नकली सामान, केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## कंपनी की टीम ने छापा मारकर पकड़ा था माल

**बहराइच।** लक्मे का नकली सामान बेच रहे दो दुकानदारों को कंपनी की जांच टीम ने पकड़ लिया। दोनों दुकान स्टील गंज तालाब पर स्थित हैं। इन दुकानों पर वह प्रोडक्ट बिक रहा था, जिसे कंपनी बनाती ही नहीं। दोनों दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

लक्मे कंपनी का प्रोडक्ट बाजार में ओरिजिनल बिक रहा है या नहीं, इसे लैक्सनोस आईपी कंपनी देखती है। बृहस्पतिवार शाम इस कंपनी के सौरव राय, फरहा दीबा, राम प्रवेश मंडल व सोमनाथ मांझी शहर के घंटाघर चौक पहुंचे। वहां दुकानों पर प्रोडक्ट की जांच शुरू कर दी।

इसके विरोध में दुकानदारों ने विरोध करना शुरू कर दिया था। इसी के बाद पुलिस के हस्तक्षेप पर अनवर खान निवासी ब्राह्मणीपुरा की दुकान पर जांच कर लक्मे कंपनी का नकली उत्पाद बरामद किया था। इसी प्रकार दूसरी जांच अशफाक निवासी काजीपुरा मुसाफिर खाना की दुकान पर छापा मारकर वहां से भी नकली उत्पाद बरामद किया। ये उत्पाद कंपनी बनाती ही नहीं है। इस पर कंपनी ने दोनों दुकानदारों पर कापीराइट एक्ट में मामला दर्ज कराया है।

# SHRAWASTI POLICE

4

# सराहनीय कार्य दिनांक:-23-08-2025

# उर्वरक के लिए लाइन में खट रहीं महिलाएं

## भीड़ अधिक होने के कारण आधार कार्ड व जोत बही के अनुसार दी जा रही खाद, सुबह से ही लगानी पड़ रही कतार

संवाद न्यूज एजेंसी



जमुनहा के भवनियापुर में खाद के लिए कतारबद्ध खड़े लोग। संवाद



जमुनहा के भवनियापुर में खाद के लिए परेशान महिला किसान। संवाद

**श्रावस्ती/जमुनहा/गिरंट बाजार।** सरकारी आंकड़ों में उर्वरक की किल्लत भले न दिख रही हो, पर समितियों के बाहर लग रही लाइन से स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। शुक्रवार को जमुनहा क्षेत्र की दो समितियों पर यूरिया का वितरण किया गया। यहां महिला हो या पुरुष, हर कोई उर्वरक के लिए कतार में लगा दिखा।

जमुनहा भवनियापुर स्थित सहकारी समिति पर बृहस्पतिवार को 450 बोरी यूरिया की खेप पहुंची थी। यह खबर जंगल में आग की तरह फैल गई और शुक्रवार को सुबह से ही महिलाओं व पुरुषों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ अधिक होने के कारण समिति के सचिव प्रदीप सिंह ने बताया कि किसानों को आधार कार्ड व जोत बही के अनुसार खाद दी जा रही है।

समिति पर एक नोटिस चस्पा किया गया है कि जो गांव समिति के दायरे में आएंगे, उन्हीं गांवों के किसानों को उर्वरक का वितरण किया जाएगा। ऐसे में उर्वरक लेने के लिए आने वाले दूसरे गांव के किसानों को बैरंग लौटना पड़ा।

उधर, बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति पर भी सुबह से ही किसानों की लाइन लगी रही। सचिव आनंद प्रताप सिंह ने बताया कि 600 बोरी यूरिया उपलब्ध है, किसानों को मानक के अनुरूप वितरण किया जा रहा है।

### यह बोलीं महिला किसान



रेनू।



वंदना।



कुसुम।



आमना।

जमुनहा भवनियापुर स्थित सहकारी समिति पर मिलीं कलकलवा निवासी वंदना ने बताया कि उनके पति विश्राम पंजाब में मजदूरी का काम करते हैं, खेती-बाड़ी का काम उन्हें ही देखना पड़ता है। बरगदहा निवासी कुसुम ने बताया कि उनके पति उमेश आजमगढ़ में खाना बनाने का काम करते हैं। ऐसे में खाद के लिए वह आई हैं। ग्राम बड़का फतेपुर निवासी आमना खातून ने बताया कि उनके घर कोई पुरुष न होने से उन्हें ही खेती-बाड़ी का काम देखना पड़ता है, लेकिन खाद न मिलने से परेशानी हो रही है। ग्राम दुर्गापुर निवासी रेनू ने बताया कि उनके पति रामप्रसाद दोनों पैर से दिव्यांग हैं, इसलिए खेती काम उन्हें ही करना पड़ता है।

# कैमरे की नजर में रहेगा कजरी मेला

## डीएम व एसपी ने विभूति नाथ मंदिर परिसर में की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** कजरी तीज व कांवड़ यात्रा को लेकर बृहस्पतिवार शाम विभूतिनाथ मंदिर परिसर में डीएम अजय कुमार द्विवेदी व एसपी घनश्याम चौरसिया ने बैठक की। डीएम ने मेलार्थियों व श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े, इसका विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। किसी भी प्रकार की शिथिलता पर संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की चेतावनी दी।

डीएम ने कहा कि अधिकारी व मेला प्रबंध कमेटी के सदस्य आपस में समन्वय बनाकर मेले को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराएं। आने-जाने के लिए 25 से 30 फुट का रास्ता खाली होना चाहिए। कहा कि पंचायती राज अधिकारी सभी कच्ची-पक्की सड़कों पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराएं।

उन्होंने सड़कों पर बन आए गड्ढों की मरम्मत कराकर दोनों तरफ की झाड़ियां साफ कराने के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देशित किया। ईओ भिनगा को पानी का टैंकर उपलब्ध कराने व सीएमओ को मेले में स्वास्थ्य शिविर लगाने, महिला चिकित्सक की उपस्थिति अनिवार्य रूप से रखने का निर्देश दिया।



मेले को लेकर विभूतिनाथ मंदिर का जायजा लेते डीएम व एसपी। -स्रोत : सूचना विभाग

मेले में झूला लगाने वालों से एनओसी प्राप्त करने के बाद ही अनुमति प्रदान करने, छुट्टा मवेशियों को परिसर में न घुसने देने का ध्यान रखने, मेले में 24 घंटे बिजली की व्यवस्था बनाए रखने के लिए 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगवाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

एसपी ने जंगली जानवरों से सुरक्षा के लिए पुलिस व वन विभाग की टीम को ट्रेंकुलाइज गन के साथ तैनात करने के लिए कहा। कहा कि मेला परिसर सीसीटीवी कैमरे की नजर में रहेगा। खुफिया पुलिस तैनात रहेगी। इसके बाद अधिकारियों ने विभूतिनाथ मंदिर व अभिषेक के लिए जल लेने वाले कुंड तथा संपूर्ण मेला परिसर का भ्रमण कर जायजा लिया।

इस दौरान एएसपी मुकेश चंद्र उत्तम, एसडीएम भिनगा आशीष भारद्वाज, बीडीओ सिरसिया व मेला प्रबंध समिति के सदस्य सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध कटान करने के दो दोषियों पर जुर्माना

**श्रावस्ती।** इकौना पुलिस ने एक वर्ष पूर्व लाजपत नगर निवासी सुलेमान व इकौना देहात निवासी नईमुल्लाह खां को 50 बोटा लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उनके विरुद्ध ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम में केस दर्ज कर जेल भेजा था। शुक्रवार को सीजेएम न्यायालय ने दोनों पर दोष सिद्ध करते हुए न्यायालय उठने तक के कारावास व प्रत्येक पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया। (संवाद)

अदालत से

## सर्पदंश से युवक गंभीर

**जमुनहा (श्रावस्ती)।** मल्हीपुर क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर भरथा के मजरा मोहनपुर निवासी संचित (26) शुक्रवार को खेत में मवेशियों के लिए चारा काटने गया था। उसी दौरान उसे किसी विषैले सर्प ने पैर में डस लिया। युवक को परिजनों ने सीएचसी मल्हीपुर पहुंचाया। हालत में सुधार न होने पर चिकित्सक ने संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा रेफर कर दिया। (संवाद)

# स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

## रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का एसपी ने लिया जायजा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

श्रावस्ती। पुलिस लाइन भिनगा में शुक्रवार को आयोजित साप्ताहिक परेड की एसपी घनश्याम चौरसिया ने सलामी ली। उन्होंने कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया।

एसपी ने पुलिस कर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से मजबूत रहने के लिए प्रेरित करते हुए सामूहिक दौड़ लगवाई। साथ ही, अनुशासन, एकरूपता व कार्यक्षमता को बढ़ावा देने के लिए टोलीवार ड्रिल का अभ्यास कराया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित आवासीय परिसर, क्वार्टर गारद, शस्त्रागार, स्टोर, परिवहन शाखा, प्रशिक्षण केंद्र का जायजा लिया।



पुलिस लाइन में आयोजित परेड का निरीक्षण कराते एसपी। -स्रोत : पुलिस विभाग

इस बीच रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर में प्रशिक्षुओं को शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया।

इसके साथ ही कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और पुलिस सेवा के उच्च आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस दौरान सीओ लाइन भरत पासवान व आरआई अखिलेश कुमार मौजूद रहे।

# लोगों की उम्मीदों पर हर बार फिर जाता पानी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**श्रावस्ती।** जमुनहा-भिनगा मार्ग पर दुश्वारियां खत्म होने का नाम नहीं ले रही हैं। हर वर्ष विभाग सड़क पर गिट्टी व मिट्टी डालकर कामचलाऊ आवागमन बहाल करने का प्रयास करता है। हर बार राप्ती नदी सड़क को काटकर लोगों की उम्मीदों पर पानी फेर देती है। ऐसे में लोगों को आने-जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

जमुनहा तहसील क्षेत्र के साथ ही बहराइच जिले के बाबागंज व रुपईडीहा को भिनगा से जोड़ने के लिए टू-लेन मार्ग का निर्माण कराया गया है। राप्ती में अगस्त 2020 में आई बाढ़ से मधवापुर घाट पूरी तरह से कट गया था। तब से आज तक हर वर्ष सड़क कट जाती है और बरसात के बाद सड़क पर आवागमन बहाल करने के लिए मिट्टी व ईंट के रोड़े डालकर कामचलाऊ मरम्मत करा दी जाती है।



मधवापुर मार्ग कटने के बाद खेत से होकर आते-जाते लोग व वाहन। संवाद

इससे हर बार लोगों को जान जोखिम में डालकर आवागमन करना पड़ता है। इस बार भले ही कम बारिश हुई है, लेकिन सड़क की हालत खस्ता हो गई है। ऐसे में लोगों को खेत की मेड़ से होकर आना-जाना पड़ रहा है।

> **शासन को लिखा गया है पत्र**
>
> नदी की धारा जब तक नहीं मुड़ेगी, तब तक सड़क को कटने से बचाना मुश्किल है। इसके लिए शासन को पत्र लिखा गया है। सिल्ट की सफाई व स्पर का निर्माण कर नदी की धारा को मोड़ा जा सकता है। यही कारण है कि सड़क पर पक्का मरम्मत कार्य नहीं कराया जा रहा है। बरसात के बाद दोबारा सड़क की मारम्मत कराई जाएगी।
>
> **-केपी मिश्रा**, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग

# आइजीआरएस पोर्टल में श्रावस्ती और गौतमबुद्धनगर सबसे आगे

राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ : जनसुनवाई प्रणाली (आइजीआरएस) की जुलाई माह की रिपोर्ट में पुलिस कमिश्नर, एसएसपी और एसपी स्तर पर गौतमबुद्धनगर ने सबसे अधिक संतुष्टि का फीडबैक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी स्तर पर श्रावस्ती जिले ने बाजी मारी है। गौतमबुद्धनगर को 98.72 प्रतिशत संतुष्टि का फीडबैक मिला है। इन जिलों ने शिकायतों के समयबद्ध और प्रभावी निस्तारण में बेहतर कार्य किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने शुक्रवार को आइजीआरएस की यह रिपोर्ट रखी गई। जिलाधिकारी स्तर पर श्रावस्ती 90.2 प्रतिशत, शाहजहांपुर 89.08 प्रतिशत, बलरामपुर 83.44 प्रतिशत, हमीरपुर 82.15 प्रतिशत और बरेली 80.11 प्रतिशत संतुष्टि का फीडबैक वाले जिले रहे हैं। इन जिलों में डीएम स्तर पर की गई कार्रवाई से शिकायतकर्ता सर्वाधिक संतुष्ट हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि शिकायत जिस अधिकारी से संबंधित हो, उसकी जांच उसी अधिकारी को न दी जाए। शिकायतों की जांच उच्चाधिकारियों से कराना अनिवार्य किया जाए ताकि न्याय और पारदर्शिता बनी रहे।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि शिकायत गलत ढंग से निस्तारित कर बंद कर दी गई है तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिला स्तर पर एडीएम, एएसपी, डीसीपी या अन्य वरिष्ठ अधिकारी को नामित किया जाए, जो शिकायतें स्पेशल क्लोज करने से पहले शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसे संतुष्ट करने का प्रयास करें।

# राप्ती नदी ने काटी जमीन, धारा में बह गए सारे सपने

संसू, जागरण • इकौना (श्रावस्ती) : राप्ती नदी की कटान ने इकौना क्षेत्र के सैकड़ों किसानों को भूमिहीन कर दिया है। मलौना खासियारी, कोटवा, मनकाकोट, लैबुड़वा व पुरुषोत्तमपुर गांवों के छोटे-बड़े किसानों की स्थिति केवल कटान में जमीन खोने की कहानी नहीं है, बल्कि पहचान, स्वाभिमान और जीवनयापन की बुनियाद खोने की करुण गाथा भी बन गई है।



इकौना के लैबुड़वा गांव के पास खेतों को काट रही राप्ती नदी • जागरण



कटान पीड़ितों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाती है। सरकार की विभिन्न रोजगारपरक योजनाएं भी संचालित हैं। इच्छुक किसानों को विभाग से समन्वय स्थापित कर स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। –पीयूष कुमार जायसवाल, एसडीएम इकौना।

मलौना खासियारी निवासी तीन सगे भाई सूर्यकांत, चंद्रकांत और बुद्धिसागर की 57 बीघे भूमि नदी में समाहित हो गई। चंद्रकांत बताते हैं कि गांव में रोजगार का साधन समाप्त हो जाने से घर छोड़कर रोजी की तलाश में शहरों को पलायन करना पड़ा। ओंकार पांडेय, उमानाथ व शेषराज संयुक्त रूप से 51 बीघे जमीन के मालिक हैं। जमीन नदी में समाई तो परिवार चलाने के लिए शहर जाना पड़ा। रामपदारथ के परिवार की सौ बीघे जमीन नदी में चली गई तो पुरुष सदस्यों को परिवार का पेट भरने के लिए शहर की ओर पलायन करना पड़ा। श्याम बिहारी शुक्ल की 23 बीघे संपूर्ण आराजी नदी कटान की भेंट चढ़ गई। मंशाराम व और रामबिहारी की बीस-बीस बीघे भूमि नदी में समा गई। दो-तीन वर्षों में राप्ती नदी ने न केवल इनकी जमीन छीनी, बल्कि इनके सपनों और पहचान के साथ भावी पीढ़ियों के आय का स्थायी साधन भी अपनी धारा में बहा ले गई। खेत में हल की मुठिया व ट्रैक्टर की स्टेयरिंग संभालने तथा गांव के श्रमिकों को काम देने वाले बड़े किसान नदी कटान में खेत और बाग गंवाने के बाद पेट भरने के लिए खुद राजकोट, लुधियाना, दिल्ली व मुंबई जैसे शहर में मजदूरी करने को विवश हैं। मलौना खसियारी गांव के साथ कोटवा, मनकाकोट, लैबुड़वा व पुरुषोत्तमपुर गांव का दर्द भी ऐसा ही है। किसान प्राकृतिक आपदा की मार खाकर परिवार चलाने के लिए गांव से शहरों में मजदूरी कर रहे हैं।

# घंटों इंतजार के बाद नहीं मिल रही यूरिया, किसान मायूस



यूरिया के लिए चिल्हरिया मोड़ पर एकत्र किसान।

## परेशानी

**श्रावस्ती, संवाददाता।** उर्वरक के लिए समितियों व उर्वरक दुकानों पर किसानों की लाइन कम नहीं हो रही है। जहां भी खाद वितरण की सूचना मिलती है भारी संख्या में किसान मौके पर टूट पड़ते हैं। जब उन्हें यूरिया नहीं मिलती है तो किसान मायूस होकर घर लौट जा रहे हैं। खाद के संकट को लेकर किसानों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

सिरसिया विकास क्षेत्र के चिल्हरिया मोड़ पर निजी दुकानदार के गोदाम से शुक्रवार को यूरिया का वितरण किया जाना था। जिसके लिए किसानों को तीन दिन पहले ही बताया गया था। ऐसे में भारी संख्या में किसान सुबह पांच बजे ही चिल्हरिया मोड़ पहुंच गए। लेकिन यहां यूरिया का वितरण नहीं किया गया। ऐसे में किसानों को मायूस होकर घर लौटना पड़ा।

किसान पूरा दिन यूरिया वितरण की प्रतीक्षा करते रहे लेकिन वितरण नहीं हुआ। ज्ञात हो कि बीते दिनों अधिकारियों की टीम ने छापेमारी कर गोदाम में भारी मात्रा में डम्प यूरिया व एनपीके को सील कर दिया था। किसानों की समस्या को देखते हुए गोदाम का सील तोड़ कर यूरिया का वितरण शुरू कराया गया।

# 55 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण दिया गया

**श्रावस्ती, संवाददाता।** आपदा मित्रों को अग्नि सचेतक का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। गर्मियों के समय अग्निकांड की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर अग्नि सचेतक तैयार करने के लिए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अग्निशमन विभाग एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सौजन्य से आपदा मित्रों को यह प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।



आपदा मित्रों को प्रशिक्षण देते अग्निशमन अधिकारी।

इस प्रशिक्षण में आपदा मित्रों को आग बुझाने, अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करना, अग्निकांड के समय जन समुदाय की मदद करना, फायर एक्सटिंग्यूशर का उपयोग करना आदि सिखाया जा रहा है। आपदा विशेषज्ञ अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि विभिन्न आपदाओं से बचाव के लिए 430 आपदा मित्रों को प्रशिक्षित किया गया था। इन्हें अग्नि सचेतक के रूप में भी प्रशिक्षित किया जा रहा है।

जिससे होने वाले अग्निकांड के समय स्थानीय स्तर पर एक जागरूक स्वयंसेवक तैयार किया जा सके। जो अग्निकांड के समय आम जनमानस की मदद कर सकें। लीडिंग फायरमैन अरवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि आज 55 आपदा मित्रों का प्रशिक्षण बैच प्रारंभ हुआ है।

पहले दिन आपदा मित्रों को अग्नि के प्रकार, अग्निशमन यंत्र उनका उपयोग आदि सामान्य जानकारी दी गयी है।

तैयारी | डीएम-एसपी ने मेला कमेटी व अधिकारियों के साथ की बैठक, पांडव कालीन शिव मंदिर पर लगता है मेला

# एनओसी के बाद लगेंगे झूले, मार्ग करें साफ

**श्रावस्ती, संवाददाता।** कजरी तीज मेला शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। डीएम व एसपी ने अधिकारियों व मेला प्रबंध कमेटी के सदस्यों के साथ कर तैयारियों की जानकारी ली। इसे लेकर संबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

विकास क्षेत्र सिरसिया के सोहेलवा जंगल में स्थित पांडव कालीन शिव मंदिर पर हर साल कजरी तीज पर विशाल मेले का आयोजन होता है। यहां आसपास जनपदों के साथ ही नेपाल के श्रद्धालु भगवान शिव को जलाभिषेक करते हैं। जिसके कारण मंदिर परिसर में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ एकत्र होती है। मेलार्थियों को कोई समस्या न हो और मेला शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हो इसे लेकर जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी व पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने विभूतिनाथ मन्दिर में मेला कमेटी व अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया। डीएम ने कहा कि जिला प्रशासन के अधिकारी व मेला प्रबन्ध कमेटी के सदस्य आपस में समन्वय बनाकर मेले को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराएं। मेला क्षेत्र में मन्दिर परिसर, मन्दिर आने-जाने के लिए 25 से 30 फिट का रास्ता खाली होना चाहिए। सभी मार्गों की सफाई दुरुस्त कराएं। मेलार्थियों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने को टैंकर लगाए जाय।



कजरी तीज पर विशाल मेले के आयोजन को लेकर शुक्रवार को मेला परिसर का निरीक्षण करते अधिकारी